

प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

सभी जिलों से प्राप्त खबरें

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—



प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – फ़लौदी

–:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::–

# कलक्टर ने संबल शिविर में सुनी परिवेदनाएं, किया पौधरोपण

**फलोदी @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत विश्वकर्मा नगर में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। इस दौरान कलक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए परिवेदनाएं सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। कलक्टर ने सेवाएं दे रहे विभागों के कार्मिकों से मौके पर करवाए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। राज्य सरकार की मंशा के पात्र को लाभान्वित कर राहत देने की सीख दी। कलक्टर श्वेता ने शिविर में आने वाले प्रकरणों की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। शिविर में पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के प्रकरणों एवं आपसी सहमति से बंटवारे का निस्तारण सहित विभागीय योजनाओं के प्रकरण प्राप्त हुए।



फलोदी- प्रशिक्षण शिविर में जनसुनवाई करते हुए कलक्टर। पत्रिका

**ग्रामीणों के साथ किया पौधरोपण :** जिला कलक्टर श्वेता ने ग्राम पंचायत में ग्रामीणों के साथ पौधारोपण किया और अधिकाधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी गजेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

09/07/2025 | Jodhana | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/

जोधपुर/फलोदी भास्कर 09-07-2025

# शिविर में उमड़े ग्रामीण, अधिकारियों ने किया समस्याओं का निस्तारण










भास्कर न्यूज़ | आसोप

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को आसोप क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न विभागों की ओर से आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया तथा अनेक योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को प्रदान किया गया। रजलानी में आयोजित शिविर में पंचायतीराज, राजस्व, चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, पशुपालन, वन, परिवहन सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता रही।

सरपंच पारस गुर्जर ने बताया कि शिविर में बीपीएल परिवारों का सर्वे, बैंक खाता सत्यापन, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण, राशन कार्ड में नाम सुधार, एनएफएसए योजना में नाम जुड़वाना, पालनहार योजना के आवेदन, बिजली आपूर्ति समस्याओं का समाधान, ट्रांसफॉर्मर स्थापना, ड्रॉपआउट विद्यार्थियों का नामांकन, खातेदारी भूमि का आपसी सहमति से विभाजन जैसे कार्य संपादित किए गए। इसके अलावा नए जल कनेक्शन, पट्टा वितरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा पौधों का वितरण भी किया गया। खेतों तक रास्ता खुलवाने जैसी समस्याओं पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। शिविर में नायब तहसीलदार सुरेश विश्नोई, पटवारी चेतनराम, ग्राम विकास अधिकारी मनीष बेड़ा, डॉ. सुनील कुमार, एलडीसी गंगाराम देवासी, नर्सिंग ऑफिसर राजेन्द्र चंवेल, एएनएम श्यामा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

वहीं मंगेरिया व ढंढोरा गांवों में आयोजित शिविर में तहसीलदार खरताराम चौधरी, जबकि ढंढोरा में विकास अधिकारी ओमप्रकाश जाखड़ की उपस्थिति में शिविर आयोजित हुआ। ग्राम विकास अधिकारी राजबाला लॉयन एवं महेंद्र ग्वाला ने बताया कि दोनों गांवों में आमजन की विभिन्न समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान मंगेरिया सरपंच ओमाराम राव और ढंढोरा सरपंच सुखराम मेघवाल ने पात्र लाभार्थियों को पट्टे एवं स्वामित्व कार्ड वितरित किए। शिविर में आशा सहयोगिनी गोमती कुड़िया, रामजोत, उर्मिला, कमला, सुगन, हरेंद्र प्रजापत सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान ग्राम पंचायत मंगेरिया व ढंढोरा में सरपंच ओमाराम राव व सुखराम मेघवाल के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इस मौके तहसीलदार खरताराम चौधरी, विकास अधिकारी ओमप्रकाश जाखड़, ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र ग्वाला, राजबाला चौधरी की उपस्थिति में 21 पौधे लगा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।

**बरसिंगों का बास |** ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में ग्रामीणों के राजस्व विभाग, पंचायतीराज, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के लंबे समय से पेंडिंग चल रहे कार्यों का शिविर में निस्तारण हुआ। शिविर में पहुंचे अधिकारियों ने राज्य सरकार की ओर से संचालित होने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। वहीं शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार राजबहादुर सिंह ने बताया कि शिविर में क्षेत्र के किसानों के राजस्व विभाग के चार लंबित बंटवारा किया पेमाइश, पत्थर गड्डी, बंद रास्ता एवं गांव की ओरण एवं गोचर भूमि में अवैध अतिक्रमणों की शिकायतें मिलने पर उनकी जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया गया। शिविर में विकास अधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सावताराम चौधरी, पटवारी मंजू बिश्नोई, सुमेराराम, राजू सिंह भाटी सहित ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचायत परिसर में पौधरोपण किया गया।

**जाखण |** विश्वकर्मा नगर में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर का कलेक्टर श्वेता चौहान ने निरीक्षण किया साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं की प्रभावशीलता की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचे। शिविर के दौरान पौधरोपण कार्यक्रम भी हुआ। इस दौरान बापिणी मंडल अध्यक्ष रेवतसिंह सियाग, छेलूसिंह सहित अनेक ग्रामीण, जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

**देचू |** उपखंड मुख्यालय पर बुधवार को शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रशासक भवानीसिंह राठौड़ ने बताया कि शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करेंगे।

**ओसियां |** ओसियां पंचायत समिति मुख्यालय पर गुरुवार को अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम जवाहराराम चौधरी ने यह जानकारी दी।

# अंत्योदय संबल शिविर में जिला कलक्टर ने आमजन की सुनी परिवेदनाएं और किया पौधारोपण



**फलौदी (हुक्मनामा समाचार)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत विश्वकर्मा नगर में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं जांची। इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए परिवेदनाएं सुनी तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में पहुंचने के बाद जिला कलक्टर ने सेवाएं दे रहे विभिन्न विभागों के कार्मिकों से मौके पर करवाये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शिविर के माध्यम से प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करते हुए राहत दी जाए। जिला कलक्टर ने शिविर में आने वाले प्रकरणों की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शिविर में पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के प्रकरणों एवं आपसी सहमति से बंटवारे का निस्तारण सहित विभागीय योजनाओं के प्रकरण प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि शिविरों का उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं व सेवाओं का सीधे, सरल और त्वरित लाभ प्रदान करना है। इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत में ग्रामीणों के साथ पौधारोपण करते हुए अधिकाधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी गजेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पत्रिका

# बरसिगों का बास शिविर में हुआ लम्बित मामलों का निस्तारण

**देणोक @ पत्रिका.** ग्राम पंचायत बरसिंगों का बास गांव में मंगलवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में क्षेत्र के ग्रामीणों के राजस्व विभाग, पंचायतीराज, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के लम्बे समय से पेडिंग चल रहे कार्यो का शिविर में निस्तारण हुआ। शिविर में पहुंचे अधिकारियों ने राज्य सरकार की ओर से संचालित होने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

वहीं शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार राजबहादुर सिंह ने बताया कि शिविर में क्षेत्र के किसानों के राजस्व विभाग के चार लंबित बंटवारा किया पेमाइश, पत्थर गड्डी,बन्द रास्ता एवं गांव की ओरण एवं गोचर भूमि में अवैध अतिक्रमणों की शिकायतें मिलने पर उनकी जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया गया। शिविर प्रभारी राजबहादुर सिंह, बीडीओ धीरेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सांवताराम चौधरी, वीडीओ नृसिंह प्रजापत, पटवारी मंजू बिश्नोई, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमेर सैंवर, राजू सिंह भाटी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।निस.



देणोक. बरसिगों का बास शिविर में मौजूद ग्रामीण।

09/07/2025 | Jodhana | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/

# जिला कलक्टर ने अंत्योदय संबल शिविर का किया निरीक्षण, ग्रामीणों से सुनी समस्याएं

दैनिक पर्यटन बाजार



**फलौदी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत विश्वकर्मा नगर में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की और मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों से जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी परिवेदनाएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को शिविरों के माध्यम से त्वरित राहत एवं योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए।

शिविर में पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों से जुड़े विवादों, आपसी सहमति से बंटवारे तथा विभागीय योजनाओं से जुड़े विभिन्न प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलक्टर ने इन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सरल, सहज और सीधा लाभ देना है।

शिविर के दौरान जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण भी किया और अधिकाधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और पौधारोपण इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी गजेंद्र शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

# शिविर में जिला कलक्टर ने आमजन की सुनी परिवेदनाएं, ग्रामीणों के साथ किया पौधारोपण

**कार्यालय संवाददाता**

**फलौदी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत विश्वकर्मा नगर में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं जांची।

इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए परिवेदनाएं सुनी तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

शिविर में पहुंचने के बाद जिला कलक्टर ने सेवाएं दे रहे विभिन्न विभागों के कार्मिकों से मौके पर करवाये जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शिविर के माध्यम से प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करते हुए राहत दी जाए। जिला कलक्टर ने शिविर में आने वाले प्रकरणों की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शिविर में पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, नामांतरण, रास्तों के प्रकरणों एवं आपसी सहमति से बंटवारे का निस्तारण सहित विभागीय योजनाओं के प्रकरण प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि शिविरों का उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं व सेवाओं का सीधे, सरल और त्वरित लाभ प्रदान करना है।

इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत में ग्रामीणों के साथ पौधारोपण करते हुए अधिकाधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी गजेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।



प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

# जिला – करौली

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

दैनिक भास्कर करौली 09-07-2025



**अंत्योदय संबल पखवाड़ा** • शिविर में अधिकारी और कर्मचारी आमजन की समस्या सुलझा रहे हैं

# पुरानी टंकी गिराने की मांग, 18 मामलों का निपटारा




हिन्डौनसिटी। झारेड़ा मे संबल पखवाड़ा शिविर में मौजूद अधिकारी।




टोडाभीम। शिविर में मृदा कार्ड प्रदान करते कृषि विभाग के अधिकारी।

**हिंडौन ग्रामीण।** ग्राम पंचायत झारेड़ा के आईटी केंद्र पर मंगलवार को अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर हुआ। अध्यक्षता बीडीओ लखन सिंह कुंतल ने की। शिविर में 14 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कुल 18 फरियादियों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, नामांतरण, रास्ता विवाद, सहमति बंटवारा जैसे मामलों का निस्तारण किया। बिजली निगम को चार परिवारों ने बिल संशोधन के आवेदन दिए। जल जीवन मिशन, स्कूलों में प्रवेशोत्सव, आयुष्मान कार्ड वितरण, पशुओं के टीकाकरण और आवासीय पट्टों से जुड़ी समस्याएं भी सुलझाई गईं।

शिक्षा विभाग के पीओ संतोषी लाल ने नए बच्चों के प्रवेश के लिए लोगों को प्रेरित किया। ग्राम पंचायत द्वारा सफाई कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। झारेड़ा फाटक से बाईपास तक क्षतिग्रस्त रास्ते की मरम्मत की मांग भी रखी गई।

गांव की 30 साल पुरानी जर्जर उच्च जलाशय की टंकी को गिराने का प्रार्थना पत्र दिया गया। हादसे की आशंका जताई गई। राजस्व विभाग ने पांच जाति प्रमाण पत्र जारी कर मूल निवासी प्रमाणित किए। राशन कार्डों का शुद्धिकरण किया गया। वन विभाग को अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन मिले। पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो खातेदारों का बीमा किया गया।

शिविर का निरीक्षण जिला परिवहन अधिकारी धारा सिंह ने किया। शिविर में सहायक विकास अधिकारी बीना सोनी, झारेड़ा अस्पताल के डॉ. नितिन गुप्ता, सरपंच भूरबाई, वीडीओ बलवीर सोलंकी सहित सभी 14 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## 14 विभागों ने सुनी समस्याएं, दो गर्भवती की गोद भराई की

**हिंडौन ग्रामीण।** राज्य सरकार के निर्देश पर मंगलवार को ग्राम पंचायत फुलवाड़ा के आईटी केंद्र में अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगाया गया। अध्यक्षता तहसीलदार सीमा बघेल ने की। शिविर में 14 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। फरियादियों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। शिविर में अधिकतर मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसीलदार बघेल ने शिविर में मौजूद दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिंकी, अलका, आरती, ज्योति और काजल मौजूद रहीं। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन को चालू कराने की मांग करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। शिविर में सरपंच गौरव सोलंकी, वीडीओ कुलदीप डागुर, हरीओम सहित 14 विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिविर में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

भास्कर न्यूज | टोडाभीम

ग्राम पंचायत भजेड़ा के आईटी केंद्र पर मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर हुआ। अध्यक्षता सरपंच हरि पटेल ने की। तहसीलदार सीमा गुर्जर ने ग्रामीणों और फरियादियों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

शिविर में मौजूद लोगों को योजनाओं से जुड़ने की प्रक्रिया, पात्रता, जरूरी दस्तावेज और आवेदन की जानकारी दी गई। माचड़ी शिविर में स्वास्थ्य, राजस्व, सामाजिक न्याय, कृषि, बिजली और पंचायतीराज विभागों की टीमें मौजूद रहीं। इन टीमों ने मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समाधान किया। कई ग्रामीणों ने वहीं पर योजनाओं के लिए आवेदन भी किए। विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याएं जानीं और समाधान दिए। शिविर के जरिए ग्रामीणों में योजनाओं को लेकर जागरूकता बढ़ी। लोगों ने उत्साह से भाग लिया।

## जिले में आज कई इलाकों में लगेंगे शिविर

**करौली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बुधवार को ब्लॉक करौली में अतेवा, राजोर व खोहरी, ब्लॉक मासलपुर में खेड़िया, उपखंड टोडाभीम में कुढावल, देवलेन, जगदीशपुरा व महमदपुर उपखंड हिंडौन में खरेटा व कोटवास, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी में चांदनगांव, उपखंड नादौती में बरदाला व सलावद, उपखंड मंडरायल में राहिर, गढ़ी का गांव व बहादरपुर के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। नोडल अधिकारी एडीएम हेमराज परिडवाल ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को शिविरों में समय व आवश्यक तैयारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए।

दैनिक भास्कर

# करौली 09-07-2025

## राजीव गांधी सेवा केंद्रों पर लगे शिविर, ग्रामीणों को मिला लाभ

करौली। जिले के विभिन्न उपखंडों में मंगलवार को राजीव गांधी सेवा केंद्रों पर शिविर लगाए गए। ब्लॉक करौली में कैलादेवी और लौहरा, ब्लॉक मासलपुर में सीलौती, उपखंड टोडाभीम में भनकपुरा, भजेड़ा और धवान, उपखंड हिण्डौन में झारेड़ा, सिकरोदा मीना और फुलवाड़ा, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी में श्रीमहावीरजी और अकबरपुर, उपखंड नादौती में नादौती, कैमा और कैमरी, उपखंड मंडरायल में नानपुर, महाराजपुरा और मांगेपुरा में शिविर लगे। एडीएम हेमराज परिड़वाल ने बताया कि इन शिविरों के जरिए अधिक से अधिक लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अधिकारियों ने शिविरों का निरीक्षण किया। लाभार्थियों को पोषण किट, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान कार्ड और यूडीआईडी कार्ड वितरित किए।

MY CITY
माय सिटी | 14 | राजस्थान पत्रिका
करौली, बुधवार, 09 जुलाई, 2025

[ कैलादेवी, गुढ़ाचंद्रजी ]

कलक्टर ने शिविर का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

# हर पात्र व्यक्ति को दें योजनाओं का लाभ, समस्याओं का करें समाधान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**श्रीमहावीरजी.** शिविर में समस्याओं से अवगत कराते लोग।

**श्रीमहावीरजी.** ग्राम पंचायत अकबरपुर और नौरंगाबाद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत चल आयोजित शिविरों का मंगलवार को जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने औचक निरीक्षण कर अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं लोगों की समस्याएं भी सुनी। लोगों ने उनको विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। बिजली, पानी, सड़क आदि से संबंधित मामलों से अवगत कराया। कलक्टर ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के निर्देश अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। जिला कलक्टर ने शिविर में मौजूद विभिन्न विभागों के काउंटरों का अवलोकन किया और पेंशन सत्यापन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर मे आने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। उन्होंने विशेष रूप से पेंशन सत्यापन प्रक्रिया को त्वरित और पारदर्शी करने पर जोर दिया। इस अवसर पर कलक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंत्योदय संबल पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर में विकास अधिकारी ज्ञान सिंह, तहसीलदार हरसहाय मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने शिविर में खाद्य सुरक्षा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आवासीय पट्टों का वितरण और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्यों को गति प्रदान करने का आश्वासन दिया। जिला कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे शिविरों में पूरी तैयारी के साथ पहुंचे और ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में प्रदान करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिविरों में तकनीकी सुविधाओं जैसे ई-केवाईसी और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया जाए, ताकि लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। यह शिविर राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले भर में आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और पात्र व्यक्तियों को तत्काल लाभ प्रदान करना है। श्रीमहावीरजी और अकबरपुर में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किए। जिला प्रशासन ने इस पखवाड़े के दौरान अन्य ग्राम पंचायतों में भी इसी तरह के शिविर आयोजित करने की योजना बनाई है, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। इस मौके पर सरपंच सरोज देवी, सरपंच अनीता , सरपंच प्रतिनिधि यादराम सिंह, महेंद्र सिंह ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार, आनंद कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

09/07/2025 | Karoli | Page : 14
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक नवज्योति
matsyanchal - 09 Jul 2025 - Page 10

बाद भी निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# कलक्टर ने किया अकबपुर, श्री महावीरजी और कैमरी में आयोजित शिविर का निरीक्षण

**करौली।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने मंगलवार को ग्राम पंचायत अकबरपुर, श्री महावीरजी एवं कैमरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने पेंशन सत्यापन शत प्रतिशत करवाने, यूडीआईडी जारी करने राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने शिविर के दौरान कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए गए मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं चिकित्सा विभाग द्वारा उपलब्ध करावाई गई पोषण किट का भी लाभार्थियों को वितरण किया गया। जिला कलक्टर ने शिविर में आये परिवादीयों के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। शिविर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक विभाग के काउण्टर पर जाकर दी जा रही सेवाओं की संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी ली। उन्होंने वहां उपस्थित लोगो से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारीए कर्मचारी व ग्रामीणों से वर्षा के मौसम को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील भी की जिससे राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड मां के नाम महाभियान को सफल बनाया जा सके। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जल संसाधन के अधिशाषी अभियंता सुशील गुप्ता, तहसीलदार हरसहाय मीणा, विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिला कलक्टर ने शिविर में आये परिवादीयों के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। शिविर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक विभाग के काउण्टर पर जाकर दी जा रही सेवाओं की संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी ली। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीणों से वर्षा के मौसम को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।

दैनिक नवज्योति
matsyanchal - 09 Jul 2025 - Page 8

# पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, करौली।** नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिड़वाल ने बताया कि ब्लॉक करौली में कैलादेवी व लौहराए ब्लॉक मासलपुर में सीलौतीए उपखंड टोडाभीम में भनकपुराए भजेड़ा व धवानए उपखंड हिण्डौन में झारेडाए सिकरोदा मीना व फुलवाडा, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी में श्रीमहावीरजी और अकबरपुर, उपखंड नादौती में नादौती, कैमा और कैमरी, उपखंड मण्डरायल में नानपुर, महाराजपुरा और मांगेपुरा के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कर राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा कैम्पों का निरीक्षण कर प्राप्त लाभार्थियों को पोषण किट, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान कार्ड, यूडीआईडी कार्ड सहित राजस्व, समाज कल्याण, पीएचईडी, चिकित्सा, जल संसाधन, श्रम विभागए महिला अधिकारिता सहित अन्य विभागों द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा रहा है।

# जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत अकबरपुर, श्री महावीरजी एवं कैमरी में किया औचक निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

## शिविर के दौरान शत प्रतिशत पेंशन सत्यापन एवं यूडीआईडी कार्ड जारी करने के निर्देश

■ निर्भीक राजस्थान

करौली, 08 जुलाई। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने मंगलवार को ग्राम पंचायत अकबरपुर, श्री महावीरजी, कैमरी एवं कैमा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने पेंशन सत्यापन शत प्रतिशत करवाने, यूडीआईडी जारी करने राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने शिविर के दौरान कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध करवाये गये मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं चिकित्सा विभाग द्वारा उपलब्ध करवायी गई पोषण किट का भी लाभार्थियों को वितरण किया एवं राजीव गांधी सेवा केन्द्रों में साफ-सफाई रखने के भी निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने शिविर में आये परिवादियों के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। शिविर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक विभाग के काउंटर पर जाकर दी जा रही सेवाओं की संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी ली। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीणों से वर्षा के मौसम को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील भी की जिससे राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड माँ के नाम महाभियान को सफल बनाया जा सके। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जल संसाधन के अधिशाषी अभियंता सुशील गुप्ता, तहसीलदार हरसहाय मीणा, विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




# सेन्ट्रल टीम ने किया पीएचसी विजयपुरा का एनक्वास असेसमेंट

करौली, 08 जुलाई। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुरा का सेन्ट्रल टीम की ओर से दो दिवसीय एनक्वास असेसमेंट किया गया। यदि टीम के निर्धारित मापदण्डों के अनुसार सब कुछ ठीक रहा तो स्वास्थ्य केन्द्र के लिए आगामी तीन वर्ष तक 2-2 लाख रुपए की राशि मिलेगी। असेसमेंट के दौरान टीम ने चिकित्सा संस्थान पर रोगियों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सेवाओं सहित रिकॉर्ड संधारण आदि का अवलोकन किया। सीएमएचओ डॉ जयंतीलाल मीणा ने बताया कि केंद्रीय टीम द्वारा पीएचसी विजयपुरा का एनक्वास असेसमेंट किया गया है, टीम द्वारा प्रदान सेवाओं की गुणवत्ता के जांची और प्रदान सेवाओं के रिकॉर्ड संधारण से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि एनक्वास में प्रमाणन होने पर संस्था को आगामी 3 वर्ष तक 2-2 लाख की राशि मिलेगी, जिससे चिकित्सा सेवाओं में विस्तार के साथ चिकित्सा सेवाओं में गुणवत्ता आएगी। उन्होंने बताया कि असेसमेंट तैयारियों में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा मीणा, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. मनीष मीना, डीपीओ आशुतोष पांडे जिला क्वालिटी टीम सदस्य सोमप्रकाश और धर्मजीत सहित बीसीएमओ डॉ प्रवीण एवं बीपीओ प्रभाकर जिंदल का विशेष योगदान रहा।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# 09 जुलाई को इन ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

■ **निर्भीक राजस्थान**



करौली, 08 जुलाई। नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि बुधवार को ब्लॉक करौली में अतेवा, राजोर व खोहरी, ब्लॉक मासलपुर में खेडिया, उपखंड टोडाभीम में कुढावल, देवलेन, जगदीशपुरा व महमदपुर उपखंड हिण्डौन में खरेटा व कोटवास, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी में चांदनगांव, उपखंड नादौती में बरदाला व सलावद, उपखंड मण्डरायल में राहिर, गढी का गांव व बहादरपुर के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को शिविरों में समय से एवं आवश्यक तैयारी के साथ उपस्थित होने के लिए दिशा प्रदान किये जा चुके है। जिनके अनुसार आपसी समन्वय से सभी विभाग कार्य कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि शिविरों के निरीक्षण के लिए नियुक्त अधिकारी शिविरों का नियमित रूप से निरीक्षण कर रहे है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# शिविरों में आमजन को राज्य सरकार की योजनाओं से किया जा रहा है लाभान्वित

■ निर्भीक राजस्थान




करौली, 08 जुलाई। नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि आज ब्लॉक करौली में कैलादेवी व लौहरा, ब्लॉक मासलपुर में सीलौती, उपखंड टोडाभीम में भनकपुरा, भजेडा व धवान, उपखंड हिण्डौन में झारेडा, सिकरौदा मीना व फुलवाडा, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी में श्रीमहावीरजी व अकबरपुर, उपखंड नादौती में नादौती, कैमा व कैमरी, उपखंड मण्डरायल में नानपुर, महाराजपुरा व माँगेपुरा के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कर राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा कैम्पों का निरीक्षण कर प्राप्त लाभार्थियों को पोषण किट, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान कार्ड, यूडीआईडी कार्ड सहित राजस्व, समाज कल्याण, पीएचईडी, चिकित्सा, जल संसाधन, श्रम विभाग, महिला अधिकारिता सहित अन्य विभागों द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा रहा है।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – जालोर

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान 19 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर

## केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हुए लाभांवित

**भौंपू की आवाज**

**जालोर** । राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान मंगलवार को 19 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इन ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर, योजनाओं से ग्रामीणों को किया गया लाभांवित पखवाड़े के दौरान मंगलवार को जालोर उपखण्ड की डांगरा, आंवलोज व नरसाणा, आहोर उपखण्ड की देवकी, देबावास व नोसरा, बागोड़ा उपखण्ड की कूका व सेवड़ी, जसवंतपुरा उपखण्ड की गजापुरा व सोमता, रानीवाड़ा उपखण्ड की सेवाड़ा व मोखातरा,



चितलवाना उपखण्ड की हाडेचा, साउ एवं डउकियों की ढाणी व खिरोड़ी तथा सांचौर उपखण्ड की गुन्दाउ, दांतिया, भड़वल व किलवा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

**बुधवार को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 9 जुलाई, बुधवार को जालोर उपखण्ड की बाकरा, बैरठ व बालवाड़ा, आहोर उपखण्ड की नोरवा व भाद्राजून, बागोड़ा उपखण्ड की कालेटी, जसवंतपुरा उपखण्ड की थूर व सेरणा, रानीवाड़ा उपखण्ड की धानोल, जाखड़ी व रतनपुर, चितलवाना उपखण्ड की चितलवाना व होतीगांव तथा सांचौर उपखण्ड की पहाड़पुरा, कोड़ व अचलपुर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

पत्रिका

का सम्मान समारोह आयोजित होगा। प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

# शिविरों में 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को किया लाभान्वित

**जालोर @ पत्रिका.** पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान मंगलवार को 19 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

मंगलवार को जालोर उपखण्ड की डांगरा, आंवलोज व नरसाणा, आहोर उपखण्ड की देवकी, देबावास व नोसरा, बागोड़ा उपखण्ड की कूका व सेवड़ी, जसवंतपुरा उपखण्ड की गजापुरा व सोमता, रानीवाड़ा उपखण्ड की सेवाड़ा व मोखातरा, चितलवाना उपखण्ड की हाडेचा, साउ एवं डउकियों की ढाणी व खिरोड़ी तथा सांचौर उपखण्ड की गुन्दाउ, दांतिया, भड़वल व किलवा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया।

शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। शिविर में ग्रामीण पहुंचे।

पंचम  पुण्यतिथि

09/07/2025 | Jalore | Page : 12
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा



हाड़ेचा. स्थानीय पंचायत में आयोजित शिविर में मौजूद अधिकारी व लोग।

हाड़ेचा @पत्रिका. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पंखवाड़ा के तहत मंगलवार को हाड़ेचा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर प्रशासन की ओर से जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई और कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में राजस्व, जलदाय, विद्युत, चिकित्सा, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, कृषि, पशुपालन, पंचायत राज, रोजगार, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए। ग्रामीणों ने बिजली के बिल संशोधन, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विकलांग सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार अपडेशन जैसी अनेक समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी। शिविर में आई अधिकतर शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों को नियमानुसार संबंधित विभाग को अग्रेषित कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। उपखंड अधिकारी देशलाराम ने बताया कि अंत्योदय पंखवाड़ा का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस दौरान तहसीलदार चमन लाल सियोल, नायब तहसीलदार व शिविर सहायक वेरसीराम समेत अन्य ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया।

09/07/2025 | Jalore | Page : 12
Source : https://epaper.patrika.com/

# उन्नीस ग्राम पंचायतों में शिविर, समस्याओं का निदान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान मंगलवार को 19 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांन्वित किया गया। पखवाड़े के दौरान मंगलवार को जालोर उपखण्ड की डांगरा, आंवलोज व नरसाणा, आहोर उपखण्ड की देवकी, देबावास व नोसरा, बागोड़ा उपखण्ड की कूका व सेवड़ी, जसवंतपुरा उपखण्ड की गजापुरा व सोमता, रानीवाड़ा उपखण्ड की सेवाड़ा व मोखातरा, चितलवाना उपखण्ड की हाडेचा, साउ एवं डउकियों की ढाणी व खिरोड़ी तथा सांचौर उपखण्ड की गुन्दाउ, दांतिया, भड़वल व किलवा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया।



## आज होंगे शिविर आयोजित

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 9 जुलाई को जालोर उपखण्ड की बाकरा, बैरठ व बालवाड़ा, आहोर उपखण्ड की नोरवा व भाद्राजून, बागोड़ा उपखण्ड की कालेटी, जसवंतपुरा उपखण्ड की थूर व सेरणा, रानीवाड़ा उपखण्ड की धानोल, जाखड़ी व रतनपुर, चितलवाना उपखण्ड की चितलवाना व होतीगांव तथा सांचौर उपखण्ड की पहाड़पुरा, कोड़ व अचलपुर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## यह समस्याएं आई सामने

शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अति मण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान 19 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर

## केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हुए लाभांवित

रानीवाड़ा से प्रवीण राठौड़ की रिपोर्ट।

जालोर । राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान मंगलवार को 19 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इन ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर, योजनाओं से ग्रामीणों को किया गया लाभांवित पखवाड़े के दौरान मंगलवार को जालोर उपखण्ड की डांगरा, आंवलोज व नरसाणा, आहोर उपखण्ड की देवकी, देबावास व नोसरा, बागोड़ा उपखण्ड की कूका व सेवड़ी, जसवंतपुरा उपखण्ड की गजापुरा व सोमता, रानीवाड़ा उपखण्ड की सेवाड़ा व मोखातरा, चितलवाना उपखण्ड की हाडेचा, साठ एवं डउकियों की ढाणी व खिरोड़ी तथा सांचौर उपखण्ड की गुन्दाउ, दांतिया, भड़वल व



किलवा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वहीं रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

बुधवार को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 9 जुलाई, बुधवार को जालोर उपखण्ड की बाकरा, बैरठ व बालवाड़ा, आहोर उपखण्ड की मोरवा व भाद्राजून, बागोड़ा उपखण्ड की कालेटी, जसवंतपुरा उपखण्ड की थूर व सेरणा, रानीवाड़ा उपखण्ड की धानोल, जाखड़ी व रतनपुर, चितलवाना उपखण्ड की चितलवाना व होतीगांव तथा सांचौर उपखण्ड की पहाड़पुरा, कोड़ व अचलपुर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – बांसवाड़ा

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

# अंत्योदय संबल शिविर रोहनवाड़ा आमजन के लिए लाया खुशियों का पैगाम

न्यूज सर्विस/नवज्योति, डूंगरपुर

जिले में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर सरकार की मंशा अनुरूप वंचितों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित कर रहे हैं। मंगलवार को डूंगरपुर पंचायत समिति के रोहनवाड़ा में आयोजित शिविर कांता, मुखली, तुलसी और चंदा के लिए खुशियों का पैगाम लेकर आया। जब योजनाओं से वंचित वृद्धों और विधवा महिला को पेंशन योजना से जोड़कर आवेदन करवाया गया तो वाकई में यह शिविर उनके लिए खुशियों का पैगाम लेकर आया। शिविर प्रभारी ने बताया कि, रोहनवाड़ा निवासी चंदा जोहियाला, वागदरी निवासी मुखली देवी कलासुआ, रोहनवाड़ा के दूलम निवासी कांता तथा तुलसी पोपटा को गांव में शिविर लगने की जानकारी ग्राम अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से घर-घर प्रचार प्रसार के दौरान मिली तो वह भी शिविर में किसी लाभ की उम्मीद से पहुंची। शिविर में प्रभारी मोहन मीणा एवं तहसीलदार जियाउर्रहमान ने पात्रता एवं दस्तावेजों के आधार पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की योजनाओं में लाभान्वित करने के निर्देशों पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहायक निदेशक रिंकी मीणा ने उनके दस्तावेजों का निरीक्षण किया तथा नियमानुसार एवं पात्रता के आधार पर तत्काल ही कार्यवाही करते हुए तुलसी पोपटा को मुख्यमंत्री एकल नारी योजना तथा कांता देवी, मुखली देवी कलासुआ तथा चंदा जोहियाला को मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना में आवेदन करवाया। साथ ही उन्होंने बताया कि, आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा दो से तीन दिन में नियमानुसार स्वीकृति जारी होने पर पेंशन का लाभ मिल सकेगा। लाभार्थी महिलाओं ने बताया कि, उन्हें योजना में किस प्रकार आवेदन करना होता है इसकी कोई जानकारी नहीं थी। गांव में शिविर लगने से मौके पर ही अधिकारी और कर्मचारियों ने सारी प्रक्रिया हाथों-हाथ पूरी करवा दी जिससे अब उन्हें योजना का लाभ मिल सकेगा। इन्हें मौजूद ग्राम पंचायत रोहनवाड़ा के सरपंच रेखा देवी अहारी, समाजसेवी रमेश पोपटा, उमेश भगात, समाजसेवी बंसीलाल अहारी व वार्ड मेम्बर हरीश, तहसीलदार डूंगरपुर जियाउर्रहमान, शिविर प्रभारी मोहन मीणा, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक रिंकी मीणा ने मौके पर आवेदन की रिसिप्ट प्रदान की। लाभार्थी महिलाओं ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांव में ही शिविर लगने से लोगों को कहीं भाग दौड़ नहीं करनी पड़ती है तथा आसानी से कार्य हो जाते हैं। उन्होंने प्रशासन और सरकार को धन्यवाद दिया एवं सीमा ज्ञान के सात प्रकरण, रास्ते के चार प्रकरण, बंटवारे के दो प्रकरण तथा म्यूटेशन के नौ प्रकरण का भी निस्तारण कर राहत दी गई है।



बांसवाड़ा। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण करते कलक्टर डॉ. यादव। - पिंटू दोसाल



डूंगरपुर। अंत्योदय संबल शिविर रोहनवाड़ा में आमजन राहत प्रदान करते अधिकारी। - मयंक चौबीसा

बांसवाड़ा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत गांगड़तलाई पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पारकली में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर स्थल पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कलक्टर ने अधिकारियों को शिविर में अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान होना चाहिए। निरीक्षण के पश्चात कलक्टर ने पारकली एवं गांगड़तलाई परिसर में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने आमजन से भी अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश बघेल, विकास अधिकारी भरत सांई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बड़ा गड्ढा और बाड़ से अवरुद्ध पुरानी सड़क पर हाथों-हाथ हुई कार्रवाई

सीमलवाड़ा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के तहत लगभग एक सौ परिवार को राहत मिली है। ग्राम पंचायत ढोल कुंजेला में मेन रोड से उपलीढरी पुरानी सड़क पर बाड़ एवं बड़ा गड्ढा कर अतिक्रमण करने से प्रतिदिन आवाजाही करने में परेशानी आ रही थी। तहसीलदार निलेश पंचोली ने गंभीर मामले पर आमजन के हित में और तत्काल ही राजस्व टीम और ग्राम पंचायत कोरम के साथ मौके का निरीक्षण किया। लगभग 100 घरों की बस्ती के आवाजाही को लेकर मार्ग अवरुद्ध होने पर ग्राम पंचायत के सहयोग से जेसीबी से गड्ढे का भराव करा कर और बाड़ को हटवा कर अवरुद्ध सड़क को आवाजाही के लिए सुचारू करवाया। इस पर ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार जताया। दूसरी ओर ग्राम पंचायत झलाप में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार राजेश मीणा, सहायक विकास अधिकारी सुखदेव रोत, ग्राम पंचायत झलाप सरपंच जवाहलाल रोत, जिला परिषद सदस्य पन्नालाल यादव, उप सरपंच गोपाल पाटी, ग्राम विकास अधिकारी ईश्वरलाल कलाल, कनिष्ठ सहायक प्रकाश बंजारा, वार्ड पंच हरीश पाटीदार, महेश डामोर, नारायण डामोर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मुकेश पाटी, गोवर्धन पाटीदार, दिनेश पाटीदार, उमेद पाटीदार सहित मौजूद रहे। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं शिविर के दौरान पौधारोपण भी किया गया।



सीमलवाड़ा। ढोल कुंजेला में अवरुद्ध सड़क का मौका निरीक्षण करते तहसीलदार पंचोली।



सीमलवाड़ा। शिविर में सड़क अवरुद्ध की शिकायत करते ग्रामीण।

# अंत्योदय संबल शिविर में बांटी कीटनाशक, आरोग्य कार्ड बनाए

सज्जनगढ़ | ग्राम पंचायत डूंगरा छोटा, डूंगरा बड़ा और सातसेरा खुर्द में



पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर हुआ। शिविर में राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, बिजली सहित कई विभागों ने सेवाएं दीं। राजस्व विभाग ने वर्षों से लंबित नामांतरण, सीमांकन, रास्ते के विवाद और दो पीढ़ी पुराने विभाजन जैसे मामलों का त्वरित निस्तारण किया। कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया। शिविर में मक्का की फसल में लगने वाले कीटों से बचाव के लिए कीटनाशक दवाएं वितरित कीं, आरोग्य कार्ड बनाए और पात्र लाभार्थियों को वितरित किए। साथ ही सामान्य स्वास्थ्य जांच भी की गई। बिजली निगम ने क्षेत्र में तारों की मरम्मत की और खंभों को सुधारे। इसके अलावा ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, जनधन खाते, पेंशन योजना, बीमा कवर, डिजिटल भुगतान और सावधि योजनाओं के बारे में बताया गया। शिविर में तहसीलदार हरीश सोनी, नायब तहसीलदार धुलजी दायमा, नायब तहसीलदार मानसी, विकास अधिकारी जगन प्रसाद ओझा, राजस्व निरीक्षक जगदीश नाई, महेश और दूत सिंह सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

डूंगरा छोटा, डूंगरा बड़ा और सातसेरा खुर्द में अंत्योदय संबल शिविर

# ग्रामीणों को मिला त्वरित समाधान

**सज्जनगढ़ @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर अभियान के तहत उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत डूंगरा छोटा, डूंगरा बड़ा और सातसेरा खुर्द में मंगलवार को संयुक्त रूप से शिविर लगे।

राजस्व विभाग ने वर्षों से लंबित नामांतरण, सीमांकन, रास्ता विवाद और दो पीढ़ी पुराने विभाजन जैसे प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया। ग्रामीणों ने राहत मिलने पर प्रशासन का आभार जताया। कृषि विभाग ने मक्का फसल में कीट नियंत्रण के लिए कीटनाशक दवाएं वितरित कीं और वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती का मार्गदर्शन दिया। स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत आरोग्य कार्ड बनाए और सामान्य स्वास्थ्य जांच की। क्षेत्र में जर्जर तारों की मरम्मत, खंभों के सुधार और बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया गया। ग्रामीणों को जनधन खाते, पेंशन, बीमा और डिजिटल भुगतान योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र लोगों के मौके पर आवेदन लिए गए। शिविर में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


सज्जनगढ़. शिविर में उपस्थित ग्रामीण एवं अधिकारी।

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

### सफलता की कहानी

## गौतम डिण्डोर को पिता का मृत्यु प्रमाण-पत्र हुआ जारी



बांसवाड़ा। श्री गौतमलाल डिण्डोर पुत्र स्व. श्री लेमजी डिण्डोर निवासी लाइयाआम्बा पं लिमथान तहसील बांसवाड़ा के निवासी है एवं कृषक है कुछ समय पूर्व इनके पिताश्री का देहान्त हो गया है एवं इन्हें इनके मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी।

श्री गौतमलाल को सूचना मिली कि मंगलवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत कैम्प आयोजित किया जा रहा है। कैम्प का लाभ लेते हुए प्रार्थी ने तुरन्त आवेदन किया एवं ग्राम पंचायत द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करते हुए कैम्प में उन्हें मृत्यु प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया।

इसके लिए प्रार्थी माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल जी शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मालिया डिंडोर के लिए शिविर बना वरदान



बांसवाड़ा। पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अन्तर्गत मंगलवार को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत ईसरवाला में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम टटिया के निवासी श्री मालिया डिंडोर शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि इनके पुत्र के मृत्यु होने से इन्हे उसका मृत्यु प्रमाण की आवश्यकता है। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा तुरन्त संबंधित विभाग के कार्मिकों को निर्देश देकर हाथो हाथ दस्तावेज तैयार कराकर ई-मित्र से मृत्यु प्रमाण बनवाने हेतु ऑनलाईन करा ग्राम विकास अधिकारी से ओटीपी दिलवाकर मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी कर राहत प्रदान की गई।

श्री मालिया डिंडोर द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया।

# जिला कलक्टर ने किया ग्राम पंचायत चरकनी में शिविर का निरीक्षण

बांसवाड़ा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को गांगड़तलाई पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चरकनी में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर स्थल पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाएं। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान होना चाहिए।

निरीक्षण के पश्चात जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत चरकनी एवं पंचायत समिति गांगड़तलाई परिसर में 'हरियाली राजस्थान' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने आमजन से भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश बसेर, विकास अधिकारी भरत नाई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।







## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

# स्वामित्व योजनान्तर्गत वरदान बना मियासा अन्त्योदय सम्बल शिविर



**बांसवाड़ा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत मंगलवार को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत मियासा में आयोजित शिविर आमजन के लिये वरदान साबित हुआ। शिविर में विगत कई वर्षो से आवासीय पट्टों के लिये चक्कर काट रहे प्रार्थीयों द्वारा उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर विकास अधिकारी घाटोल को इस समस्या से अवगत कराया गया। जिस पर विकास अधिकारी द्वारा राजस्व विभाग एवं ग्राम पंचायत के कार्मिकों को निर्देश देकर तत्काल लाभार्थियों से दस्तावेज लेकर इनकी फाईल तैयार करा कुल 14 लाभार्थीयों पोंनी देवी/धुलजी, छगनलाल/धुलजी, रमणलाल/धुलजी, सुखराम/धूलजी, केशवलाल / धुलजी, सवरी देवी/फुलजी, समसी देवी/रूपा, दिनेशचन्द्र / नारायण, ऊंकार/नगजी, नारायण/जीवा, हकरू/जीवा, पेमजी / खानीया, रकमा / देवजी एवं लक्ष्मण/कचरू को राज्य सरकार की महत्वपूर्ण स्वामित्व योजनान्तर्गत हाथो हाथ पट्टा तैयार कर वितरीत कर राहत प्रदान की गई।

सभी 14 लाभार्थियों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, उपखण्ड प्रशासन, तहसीलदार, विकास अधिकारी, अति॰ प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्राम पंचायत का दिल से आभार व्यक्त किया। जिन्होंने इनकी परेशानी को देखते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल पखवाडे में लाभ दिलाया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया एवं अन्य योजनाओं में आमजन को लाभान्वित कर राहत प्रदान की गई।

# बदिया का जन्म प्रमाण-पत्र जारी होने से खिला चेहरा



**बांसवाड़ा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत सोमवार को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत बिजोर में शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत बिजोर के निवासी बदीया/रामा कटारा द्वारा शिविर मे उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि उनकी भतीजी सुश्री काली कटारा जिसके माता-पिता दोनो की मृत्यु होने से अनाथ होने पर उनके द्वारा गोद लिया गया है। सुश्री काली का नाम उसके माता-पिता के जनाधार में जुडे होने से जन्म प्रमाण-पत्र गत 5 साल से नही बन रहा था जिससे काफी समस्या आ रही थी। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा ई-मित्र से आवेदन कराकर ग्राम विकास अधिकारी से ओटीपी दिलवाकर तुरन्त सुश्री काली कटारा के नाम से जन्म प्रमाण-पत्र जारी किया गया।

सुश्री काली एवं श्री बदीया द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, जिला प्रशासन उपखण्ड अधिकारी विकास अधिकारी, अतिरिक्त विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत का दिल से आभार व्यक्त किया। जिन्होंने मेरी परेशानी को देखते हुए पं दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल पखवाडे मे लाभदिलाया।

# दादाजी का मृत्यु प्रमाण-पत्र पाकर रागिनी हुई खुश

**बांसवाड़ा।** प. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत मोरडी निचली में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम मोरडी निचली के निवासी सुश्री रागिनी नाई शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियो को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि इनके दादाजी पन्नालाल नाई /ऊंकार के मृत्यु होने से इन्हें उनके मृत्यु प्रमाण की आवश्यकता है। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा तुरन्त संबधित विभाग के कार्मिकों को निर्देश देकर हाथो हाथ दस्तावेज तैयार कराकर ई-मित्र से मृत्यु प्रमाण बनवाने हेतु ऑनलाईन करा ग्राम विकास अधिकारी से ओटीपी दिलवाकर मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी कर राहत प्रदान की गई।



सुश्री रागिनी द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी, सहायक अभियंता एवं ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया।

## माता-पिता का मृत्यु प्रमाण-पत्र मिलने से राजेश और हरीशचंद्र को मिली राहत

**बांसवाड़ा।** प. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाड़ा के अन्तर्गत पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत पडोली राठोड में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे ग्राम पंचायत पडोली राठोड के ग्राम पडोली राठोड निवासी श्री राजेश डोडीयार एवं श्री हरिशचन्द्र डोडीयार द्वारा शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि इनके माता एवं पता दोनो की मृत्यु वर्ष 2024 को हो चुकी है। आज दिनांक तक मृत्यु प्रमाण जारी नही होने से इन्हें राजकीय कार्यो मे काफी समस्याओं का



सामना करना पड रहा है। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा तुरन्त संबधित विभाग के कार्मिकों को निर्देश देकर हाथो हाथ दस्तावेज तैयार कराकर ई-मित्र से मृत्यु प्रमाण बनवाने हेतु ऑनलाईन करा ग्राम विकास अधिकारी से ओटीपी दिलवाकर मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाकर इंतकाली खोलने हेतु पटवारी को पाबन्द कराकर राहत प्रदान की गई। श्री राजेश एवं हरिशचन्द्रा द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, उपखण्ड प्रशासन, तहसीलदार विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया।



प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – सवाई माधोपुर

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

पत्रिका

## अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर में पहुंचे जिला प्रभारी सचिव

# अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे स्वच्छ जलः देबाशीष

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सवाईमाधोपुर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत पचीपल्या स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर आयोजित शिविर का जिला प्रभारी एवं प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा लाभार्थियों को मौके पर ही आवश्यक दस्तावेज, आयुष्मान कार्ड, आवासीय पट्टे वितरित किए। उन्होंने उपस्थित आमजन से संवाद कर शिविरों से अधिकाधिक लाभ उठाने व अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

डॉ. पृष्टी ने अधिकारियों को यूडीआईडी कार्ड के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण एवं दिव्यांगजनों की पेंशन सत्यापन के लिए ई-मित्र से ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश ग्राम विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने ग्राम में जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी ली और अंतिम छोर तक स्वच्छ जल पहुंचाने पर जोर दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग से पोषाहार वितरण एवं जिले में अति कुपोषित बच्चों की जानकारी लेकर विशेष निगरानी की बात कहीं। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को अमरूदों में फैल रहे नीमाटोड रोग पर विस्तृत रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए।

### लाभार्थियों को मौके पर ही मिले दस्तावेज

प्रमुख शासन सचिव ने श्रम विभाग को 90 दिन से अधिक कार्य करने वाले श्रमिकों का समन्वित पंजीयन करने के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को बालिका छात्रावासों में समय-समय पर महिला चिकित्सकों से स्वास्थ्य जांच कराने एवं पेंशन सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। इस अवसर पर राजस्व विभाग से सहमति से विभाजन के 5, सीमाज्ञान के 2, नामांतकरण के 36 एवं रास्तों के 2 प्रकरणों का निस्तारण किया। वहीं एनएफएसए में शामिल नवीन पात्र परिवारों की आधार के 48, एनएफएसए ई केवाईसी के 96 प्रकरण का निस्तारण किया। टीबी रोगियों की पहचान के लिए 35 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की। वहीं 4 निक्षय पोषण किट वितरित किए। साथ ही कृषि विभाग से 52 मृदा नमूनों का संग्रहण कर 62 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए।


सवाईमाधोपुर. शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते प्रमुख शासन सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टी।

### पुस्तकें बांटी, किया पौधारोपण

उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पचीपल्या की छात्रा कोमल गुर्जर, राजकुमार बैरवा, कविता गुर्जर एवं छात्र शाहबाज खान को पुस्तकें भी वितरित की। ग्राम पंचायत पचीपल्या स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र परिसर में पौधारोपण किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, एसडीएम अनूप सिंह, विकास अधिकारी जगदीश मीणा, तहसीलदार नीरू सिंह, सरपंच अंजू नारायणीया आदि मौजूद थे।

09/07/2025 | Sawaimadhopur | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/

## प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टी ने पचीपल्या शिविर का किया निरीक्षण

# 'आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान पर दें जोर'

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार चल रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत पचीपल्या स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर का जिला प्रभारी एवं प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टी ने आकस्मिक निरीक्षण किया।

प्रमुख शासन सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा लाभार्थियों को मौके पर ही आवश्यक दस्तावेज, आयुष्मान कार्ड, आवासीय पट्टे आदि वितरित किए। उन्होंने उपस्थित आमजन से संवाद कर शिविरों से अधिकाधिक लाभ उठाने व अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

डॉ. पृष्टी ने अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से यूडीआईडी कार्ड के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण एवं दिव्यांगजनों की पेंशन सत्यापन के लिए ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश ग्राम विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने ग्राम में जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी ली और अंतिम छोर तक स्वच्छ जल पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग से पोषाहार वितरण एवं जिले में अति कुपोषित बच्चों की जानकारी लेकर विशेष निगरानी की बात कहीं। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को अमरूदों में फैल रहे नीमाटोड रोग पर रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए।



### लाभार्थियों को मौके पर ही मिले दस्तावेज, पोषण किट और योजनाओं का लाभ

इस दौरान प्रमुख शासन सचिव ने श्रम विभाग को 90 दिन से अधिक कार्य करने वाले श्रमिकों का समन्वित पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को बालिका छात्रावासों में समय-समय पर महिला चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच करने एवं पेंशन सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। राजस्व विभाग द्वारा आपसी सहमति से हुए पांच तकासमों (खाता विभाजन) की जानकारी ली गई। रामसहाय व पूड़्या के तकासमे ऑनलाइन कर 24 घंटे में तरमीम के निर्देश दिए गए। पखवाड़े में राजस्व विभाग द्वारा सहमति से विभाजन के 5, सीमाज्ञान के 2, नामांतकरण के 36 एवं रास्तों के 2 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वहीं एनएफएसए में शामिल नवीन पात्र परिवारों के आधार के 48, एनएफएसए ई-केवाईसी के 96 प्रकरण का निस्तारण किया गया एवं टीबी रोगियों की पहचान के लिए 35 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। वहीं 4 निक्षय पोषण किट भी वितरित किए गए। साथ ही कृषि विभाग द्वारा 52 मृदा नमूनों का संग्रहण कर 62 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित करए गए।

### राशन कार्डों की प्रगति और स्वास्थ्य पर विशेष निगरानी

प्रमुख शासन सचिव ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से एनएफएसए व अंत्योदय कार्डधारकों को मिलने वाले लाभ की जानकारी ली। 45 लंबित प्रकरणों में से शेष 32 के सत्यापन को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ओपीडी/आईपीडी में रोगी के नाम के साथ पता दर्ज कर मौसमी बीमारियों की निगरानी एवं जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन की बात कहीं। इस दौरान उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पचीपल्या की छात्रा कोमल गुर्जर, राजकुमार बैरवा, कविता गुर्जर एवं छात्र शाहबाज खान को पुस्तकें भी वितरित की।

### तत्काल पेंशन सत्यापन से वृद्धा जाफरान के चेहरे पर मुस्कान खिली



सवाई माधोपुर। पचीपल्या निवासी 61 वर्षीय जाफरान का ई-मित्र पर अंगूठा और फेस वेरिफिकेशन के माध्यम से वार्षिक सत्यापन नहीं हो पा रहा था, जिसके कारण उन्हें पेंशन मिलना बंद हो गई थी। आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान जाफरान के चेहरे पर मंगलवार को मुस्कान खिली, जब शिविर में उनकी पेंशन का ऑनलाइन सत्यापन किया गया। इस दौरान जिला प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टि भी मौजूद रहे, जिन्होंने वृद्ध महिला को मौके पर ही पेंशन सत्यापन पत्र भेंट किया।

### शिविर में समस्याओं का मौके पर हुआ निस्तारण

**बौंली।** मित्रपुरा तहसील की समीपवर्ती ग्राम पंचायत मोरण मुख्यालय पर स्थित अटल सेवा केंद्र पर पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन किया गया। तहसीलदार बसंत कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों के कार्मिकों ने उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया। ग्राम बोरखेड़ा के निवासियों ने गोचर भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया। शिविर में सुरेन्द्र शर्मा का खातेदारी जमीन में नाम शुद्धीकरण का आवेदन आया। इस दौरान प्रशासक संतरा देवी, ग्राम विकास अधिकारी गिर्राज प्रसाद बैरवा, एलडीसी शंकरलाल मीना सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कार्मिक व जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर सवाई माधोपुर 09-07-2025

## अंत्योदय संबल शिविर में प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष की उपस्थिति में मिला लाभ

# तत्काल पेंशन सत्यापन से वृद्धा के चेहरे पर मुस्कान

कासं|सवाईमाधोपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पचीपल्या में आयोजित शिविर जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है। पचीपल्या निवासी 61 वर्षीय जाफरान का ई-मित्र पर अंगूठा और फेस वेरिफिकेशन के माध्यम से वार्षिक सत्यापन नहीं हो पा रहा था, जिसके कारण उन्हें पेंशन मिलना बंद हो गई थी। इस कारण आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान रहने लगी जाफरान के चेहरे पर मंगलवार को मुस्कान खिली, जब शिविर में उनकी पेंशन का ऑनलाइन सत्यापन किया गया। इस दौरान जिला प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टि मौजूद थे। डॉ. पृष्टि ने वृद्ध महिला को मौके पर ही पेंशन सत्यापन पत्र भेंट किया।



सवाईमाधोपुर|शिविर में महिला जाफरान को पेंशन सत्यापन पत्र देते प्रभारी सचिव ।

उल्लेखनीय है कि वृद्धा जाफरान पेंशन सत्यापन के लिए कई बार ई-मित्र के चक्कर लगा चुकी थी।

जब उन्हें पता लगा की पंचायत समिति पचीपल्या में अंत्योदय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, तो वह शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंची। शिविर का अवलोकन कर रहे जिला प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टी ने महिला जाफरान से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली और तत्काल शिविर प्रभारी एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की टीम को वृद्धा की समस्या का हल निकालने के निर्देश दिए।

इस पर शिविर में संचालित ई-मित्र पर वृद्ध महिला का राजएसएसपी पोर्टल पर ई-मित्र के माध्यम से अंगूठा और फेस वेरिफिकेशन दोनों से सत्यापन का प्रयास किया, लेकिन तकनीकी कारणों से सत्यापन संभव नहीं हो सका। ऐसे में शिविर प्रभारी और विकास अधिकारी पंचायत समिति की समन्वित पहल पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कराया गया। यह समाधान त्वरित, संवेदनशील और जनकल्याणकारी प्रशासनिक कार्यशैली का प्रतीक बना।

सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होते ही जाफरान के चेहरे पर संतोष और राहत की मुस्कान देखने लायक थी। उन्होंने शिविर प्रभारी श्रीदास मीना (सामाजिक न्याय विभाग), आवना शर्मा, कनिष्ठ लेखाकार तनुश्री चावा और मुख्यमंत्री का हृदय से आभार जताया।

# तत्काल पेंशन सत्यापन से वृद्धा जाफरान के चेहरे पर मुस्कान खिली



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, सवाईमाधोपुर।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पचीपल्या में आयोजित शिविर जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है। पचीपल्या निवासी 61 वर्षीय जाफरान का ई-मित्र पर अंगूठा और फेस वेरिफिकेशन के माध्यम से वार्षिक सत्यापन नहीं हो पा रहा था, जिसके कारण उन्हें पेंशन मिलना बंद हो गई थी। इस कारण आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान रहने लगी जाफरान के चेहरे पर मंगलवार को मुस्कान खिली, जब शिविर में उनकी पेंशन का ऑनलाइन सत्यापन किया गया।

इस दौरान जिला प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टी मौजूद थे। डॉ. पृष्टी ने वृद्ध महिला को मौके पर ही पेंशन सत्यापन पत्र भेंट किया। गौरतलब है कि वृद्धा जाफरान पेंशन सत्यापन के लिए कई बार ई मित्र के चक्कर लगा चुकी थी। जब उन्हें पता लगा की पंचायत समिति पचीपल्या में अन्त्योदय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, तो वह मंगलवार को अपनी समस्या लेकर शिविर पहुंची।

शिविर का अवलोकन कर रहे जिला प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टी ने प्रार्थिया जाफरान से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली और तत्काल शिविर प्रभारी एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की टीम को वृद्धा की समस्या का हल निकालने के निर्देश दिए।

इस पर शिविर में संचालित ई-मित्र पर प्रार्थिया वृद्ध महिला जाफारान का राजएसएसपी पोर्टल पर ई-मित्र के माध्यम से अंगूठा और फेस वेरिफिकेशन दोनों से सत्यापन का प्रयास किया गया। परंतु तकनीकी कारणों से सत्यापन संभव नहीं हो सका। ऐसे में, शिविर प्रभारी और विकास अधिकारी पंचायत समिति की समन्वित पहल पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कराया गया। यह समाधान त्वरित, संवेदनशील और जनकल्याणकारी प्रशासनिक कार्यशैली का प्रतीक बना। सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होते ही जाफरान के चेहरे पर संतोष और राहत की मुस्कान देखने लायक थी। उन्होंने शिविर प्रभारी श्रीदास मीना (सामाजिक न्याय विभाग), आवना शर्मा, कनिष्ठ लेखाकार तनुश्री चावा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हृदय से आभार प्रकट किया। यह उदाहरण दर्शाता है कि राज्य सरकार की सेवा ही संकल्प भावना किस प्रकार धरातल पर आमजन की समस्याओं का समाधान कर रही है।

यह शिविर केवल योजनाओं का मंच नहीं, बल्कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की संवेदना पहुंचाने का जीवंत प्रमाण बन चुका है।

# तत्काल पेंशन सत्यापन से वृद्धा जाफरान के चेहरे पर मुस्कान खिली

## अंत्योदय संबल शिविर में प्रभारी सचिव की उपस्थिति में मिला लाभ




पहाड़ों की नगरी

**सवाई माधोपुर 8 जुलाई।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पचीपल्या में आयोजित शिविर जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है पचीपल्या निवासी 61 वर्षीय जाफरान का ई-मित्र पर अंगूठा और फेस वेरिफिकेशन के माध्यम से वार्षिक सत्यापन नहीं हो पा रहा था, जिसके कारण उन्हें पेंशन मिलना बंद हो गई थी। इस कारण आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान रहने लगी जाफरान के चेहरे पर मंगलवार को मुस्कान खिली, जब शिविर में उनकी पेंशन का ऑनलाइन सत्यापन किया गया। इस दौरान जिला प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टि मौजूद थे। डॉ. पृष्टि ने वृद्ध महिला को मौके पर ही पेंशन सत्यापन पत्र भेंट किया। गौरतलब है कि वृद्धा जाफरान पेंशन सत्यापन के लिए कई बार ई मित्र के चक्कर लगा चुकी थी। जब उन्हें पता लगा की पंचायत समिति पचीपल्या में अन्त्योदय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, तो वह मंगलवार को अपनी समस्या लेकर शिविर पहुंची। शिविर का अवलोकन कर रहे जिला प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टी ने प्रार्थिया जाफरान से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली और तत्काल शिविर प्रभारी एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की टीम को वृद्धा की समस्या का हल निकालने के निर्देश दिए। इस पर शिविर में संचालित ई-मित्र पर प्रार्थिया वृद्ध महिला जाफारान का राजएसएसपी पोर्टल पर ई-मित्र के माध्यम से अंगूठा और फेस वेरिफिकेशन दोनों से सत्यापन का प्रयास किया गया। परंतु तकनीकी कारणों से सत्यापन संभव नहीं हो सका। ऐसे में, शिविर प्रभारी और विकास अधिकारी पंचायत समिति की समन्वित पहल पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कराया गया। यह समाधान त्वरित, संवेदनशील और जन कल्याणकारी प्रशासनिक कार्यशैली का प्रतीक बना।

सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होते ही जाफरान के चेहरे पर संतोष और राहत की मुस्कान देखने लायक थी। उन्होंने शिविर प्रभारी श्रीदास मीना (सामाजिक न्याय विभाग), आवना शर्मा, कनिष्ठ लेखाकार तनुश्री चावा और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का हृदय से आभार प्रकट किया।

यह उदाहरण दर्शाता है कि राज्य सरकार की सेवा ही संकल्प भावना किस प्रकार धरातल पर आमजन की समस्याओं का समाधान कर रही है। यह शिविर केवल योजनाओं का मंच नहीं, बल्कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की संवेदना पहुंचाने का जीवंत प्रमाण बन चुका है।

# प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टी ने पचीपल्या शिविर का किया निरीक्षण, त्वरित समाधान व पारदर्शिता पर दिया जोर






सवाई माधोपुर,8 जुलाई (का.स.) प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत पचीपल्या स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर का जिला प्रभारी एवं प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टी ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख शासन सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा लाभार्थियों को मौके पर ही आवश्यक दस्तावेज, आयुष्मान कार्ड, आवासीय पट्टे आदि वितरित किए। उन्होंने उपस्थित आमजन से संवाद कर शिविरों से अधिकाधिक लाभ उठाने व अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

डॉ. पृष्टी ने अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से यूडीआईडी कार्ड के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण एवं दिव्यांगजनों की पेंशन सत्यापन हेतु ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश ग्राम विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने ग्राम में जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी ली और अंतिम छोर तक स्वच्छ जल पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग से पोषाहार वितरण एवं जिले में अति कुपोषित बच्चों की जानकारी लेकर विशेष निगरानी की बात कहीं। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को अमरूदों में फैल रहे नीमाटोड रोग पर विस्तृत रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए।

**लाभार्थियों को मौके पर ही मिले दस्तावेज, पोषण किट और योजनाओं का लाभ**– इस दौरान प्रमुख शासन सचिव ने श्रम विभाग को 90 दिन से अधिक कार्य करने वाले श्रमिकों का समन्वित पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को बालिका छात्रावासों में समय-समय पर महिला चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच कराने एवं पेंशन सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। राजस्व विभाग द्वारा आपसी सहमति से हुए पांच तकासमों (खाता विभाजन) की जानकारी ली गई, जिनमें रामसहाय व घूडया के तकासमे ऑनलाईन कर 24 घंटे में तरमीम के निर्देश दिए गए। पखवाडे में राजस्व विभाग द्वारा सहमति से विभाजन के 5, सीमाज्ञान के 2, नामांतकरण के 36 एवं रास्तों के 2 प्रकरणों को निस्तारण किया गया। वहीं एनएफएसए में शामिल नवीन पात्र परिवारों की आधार के 48, एनएफएसए ई केवाईसी के 96 प्रकरण का निस्तारण किया गया एवं टीबी रोगियों की पहचान हेतु 35 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। वहीं 4 निक्षय पोषण किट भी वितरित किए गए। साथ ही कृषि विभाग द्वारा 52 मृदा नमूनों का संग्रहण कर 62 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित कए गए।

**राशन कार्डों की प्रगति और स्वास्थ्य पर विशेष निगरानी**– प्रमुख शासन सचिव ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से एनएफएसए व अंत्योदय कार्डधारकों को मिलने वाले लाभ की जानकारी ली। 45 लंबित प्रकरणों में से शेष 32 के सत्यापन को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ओपीडी/आईपीडी में रोगी के नाम के साथ पता दर्ज कर मौसमी बीमारियों की निगरानी एवं जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन की बात कहीं। निरीक्षण के दौरान प्रमुख शासन सचिव डॉ. पृष्टी ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने शिविरों को शासन की मंशा के अनुरूप सुचारू, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख बनाने की बात कहीं। इस दौरान उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पचीपल्या की छात्रा कोमल गुर्जर, राजकुमार बैरवा, कविता गुर्जर एवं छात्र शाहबाज खान को पुस्तकें भी वितरित की। इस दौरान प्रमुख शासन सचिव ने ग्राम पंचायत पचीपल्या स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, एसडीएम अनूस सिंह, विकास अधिकारी जगदीश मीणा, तहसीलदार नीरू सिंह, सरपंच अंजु नारायणीया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# तत्काल पेंशन सत्यापन से वृद्धा जाफरान के चेहरे पर मुस्कान खिली

**अंत्योदय संबल शिविर में प्रभारी सचिव की उपस्थिति में मिला लाभ**



सवाई माधोपुर,8 जुलाई (का.स.) पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पचीपल्या में आयोजित शिविर जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है। पचीपल्या निवासी 61 वर्षीय जाफरान का ई-मित्र पर अंगूठा और फेस वेरिफिकेशन के माध्यम से वार्षिक सत्यापन नहीं हो पा रहा था, जिसके कारण उन्हें पेंशन मिलना बंद हो गई थी। इस कारण आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान रहने लगी जाफरान के चेहरे पर मंगलवार को मुस्कान खिली, जब शिविर में उनकी पेंशन का ऑनलाइन सत्यापन किया गया। इस दौरान जिला प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टि मौजूद थे। डॉ. पृष्टि ने वृद्ध महिला को मौके पर ही पेंशन सत्यापन पत्र भेंट किया। गौरतलब है कि वृद्धा जाफरान पेंशन सत्यापन के लिए कई बार ई मित्र के चक्कर लगा चुकी थी। जब उन्हें पता लगा की पंचायत समिति पचीपल्या में अन्त्योदय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, तो वह मंगलवार को अपनी समस्या लेकर शिविर पहुंची।

शिविर का अवलोकन कर रहे जिला प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टी ने प्रार्थिया जाफरान से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली और तत्काल शिविर प्रभारी एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की टीम को वृद्धा की समस्या का हल निकालने के निर्देश दिए। इस पर शिविर में संचालित ई-मित्र पर प्रार्थिया वृद्ध महिला जाफारान का राजएसएसपी पोर्टल पर ई-मित्र के माध्यम से अंगूठा और फेस वेरिफिकेशन दोनों से सत्यापन का प्रयास किया गया। परंतु तकनीकी कारणों से सत्यापन संभव नहीं हो सका। ऐसे में, शिविर प्रभारी और विकास अधिकारी पंचायत समिति की समन्वित पहल पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कराया गया। यह समाधान त्वरित, संवेदनशील और जनकल्याणकारी प्रशासनिक कार्यशैली का प्रतीक बना। सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होते ही जाफरान के चेहरे पर संतोष और राहत की मुस्कान देखने लायक थी। उन्होंने शिविर प्रभारी श्रीदास मीना (सामाजिक न्याय विभाग), आवना शर्मा, कनिष्ठ लेखाकार तनुश्री चावा और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का हृदय से आभार प्रकट किया। यह उदाहरण दर्शाता है कि राज्य सरकार की 卐सेवा ही संकल्प卐 भावना किस प्रकार धरातल पर आमजन की समस्याओं का समाधान कर रही है। यह शिविर केवल योजनाओं का मंच नहीं, बल्कि अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति तक शासन की संवेदना पहुंचाने का जीवंत प्रमाण बन चुका है।



# प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टी ने पचीपल्या शिविर का किया निरीक्षण

**प्रात:काल**

## त्वरित समाधान व पारदर्शिता पर दिया जोर

**सवाई माधोपुर ( प्रा.सं. )**। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत पचीपल्या स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर का जिला प्रभारी एवं प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टी ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख शासन सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा लाभार्थियों को मौके पर ही आवश्यक दस्तावेज, आयुष्मान कार्ड, आवासीय पट्टे आदि वितरित किए। उन्होंने उपस्थित आमजन से संवाद कर शिविरों से अधिकाधिक लाभ उठाने व अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। डॉ. पृष्टी ने अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से यूडीआईडी कार्ड के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण एवं दिव्यांगजनों की पेंशन सत्यापन हेतु ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश ग्राम विकास अधिकारी को दिए।

दैनिक भास्कर सवाई माधोपुर 09-07-2025

### अल्लापुर कैंप में ग्रामीणों ने सुखवास विद्यालय की ओर जाने वाले रास्ते का उठाया था मुद्दा

# अतिक्रमी 7 दिन में अतिक्रमण हटा लें नहीं तो प्रशासन हटाएगा: तहसीलदार

भास्कर न्यूज | बहरावंडा खुर्द

बहरावंडा खुर्द कस्बे की अटल सेवा केंद्र व ग्राम पंचायत अल्लापुर की अटल सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व विभाग, प्रशासनिक विभाग,पेंशन विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस प्रशासन, खाद्य सुरक्षा विभाग, पशुपालन विभाग कृषि विभाग आदि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए पहुंचे। ग्राम पंचायत अल्लापुर के आयोजित कैम्प में सुखवास गांव में विद्यालय की तरफ जाने वाले आम रास्ते का मुद्दा तुल पकड़ता नजर आया ग्रामीणों के द्वारा 10 मिनट तक कैंप में हंगामा कर दिया।

सुखवास गांव के ग्रामीणों ने सुखवास गांव में राजकीय विद्यालय की तरफ जाने वाले आम रास्ते पर पिछले 10 सालों से रास्ते पर हो रहे कीचड़ ओर अतिक्रमण को हटाने को लेकर तहसीलदार पुष्कर सिंह ओर बीडीओ राजाराम मीना तथा एसडीएम सीमा खेतान को ज्ञापन सौंपा। जिस पर तुरंत एक्शन लेते हुए सभी अधिकारी तुरंत ही मौके पर पहुंचे तथा तथा रास्ते का जायजा लिया। तहसीलदार पुष्कर सिंह ने बताया कि इस रास्ते के दोनों तरफ दीवार बना कर कुछ अतिक्रमियों ने अतिक्रमण कर रखा है।तथा नालियों को अवरुद्ध करके पानी को अवरुद्ध कर रखा है। जिससे रास्ते पर कीचड़ हो रहा है।



बहरावंडा खुर्द। अल्लापुर कैंप में समस्याओं को सुनते अधिकारी।

इस कीचड़ भरे रास्ते से छोटे छोटे बालक, स्टाफ और ग्रामीण निकलते हैं। पटवारी के द्वारा इस रास्ते की नाप तोल कर अतिक्रमियों को 7 दिन का नोटिस दिया जाएगा। 7 दिन में इस रास्ते पर से अतिक्रमी स्वयं अतिक्रमण हटा लें अन्यथा फिर प्रशासन का पीला पंजा चलेगा और रास्ता सही करवाया जाएगा वहीं ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि इस रास्ते पर नाममात्र की नालियां बनाई गई।ग्रामीणों के द्वारा कैंप में भूमि नामांतरण, पेयजल सप्लाई आपूर्ति, नल फिटिंग करने, वाटर लाइन डलवाने, अतिक्रमण हटाने, रास्ता बनवाने, आदि समस्याओं के परिवाद ग्रामीणों के द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

खंडार उपजिला कलेक्टर व तहसीलदार के द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाया ओर जल्द ही ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। दूसरी तरफ ग्रामीणों के द्वारा अल्लापुर गांव में पानी की सप्लाई सुचारू रूप से चालू नहीं होने व पाइप लाइन बिछवाने नल फिटिंग कराने की समस्या से अवगत कराया जिस पर एईएन व जेईएन के द्वारा शीघ्र समाधान होने का आश्वासन दिया।

## सुखवास गांव के पट्टे बनाने का नहीं हुआ समाधान

शिविर में ग्रामीणों के द्वारा प्रशासन को सुखवास गांव की भूमि को छाण रकबे से हटाकर अल्लापुर की आबाद भूमि में जोड़ने और ग्रामीणों के पट्टे बनाने का परिवाद सौंपा था। किंतु समाधान नहीं हुआ ग्रामीण प्रेमचंद महावर, शेरसिंह लुहार, आदि ने बताया कि 1996 से सुखवास व अल्लापुर गांव के पट्टे जारी नहीं हो रहे हैं। प्रशासन आता है और इतिश्री कर जाता है। पट्टे जारी करने की इस समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं करवा पा रहा है।

इस दौरान सीएमएचओ कुलदीप मीना सीएचसी प्रभारी बाबू लाल मीना पीएचसी प्रभारी रोहित मीना उपस्वास्थ्य केंद्र अधिकारी मनीष बैरवा शिक्षा विभाग के प्रधानाचार्य विनोद कुमार मीना, अल्लापुर ग्राम पंचायत सरपंच पति बृजेश बैरवा, बहरावंडा खुर्द सरपंच कस्तूरी महावर, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी रामबाबू जाट, छाण भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र मित्तल, छाण चौकी प्रभारी दौलतसिंह सिंह, कृषि पर्यवेक्षक मोना साहू, बनवारी जाट मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
सवाई माधोपुर 09-07-2025

# बाढ़कलां, फुलवाड़ा व भिनौरा और मीना कोलेता ग्राम पंचायतों में शिविर आज

गंगापुर सिटी। राज्य सरकार के निर्देश पर जिले की सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक शिविर लगाए जाएंगे। ये शिविर सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक चलेंगे। शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत होंगे।अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा ने बताया कि 9 जुलाई को बामनवास की मीना कोलेता, गंगापुर सिटी की बाढ़कलां, बरनाला की फुलवाड़ा, भिनौरा में शिविर होंगे।शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, पेयजल, जल संसाधन, कृषि, उद्यान, वन, खाद्य, चिकित्सा, स्वास्थ्य, पशुपालन, जनजाति क्षेत्रीय विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वायत्त शासन, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की गतिविधियां संचालित होंगी।

दैनिक भास्कर सवाई माधोपुर 09-07-2025

# शिविर में कई प्रकरणों का निस्तारण किया

**बोरदा।** मित्रपुरा तहसील क्षेत्र के मोरन ग्राम पंचायत पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर के तहत मंगलवार को मोरन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार बसंत कुमार शर्मा के अनुसार शिविर में राजस्व विभाग में सीमाज्ञान के 5 प्रकरण आए। जिसमें से मौके पर 4 का निस्तारण किया गया। इसके अलावा नामांतरण के 18 प्रकरण आए। जिनको मौके पर निस्तारित किया गया। और रास्ता खोलो अभियान के अंतर्गत रास्तों के 5 प्रकरण आए। जिसमें पांचों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अलावा सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग में पेंशन सत्यापन के लिए 91 पेंशनर्स का लक्ष्य था। जिसमें 37 का सत्यापन किया। ग्रामीण विकास में चयनित बीपीएल परिवार में द्वितीय चरण में 15 का सत्यापन किया गया। पंचायतीराज विभाग में पखवाड़ा अवधि के तहत नरेगा कार्य की एफएफसी 3 और कार्य हुआ। इसके अलावा पखवाड़ा अवधि में 160 पौधरोपण किए गए। वन विभाग में 2200 पौधों का लक्ष्य रखा गया।

पत्रिका

# अन्त्योदय शिविर में समस्याओं का हुआ निस्तारण




मित्रपुरा. शिविर में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते लोग।

**मित्रपुरा.** तहसील की समीपवर्ती ग्राम पंचायत मोरण मुख्यालय पर स्थित अटल सेवा केंद्र पर मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन किया गया।

तहसीलदार बसंत कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों के कार्मिकों ने उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया। शिविर में शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, राजस्व, पंचायत राज सहित विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। शिविर में मौके पर ही निस्तारित प्रकरणों का संबंधित विभागों ने प्रमाण पत्र जारी कर वितरण किया। ग्राम बोरखेड़ा के निवासियों ने गोचर भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया। जल्दी से जल्दी गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने की तहसीलदार से मांग की। मोरण शिविर में सुरेन्द्र शर्मा का खातेदारी जमीन में नाम शुद्धीकरण का आवेदन आया। इस दौरान तहसीलदार बसंत कुमार शर्मा, प्रशासक संतरा देवी, ग्राम विकास अधिकारी गिर्राज प्रसाद बैरवा, एलडीसी शंकरलाल मीना आदि मौजूद थे।

09/07/2025 | Sawaimadhopur | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/

# प्रभारी सचिव ने शिविर का किया निरीक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाईमाधोपुर** । सवाई माधोपुर जिला प्रभारी सचिव एवं प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टी आज सवाई माधोपुर के दौरे पर रहे ,जहाँ उन्होंने पचीपल्या स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।

निरीक्षण के दौरान जिला प्रभारी सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा लाभार्थियों को मौके पर ही आवश्यक दस्तावेज, आयुष्मान कार्ड, आवासीय पट्टे आदि वितरित किए। उन्होंने शिविर में मौजूद लोगो से संवाद कर शिविरों से अधिकाधिक लाभ उठाने व अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस दौरान प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित राहत देने के निर्देश दिए। विशेष रूप से यूडीआईडी कार्ड के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण एवं दिव्यांगजनों की पेंशन सत्यापन हेतु ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश ग्राम विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने गांव में जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी ली और अंतिम छोर तक स्वच्छ जल पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग से पोषाहार वितरण एवं जिले में अति कुपोषित बच्चों की जानकारी लेकर विशेष निगरानी की बात कहीं। इस दौरान प्रभारी सचिव ने श्रम विभाग को 90 दिन से अधिक कार्य करने वाले श्रमिकों का समन्वित पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को बालिका छात्रावासों में समय-समय पर महिला चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच कराने एवं पेंशन सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। प्रभारी सचिव ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से एनएफएसए व अंत्योदय कार्डधारकों को मिलने वाले लाभ की जानकारी ली, 45 लंबित प्रकरणों में से शेष 32 के सत्यापन को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ओपीडी/आईपीडी में रोगी के नाम के साथ पता दर्ज कर मौसमी बीमारियों की निगरानी एवं जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन की बात कहीं ।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी सचिव ने ग्राम पंचायत पचीपल्या स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, एसडीएम अनूस सिंह, विकास अधिकारी जगदीश मीणा, तहसीलदार नीरू सिंह, सरपंच अंजु नारायणीया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन मौजूद रहे ।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा आज, इन पंचायतों में लगेंगे शिविर

सवाई माधोपुर,8 जुलाई (का.स.) राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय पर भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में 24 जून से 9 जुलाई, 2025 तक प्रात: 9:30 बजे से सांय 5:30 बजे तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत 9 जुलाई को पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत श्यामपुरा, कुण्डेरा एवं शेरपुर में, बामनवास की मीना कोलेता में, गंगापुर सिटी की बाढकलां में, मलारना डूंगर की मलारना डूंगर में, खण्डार की छाण में, बरनाला की फुलवाडा एवं भिनौरा में, मित्रपुरा की गोतोड एवं पीपलदा में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

शिविरों में विशेष रूप से राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा विभाग, पेयजल, जल संसाधन, कृषि एवं उद्यान, वन, खाद्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, जनजाति क्षेत्रीय विकास, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, स्वायत्त शासन (शहरी क्षेत्रों में), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां व कार्य सम्पादित किए जाएंगे।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – चूरू

–:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::–

जिला चूरू दिनांक 09.07.2025

दैनिक भास्कर 09.07.2025

सीएम भजनलाल ने चूरू के जोड़ी गांव में अंत्योदय पखवाड़ा के तहत हुई सभा में बताई सरकार की उपलब्धियां, कांग्रेस पर निशाने साधे

# 22.88 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास; सीएम बोले-कांग्रेस ने 5 साल में जितना काम नहीं किया, उससे ज्यादा डेढ़ साल में कर दिया

भास्कर संवाददाता | चूरू

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने पांच साल में जितने विकास के काम नहीं किए, उससे कहीं ज्यादा हमने डेढ़ साल में कर दिए हैं। सीएम मंगलवार को जोड़ी गांव में पं. दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़े के तहत हुई जनसभा में बोल रहे थे। इस दौरान 22.88 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस यमुना के पानी को लेकर जनता को गुमराह करती रही, भाजपा सरकार ने चूरू सहित शेखावाटी क्षेत्र में यमुना का पानी लाने लिए जल समझौता कर लिया है। सिंधु नदी का पानी लाने लिए भी प्रयास जारी है। राजस्थान के जिलों को बीपीएल मुक्त बनाने के लिए 300 करोड़ रुपए से अधिक के बजट का प्रावधान भी किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कहते हैं भाजपा ने कुछ नहीं किया, मुख्यमंत्री ने कुछ नहीं किया, मैं उन सभी को इस मंच के जरिए चुनौती देता हूं कि वे अपने पांच साल के कार्यों का हिसाब लेकर मेरे सामने आएं।

सीएम ने कहा कि चूरू की धरा संस्कृति से परिपूर्ण व पावन है और यहां के लोग भी बहुत सौभाग्यशाली हैं। चूरू के लिए उनके विधायक हरलाल सहारण जब भी मिलते हैं, कुछ ना कुछ मांगते रहते हैं, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भी अपने क्षेत्र की जनता की सुविधाओं व विकास को लेकर बहुत सोचते हैं। चूरू विधायक ने जो भी मांग की है, उनको दिया है, अब उन्होंने चूरू में नहर का पानी उपलब्ध करवाने व जोड़ी गांव में पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करवाने की मांग की है, जिसे भी पूरा किया जाएगा।



जोड़ी गांव में हुई सभा में सीएम को चूरू के पवन कलाकार द्वारा बनाई गई चंदन की कलाकृति भेंट कर स्वागत करते पूर्व प्रतिपक्ष नेता राठौड़ व अन्य। -पेज 14 भी पढ़ें

## चूरू जिले के विकास के लिए बजट में 834 करोड़ का प्रावधान किया : सीएम

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि चूरू जिले के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए हमारी सरकार ने बजट में 834 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसमें चूरू विधानसभा में 300 करोड़ रुपए के काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपए से रिंग रोड का निर्माण करवाया जाएगा। इसी तरह, 20 करोड़ रुपए से चूरू-जयपुर रोड ओवरब्रिज की मरम्मत की जा रही है। सिरसला रेलवे लाइन पर अंडरब्रिज, रामनगर तिराहा और ओम कॉलोनी में आरयूबी, चूरू शहर में एलीवेटेड रोड बनाने का काम भी किया जा रहा है।



जोड़ी गांव में हुई जनसभा में मौजूद महिलाएं।

## खासोली में बनने वाले कृषि कॉलेज भवन का किया शिलान्यास

कार्यक्रम में सीएम ने खासोली में 7.50 करोड़ की लागत से बनने वाले राजकीय कृषि कॉलेज के भवन का शिलान्यास किया। इसी तरह मुख्यमंत्री ने चूरू में 3 करोड़ 62 लाख रुपये से बने मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह और 11.76 करोड़ की लागत से निर्मित 200 बेड क्षमता वाले अल्पसंख्यक बालक आवासीय विद्यालय का लोकार्पण किया। संचालन भाजपा के अभिषेक चोटिया व प्रधानाचार्य मुकुल भाटी ने किया।

## एसआई भर्ती रद्द नहीं कर मेहनत करने वालों के साथ न्याय किया : राठौड़

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रदेश के मुखिया भजनलाल ने यमुना जल समझौता कर चूरू के लोगों की उम्मीद को फिर से जिंदा कर दिया है। इसी तरह एसआई की परीक्षा निरस्त नहीं कर के मेहनत से पास होने वालों को न्याय दिया है। अब इन शिविरों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति के काम करवाकर एक मिसाल पेश की है।

जिले के प्रभारी मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि सीएम ने बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, पशुपालन सहित सभी क्षेत्रों में राजस्थान को आगे बढ़ाया है। अंत्योदय संबल पखवाड़ा सिर्फ एक पखवाड़ा नहीं है, बल्कि राजस्थान की जनता की विकास यात्रा का एक नया अध्याय है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि मुझ पर तो मुख्यमंत्री भजनलाल और बड़े भाई पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ की विशेष कृपा है कि मैंने चूरू के लिए जब भी मांगा है, उससे कहीं ज्यादा मिला है।

जोड़ी गांव में सीएम ने शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों से किया संवाद, रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया

# 22 साल बाद खेत के विवाद का निपटारा, सीएम ने दो भाइयों को सौंपा खाता विभाजन का प्रमाण-पत्र



चूरू. जोड़ी गांव में अंत्योदय पखवाड़ा के तहत लगे शिविर का अवलोकन करते मुख्यमंत्री शर्मा।



गांव के स्कूल में लगे रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते मुख्यमंत्री शर्मा।

भास्कर संवाददाता | चूरू

जोड़ी गांव में मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत लगे शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों से संवाद किया। इस मौके पर हुई जनसभा को संबोधित किया, वहीं प्रतीकात्मक रूप से लाभार्थियों को लाभान्वित किया। उन्होंने 22 वर्ष से खेत विवाद के मामले का निस्तारण कर गोपीराम व प्रताप सिंह को खाता विभाजन का प्रमाण पत्र दिया। इसी तरह ममता को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, गिरधारी सिंह को तारबंदी, कुंभाराम को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, गोमती को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत प्रमाण-पत्र व चेक वितरित किए। भामाशाहों का सम्मान भी किया। कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत छात्राओं को स्कूटी की चाबी सौंपी।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम परिसर में पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गांव जोड़ी के राउमावि में लगे रक्तदान शिविर का अवलोकन कर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। सभा में जिला प्रमुख वंदना आर्य, चूरू पंचायत समिति प्रधान दीप चंद राहड़, पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, पराक्रम सिंह राठौड़, डॉ. वासुदेव चावला, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, खेमाराम मेघवाल, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, सुमित्रा पूनिया, पंकज गुप्ता, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, चंद्राराम गुरी, विक्रमसिंह कोटवाद, सीताराम लुगरिया आदि ने भी विचार व्यक्त किए। पदम सिंह राठौड़ व भास्कर शर्मा आदि मंचस्थ थे। हेलिपेड पर पहुंचने पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, विधायक सहारण, बीकानेर रेंज आईजी ओम प्रकाश, कलेक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी जय यादव आदि उपस्थित रहे।

## बालेरा व दूंकर में अंत्योदय पखवाड़ा शिविर लगे

**बीदासर** | ग्राम पंचायत बालेरा व दूंकर में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाए गए। दूंकर शिविर प्रभारी तहसीलदार साक्षी पुरी ने बताया कि सहमति से आठ विभाजन, 13 सीमा ज्ञान, नौ रास्ता प्रकरण का निस्तारण किया गया। स्वामित्व योजना के 40 प्रॉपर्टी कार्ड व 23 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। ग्राम पंचायत बालेरा शिविर प्रभारी बीडीओ राजूराम ने बताया कि विभाजन के दो व सीमा ज्ञान के छह प्रकरण निस्तारित किए। 40 मृदा स्वास्थ्य कार्ड व स्वामित्व योजना के 18 प्रॉपर्टी कार्ड प्रदान किए गए। एसडीएम अमीलाल यादव ने निरीक्षण कर जायजा लिया।



## पड़िहारा में लगा शिविर, पौधरोपण भी किया

**पड़िहारा** | पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत मंगलवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में शिविर लगा। सरपंच जगजीतसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में लगे शिविर में नायब तहसीलदार मुरारीलाल वर्मा, बीडीओ जगदीशप्रसाद व्यास ने लोगों की समस्याओं का समाधान किया। सरपंच ने जर्जर पोल बदलने, ढीले तारों को खिंचवाने, लोड शेडिंग के लिए नए फीडर के निर्माण की मांग रखी। बीडीओ ने अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया। शिविर में पांच पट्टा वितरण सहित अन्य कार्य किए गए। पौधे भी लगाए। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी लक्ष्मीनारायण सैनी, वीडीओ मघाराम बामणिया मौजूद रहे।



## शिविर में विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक वितरित की



**सादुलपुर** | ग्राम पंचायत लाखलाण में मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगाया गया। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार सुभाषचंद्र छिंपा, सरपंच सुनील कुमारी, सीबीईओ डॉ. सुमन जाखड़, एसीबीईओ प्रथम दीवान सिंह सूरा व पीईईओ सत्यवीर सिंह ने विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक व संदर्भ पुस्तकें वितरण की। इस मौके पर विद्यार्थियों को पुस्तकों के साथ दो-दो पौधे भी दिए गए।

मुख्यमंत्री ने चूरू के जोड़ी गांव में शिविर का किया निरीक्षण

# गरीब के दर पर विकास की दस्तक...सीएम ने चूरू से दिखाई संकल्प की दिशा

## 'राजस्थान का नया मंत्र-सेवा, समर्पण और अंतिम व्यक्ति का कल्याण'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com





### चूरू जिले का हो रहा समग्र विकास

### लोकार्पण और शिलान्यास

### आमजन को एक ही स्थान पर योजनाओं का लाभ

### गरीब कल्याण की योजनाओं से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का हो रहा उत्थान

### महिला, युवा, किसान के उत्थान के लिए हो रहा काम

# 'हमारे डेढ साल के कार्य पूर्ववर्ती सरकार के पूरे कार्यकाल से ज्यादा'

### जोड़ी में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर बोला हमला



# मुख्यमंत्री ने ग्राम विकास अधिकारी स्वामी को उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित



चूरू @ पत्रिका. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को चूरू जिले की ग्राम पंचायत जोड़ी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया और जनता से सीधे संवाद कर फीडबैक लिया।

शिविर के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की ओर से किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की समीक्षा की और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने जोड़ी के ग्राम विकास अधिकारी महावीर प्रसाद स्वामी को स्वामित्व कार्ड योजना एवं पट्टा वितरण में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इसके साथ ही पूर्व सरपंच मघाराम को वृक्षारोपण कार्य में भागीदारी के लिए, किशनलाल शर्मा को समाजसेवा के अंतर्गत दानदाता के रूप में तथा प्रताप सिंह राठौड़ को शिविर की प्रभावी व्यवस्था के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन गरीब से कभी संवाद नहीं किया: सीएम शर्मा

**मुख्यमंत्री ने गांव जोड़ी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का किया अवलोकन**





न्यूज सर्विस/नवज्योति, चूरू। कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा तो दिया, लेकिन कभी गरीब से संवाद नहीं किया। हमारी सरकार गरीबों को गणेश मानकर उनकी पूजा करती है। हमने गरीब, किसान, महिला व युवाओं के लिए काम किया है। सीएम भजनलाल शर्मा मंगलवार को चूरू के जोड़ी गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर के दौरान आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे।

### शेखावाटी के लोग भाग्यशाली उन्हें यमुना ही नहीं सिंधु का पानी भी मिलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने यमुना जल समझौते पर लोगों को गुमराह करने का काम किया। लेकिन शेखावाटी के लोग भाग्यशाली है कि उन्हें यमुना का पानी ही नहीं बल्कि सिंधु का पानी मिलेगा। सीएम ने कहा कि वह सौभाग्यशाली है क्योंकि वह चूरू की धरती को जानते हैं। यहां चंदन की कलाकारी विश्वविख्यात हो रही है। उन्होंने ताल छापर अभ्यारण्य को विकसित करने की बात कही। सीएम ने चूरू में विकास की आवश्यकता जताते हुए कहा कि यहां विकास कार्यों के लिए 834 करोड़ रुपए का बजट दिया। यह विकास यात्रा चूरू में लगातार जारी रहेगी।



### अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचेगा योजनाओं का लाभ

सीएम शर्मा ने बताया कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह संबल पखवाड़ा शुरू किया गया है ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। सीएम शर्मा ने कहा कि हमारी घोषणाएं चुनावी नहीं है बल्कि जो कार्य किए हैं। उनके आंकड़े सभी के सामने रखता हूं। हमारी सरकार में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ, इससे कांग्रेस को दर्द हो रहा है। हम पांच साल में चार लाख युवाओं को नौकरी देंगे। 2027 तक किसानों को दिन में भी बिजली देने का काम करेंगे। 22 लाख लोगों ने खाद्य सुरक्षा योजना को स्वेच्छा से छोड़ा, जबकि 50 लाख नए लोगों का नाम जोड़ने का काम भाजपा ने किया है। विधायक हरलाल सहारण की मांग पर सीएम ने शहर और जोड़ी गांव में सीएचसी काम करवाया जायेगा। प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने संबल पखवाड़ा में होने वाले कार्यों की जानकारी दी।

### गहलोत को पुरानी फिल्म 'किस्सा कुर्सी का' याद आ रही है : राठौड़

पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि आजादी के बाद भजनलाल शर्मा पहले सीएम है जिन्होंने गांव की समस्याओं को देखा है। चूरू को महत्वाकांक्षी जिले का सम्मान मिला। राठौड़ ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत के अंर्त विरोध के बयान पर कहा कि उन्हें अपनी पुरानी फिल्म किस्सा कुर्सी का याद आ रही है। राठौड़ ने कहा कि सीएम शर्मा ने 16 नीतियां बनाकर एक पारदर्शी सरकार की नींव डाली है, जो प्रदेश में गरीबी उन्मूलन के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 34 साल पहले भैरोंसिंह शेखावत के किये समझौते को साकार करने का काम भजनलाल सरकार कर रही है। विधायक हरलाल सहारण ने सीएम को विकास पुरुष बताते हुए नहर की मांग की। सभा को लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, प्रदेश महामंत्री डॉ. वासुदेव चावला, सुजानगढ़ प्रत्याशी संतोष मेघवाल, जिला प्रमुख वंदना आर्य, पूर्व विधायक खेमाराम मेघवाल, राकेश जांगिड़, प्रधान दीपचंद राहड़ व भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन मुकुल भाटी व अभिषेक चोटिया ने किया।



### शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों को दिए प्रमाण पत्र

सीएम शर्मा ने आमसभा से पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व चेक वितरित किए। उन्होंने समारोह परिसर में पौधारोपण किया, रक्तदान शिविर का भी अवलोकन किया। सीएम ने अल्पसंख्यक बालक आवासीय विद्यालय व मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह का लोकार्पण किया तथा कृषि कॉलेज का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने छात्रावास के लिए बेशकीमती जमीन देने वाले भामाशाहों को भी सम्मानित किया।

राष्ट्रदूत 09.07.2025

# 'गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के उत्थान के लिये कार्य कर रही है सरकार'

**शिविरों के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना हो रहा साकार : मुख्यमंत्री भजनलाल**

चूरू, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण को समर्पित है और इसी भावना के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब, किसान, युवा एवं महिला इन चारों जातियों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है तथा हम संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करेंगे, जिससे उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान की परिकल्पना को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को चूरू में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि चूरू अपनी अनूठी स्थापत्य कला और प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। साथ ही, तालछापर अभयारण्य के काले हिरण और प्रवासी पक्षियों का कलरव प्रकृति प्रेमियों को एक अद्भुत अनुभव प्रदान करता है। यहां की कलात्मक हवेलियां, भित्ति चित्र और अन्य ऐतिहासिक धरोहर चूरू के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास से रूबरू कराती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन शिविरों में रास्तों से अतिक्रमण हटाने, भूमि के स्वामित्व मिलने जैसे बरसों से लंबित काम पूरे हो रहे हैं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छात्राओं को स्कूटी की चाबी सौंपी।

> ■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित समारोह को संबोधित किया

मुख्यमंत्री कहा कि चूरू जिले के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए हमारी सरकार ने बजट में 834 करोड़ रुपये का प्रावधान किया तथा चूरू विधानसभा में 300 करोड़ रुपये के काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपये से रिंग रोड वाया तारानगर वाया भालेरी से सरदारशहर वाया रतनगढ़ वाया देपालसर से एनएच-52 बाइपास सड़क निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही, 20 करोड़ रुपये से चूरू-जयपुर रोड़ ओवरब्रिज की मरम्मत की जा रही है। सिरसला रेलवे लाइन पर अंडरब्रिज, रामनगर तिराहा और ओम कॉलोनी में आरयूबी, चूरू शहर में एलीवेटेड रोड बनाने का काम भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चूरू में 3 करोड़ 62 लाख रुपये से बने मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह तथा 11 करोड़ 76 लाख रुपये से निर्मित 200 बेड क्षमता वाले अल्पसंख्यक बालक आवासीय विद्यालय का लोकार्पण किया। साथ ही शर्मा ने 7 करोड़ 50 लाख रुपये से चूरू में कृषि महाविद्यालय खांसोली का शिलान्यास भी किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री ने यमुना जल समझौते के माध्यम से शेखावाटी क्षेत्र की प्यास बुझाने की दिशा में प्रभावी और ठोस कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय संबल पखवाड़ा सिर्फ एक पखवाड़ा नहीं है बल्कि राजस्थान की जनता की विकास यात्रा का एक नया अध्याय है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ममता (मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना), गिरधारी सिंह (तारबंदी), कुम्भाराम (प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण), गोमती (प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना), गोपीराम तथा प्रताप सिंह (विभाजन रिकॉर्ड) को प्रमाण-पत्र एवं चैक वितरण तथा भामाशाहों का सम्मान भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर का अवलोकन किया तथा कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजनांतर्गत छात्राओं को स्कूटी की चाबी सौंपी। साथ ही, मुख्यमंत्री ने समारोह परिसर में पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की प्रदेश सरकार गरीब, युवा, किसान व महिलाओं की तकलीफों को समझती है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चूरू को बड़ी सौगात दी है। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य, पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया, उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, पराक्रम सिंह राठौड़, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, सुमित्रा पूनिया, पंकज गुप्ता, चंद्राराम गुरी, अभिषेक चोटिया, सीताराम लुगरिया आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक चोटिया और मुकुल भाटी ने किया।









# शिविरों के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का सपना हो रहा साकार-भजनलाल शर्मा

चूरू (दैनिक आस-पास)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण को समर्पित है और इसी भावना के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब, किसान, युवा एवं महिला इन चारों जातियों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है तथा हम संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करेंगे जिससे उन्नत और विकसित राजस्थान की परिकल्पना को गति मिलेगी। शर्मा मंगलवार को चूरू में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चूरू अपनी अनूठी स्थापत्य कला और प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व में प्रसिद्ध है। साथ ही, तालछापर अभयारण्य के काले हिरण और प्रवासी पक्षियों का कलरव प्रकृति प्रेमियों को एक अद्भुत अनुभव प्रदान करता है। यहां की कलात्मक हवेलियां, भित्तिचित्र और अन्य ऐतिहासिक धरोहर चूरू के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास से रूबरू कराती हैं।

**आमजन को एक ही स्थान पर मिल रहा विभिन्न योजनाओं का लाभ:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इन शिविरों में रास्तों से अतिक्रमण हटाने, भूमि के स्वामित्व दिलाने जैसे कार्यों से लंबित काम पूरे हो रहे हैं। साथ ही, शिविरों के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत 10 हजार गांवों में बीपीएल परिवारों का सर्वे कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को बीज वितरण, मृदा नमूनों के संग्रहण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, पशुपालकों को मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी इन शिविरों में किए जा रहे हैं।

**गरीब कल्याण की योजनाओं से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का हो रहा उत्थान:** मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व परिवर्तन आए हैं। उनके द्वारा शुरू की गई गरीब कल्याण की योजनाओं से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का उत्थान हो रहा है। साथ ही, उनके कुशल मार्गदर्शन में देश में अभूतपूर्व विकास कार्य के साथ-साथ आतंकवाद-नक्सलवाद का खात्मा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुसार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास की अवधारणा पर राज्य सरकार कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है।

**महिला, युवा, किसान एवं गरीब के उत्थान के लिए हो रहा काम:** मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार को गरीब के हित से कोई सरोकार नहीं था जबकि हम गरीब को गणेश मानकर योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं। किसानों को हमारी सरकार गोपाल क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। वहीं, महिलाओं को लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरण, कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना, मा वाउचर सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सशक्त किया जा रहा है। युवाओं को हम पांच साल में चार लाख सरकारी नौकरियां देंगे। उन्होंने कहा कि हमने शेखावाटी में यमुना जल लाने के लिए यमुना जल समझौते के लिए हरियाणा सरकार के साथ मिलकर टास्क फोर्स गठित की है।

**हमारे डेढ़ साल के कार्य पूर्ववर्ती सरकार के पूरे कार्यकाल से ज्यादा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने केवल डेढ़ साल में ही प्रदेश के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं जो कि पूर्ववर्ती सरकार के पूरे 5 साल से भी ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ साल में ही विद्युत उत्पादन क्षमता में 4 हजार 270 मेगावाट की बढ़ोतरी की जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने पूरे पांच साल में केवल 3 हजार 946 मेगावाट की बढ़ोतरी दर्ज की। इसी तरह, हमने डेढ़ साल में किसानों को 253 लाख मीटर से अधिक तारबंदी के लिए अनुदान दिया तथा 32 हजार से अधिक फार्म पौंड बनवाए हैं। जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में केवल 112 लाख मीटर तारबंदी के लिए अनुदान दिया तथा केवल 29 हजार पौंड बनवाए। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में 55 पशु चिकित्सालयों का प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नयन हुआ तथा पूर्ववर्ती सरकार ने पूरे कार्यकाल में केवल 49 का ही क्रमोन्नयन किया।





**चूरू जिले का हो रहा समग्र विकास:** भजनलाल शर्मा ने कहा कि चूरू जिले के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए हमारी सरकार ने बजट में 834 करोड़ रुपये का प्रावधान किया तथा चूरू विधानसभा में 300 करोड़ रुपये के काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपये से रिंग रोड वाया तारानगर वाया भालेरी से सरदारशहर वाया रतनगढ़ वाया देपालसर से एनएच-52 बाइपास सड़क निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही, 20 करोड़ रुपये से चूरू-जयपुर रोड़ ओवरब्रिज की मरम्मत की जा रही है। बिसाऊ रेलवे लाइन पर अंडरब्रिज, रामसरा सिद्धा और ओम कॉलोनी में आरयूबी, चूरू शहर में एलिवेटेड रोड़ बनाने का काम भी किया जा रहा है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन, एसडीएम सहारण ने कार्यों की ली जानकारी

# पाटन व नलू में शिविर आयोजित, बंटवारे पर बनी सहमति तो किसी ने आधार कार्ड में कराया संशोधन

**भास्कर न्यूज़** | मदनगंज-किशनगढ़

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन मंगलवार को शहर के निकटवर्ती ग्राम पाटन व नलू में आयोजित हुआ। जिसमें बंटवारे पर सहमति के साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार में संशोधन किया गया।

पाटन में आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी निशा सहारण ने किए गए कार्यों के संबंध में चर्चा कर जानकारी ली। शिविर में आपसी सहमति से बंटवारा प्रस्ताव खातेदारों को मिला। शिविर प्रभारी निशा सहारण के सामने ग्राम चुरली निवासी भागचन्द, मदन, हरदयाल, रंगलाल, रामनारायण, रामरतन ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत करवाया गया कि उन्हें अपनी खातेदारी भूमि का सहमति बंटवारा करवाना चाहते है, लेकिन आपसी विवाद होने के कारण सहमति बंटवारा नही हो पा रहा है। जिस पर शिविर प्रभारी द्वारा तहसीलदार व राजस्व कार्मिकों द्वारा खातेदारों



से आपसी सहमति से बंटवारा प्रस्ताव तैयार कर शिविर प्रभारी अधिकारी द्वारा समस्त खातेदारों को आदेश जारी किए। शिविर के दौरान राज्य सरकार द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ के तहत केक काटा गया तथा बेटी के नाम से पौधारोपण नारी चौपाल आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी तरह नलू में आयोजित शिविर में जन्म प्रमाण पत्र, आधार में संशोधन किया गया।

शिविर में प्रार्थी शैतान गुर्जर ने शिविर प्रभारी को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत करवाया गया कि उन्हें आधार कार्ड में नाम संशोधन करवाना है, आधार कार्ड में नाम संशोधन के लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जिस पर शिविर प्रभारी द्वारा तहसीलदार किशनगढ़ को प्रार्थी के समस्त दस्तावेजों का परीक्षण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करवाने के निर्देश दिए। जिस पर राजस्व कार्मिकों द्वारा प्रार्थी के समस्त दस्तावेजों का परीक्षण कर जन्म प्रमाण जारी करने के लिए शिविर प्रभारी के समक्ष दस्तावेज मय आदेश तैयार कर प्रस्तुत किया गया। इस पर शिविर प्रभारी द्वारा आदेश जारी करने पर सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कहा गया, सांख्यिकी विभाग द्वारा जन्म प्रमाण पत्र तैयार कर शिविर प्रभारी अधिकारी को प्रस्तुत किया गया। प्रार्थी को जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ। उपखंड अधिकारी निशा सहारण ने शिविर में समस्त ब्लॉक लेवल ऑफिसर को उनके विभाग में चल रहे फ्लैगशिप योजनाओं के माध्यम से आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने व तत्काल कार्यवाही करते हुए राहत प्रदान करने के आदेश दिए। शिविर के दौरान विद्युत विभाग द्वारा झूलते बिजली के तारों को सही करना, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पानी की टंकियों की सफाई, लीकेज मरम्मत सही करना, खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा राशन कार्ड में आधार सीडिंग का कार्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण, स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड वितरण अन्य योजनाए, पशुपालन विभाग पशुओं का टीकाकरण, शिक्षा विभाग द्वारा साफ सफाई करवाना, नामांकन बढाना आदि काम करने को कहा। इस अवसर पर तहसीलदार अजीत कुमार बुन्देला, विकास अधिकारी शक्ति सिंह आदि उपस्थित थे।

# कृषि भूमि का वर्षों से लम्बित विभाजन मौके पर ही निस्तारण करते हुए बंटवारा किया

अजमेर,( कासं.-सरेराह )। पंडित उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा अन्तर्गत पंचायत समिति श्रीनगर के ग्राम पंचायत ढ़ाल में आयोजित शिविर में ग्राम ढ़ाल के श्री कालू, श्री प्रधान, श्री घीसू, श्री हरलाल, श्री गोपाल पुत्रगण जूंजा गुर्जर के कृषि भूमि खेत का बंटवारा करवाने के लिए आपस में सहमत नहीं थे। इन्हें समझाइश करवाकर वर्षों से लम्बित विभाजन शिविर में करवाकर काश्तकारों को राहत दी। इनके 6 बीघा रकबा जिसके 2 छोटे बड़े खेतों के टुकड़े थे। इनका शिविर में मौके पर ही निस्तारण करते हुए बंटवारा किया गया। वषों बाद सभी काश्तकारों के चेहरे पर मुस्कान आई। सभी खुश होकर शिविर में उपस्थित सभी को धन्यवाद दिया और खुशी से विदा हुए।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा अन्तर्गत पीसांगन की ग्राम पंचायत दांतड़ा में आयोजित

## सफलता की कहानी-1

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा अन्तर्गत पीसांगन की ग्राम पंचायत दांतड़ा में आयोजित हुए शिविर में ग्राम दांतड़ा निवासी श्री डूंगर सिंह राठौड़ अपनी खातेदारी कृषि भूमि का बंटवारा करवाने के लिए काफी समय से प्रयास कर रहा था। किन्तु राजस्व रिकार्ड में अंकित सहखातेदार से सहमति नहीं बन पा रही थी। शिविर में श्री डूंगर सिंह ने उपस्थित होकर तहसीलदार श्री भागीरथ चौधरी के समक्ष अपनी समस्या अवगत कराई। इस पर उपस्थित राजस्व टीम द्वारा अन्य सहखातेदार श्री अमराराम को कैम्प में बुलाकर समझाईश की गई। श्री अमरा राम ने मौके पर चलकर माप करवाकर बंटवारा करने पर सहमति जताई इस पर तुरन्त राजस्व टीम ने मौके पर खातेदारी भूमि का माप कर बंटवारा किया तथा इसी अनुरूप शिविर में बंटवारा प्रस्ताव तैयार कर तहसीलदार द्वारा बंटवारा आदेश जारी किए। इस पर खातेदारों एवं उपस्थित ग्रामीणों ने राज्य सरकार के इस जनकल्याणकारी शिविर में इस तरह के कार्य किए जाने एवं आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने पर राज्य सरकार एवं अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

## सफलता की कहानी-2

पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा अन्तर्गत पीसांगन की ग्राम पंचायत डोडियाना में आयोजित हुए शिविर में राजकीय पशु चिकित्सा उपकेन्द्र डोडियाना के लिए भूमि आवंटन की मांग की गई। शिविर में श्री भागीरथ चौधरी तहसीलदार पीसांगन के दिशा निर्देशानुसार आवंटन प्रस्ताव तैयार कर राजकीय पशु चिकित्सा उपकेन्द्र डोडियाना के लिए भूमि आवंटन किया गया। ग्रामीणों ने राजकीय पशु चिकित्सा उपकेन्द्र डोडियाना के लिए भूमि के आवंटन पर खुशी जाहिर की तथा राज्य सरकार के द्वारा जनता के हित में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा अभियान शिविर में हो रहे कार्यों व योजना की सराहना की एवं राज्य की संवेदनशील सरकार को धन्यवाद दिया।

## सफलता की कहानी-3

पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा अन्तर्गत ग्राम पंचायत गेगल में आयोजित हुए शिविर में श्री अर्जुन, श्री रामपाल, श्री रामकरण, हरि पि. छोगा, चिन्ता देवी पत्नी लक्ष्मण वगैरह समस्त निवासीगण ग्राम आखरी तहसील अजमेर के खसरा नम्बर 113, 114, 115, 116, 119, 120, 122, 156, 248, 289, 810, 119/982, 119/983 के सह खातेदारों ने शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार अजमेर प्रथम के समक्ष उपस्थित होकर अपने-अपने हिस्से अनुसार बंटवारा करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। पटवारी ने प्रार्थीगणों के आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए बंटवारा प्रस्ताव तैयार कर शिविर प्रभारी को प्रस्तुत किया। इसे नायब तहसीलदार ने कैम्प स्थल पर ही बंटवारा आदेश जारी कर मौके पर ही ऑनलाईन नामान्तरकरण दर्ज करने की कार्यवाही करवाकर खातेदारों को राहत पहुंचाई। इस कार्यवाही की जानकारी मिलते ही लाभान्वितों के चेहरे पर खुशी से खिल उठे। उन्होंने कैम्प प्रभारी एवं राजस्व टीम को धन्यवाद दिया एवं इस तरह कैम्प लगाकर कृषकों की समस्याओं का समाधान मौके पर किए जाने पर राज्य सरकार एंव मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी का आभार व्यक्त किया।

## सफलता की कहानी-4

पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा अन्तर्गत अराई की ग्राम पंचायत सांदोलिया शिविर में एक बुजुर्ग महिला लाड़ देवी पत्नी श्री काना राम मेघवाल की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ। लाड़ देवी की आधार सीडिंग केवाईसी पूर्ण न होने के कारण एनएफएसए के तहत गेहूं प्राप्त नहीं हो रहा था। शिविर के दौरान रसद विभाग के अधिकारियों द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से उनकी केवाईसी की गई। इसके पश्चात उन्हें पुनः खाद्यान्न वितरण में शामिल किया गया। प्रार्थी लाड़ देवी देवी ने इस सहायतार्थ उपखण्ड अधिकारी अराई श्रीमती आस्था शर्मा एवं रसद विभाग के अधिकारी श्री नीरज जैन एवं श्री मुकेश बुगालिया का धन्यवाद किया। यह शिविर जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं के लाभ पहुंचाने का सशक्त उदाहरण है। शिविर में उपखण्ड अधिकारी सुश्री आस्था शर्मा, तहसीलदार श्री हरिराम, अतिरिक्त विकास अधिकारी श्री दौलत सिंह, प्रशासक श्रीमती प्रेम देवी, नायब तहसीलदार, भू. अभिलेख निरीक्षक, संबंधित ग्राम सेवक, सम्बंधित पटवारी व अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## सफलता की कहानी-5

पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा अन्तर्गत अराई की ग्राम पंचायत सांदोलिया शिविर में ग्राम सांदोलिया के तेजू/सूरजमल बैरवा, तीजा/मोती जाट, रामधन/ चन्द्रा जाट, सोहनी/ जगदीश वैष्णव, संतोष/रामकरण जाट, गोपाल/ धन्ना जाट, रामानन्द/ धन्ना जाट, भवाना/ धन्ना जाट ने ग्राम पंचायत में पट्टे के लिए आवेदन किया। सभी व्यक्तियों के पास मकान का पट्टा नहीं था। इस कारण से इन्हें बैंक से लोन लेने में भारी समस्या का सामना करना पड रहा था। ये अपने मकान में पिछले 40-50 वर्षों से रह रहे थे, परन्तु इनके पास भू-स्वामित्व संबंधी दस्तावेज नहीं थे। शिविर में इन्हें पट्टे बनाकर दिए गए। इससे प्रार्थीयों ने शिविर प्रभारी तथा पंचायती राज विभाग का आभार प्रकट किया। शिविर में उपखण्ड अधिकारी अराई सुश्री आस्था शर्मा, तहसीलदार श्री हरिराम, प्रशासक श्रीमती प्रेम देवी, अतिरिक्त विकास अधिकारी श्री दौलत सिंह, नायब तहसीलदार, सम्बंधित ग्राम पंचायत कनिष्ठ सहायक व अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## सफलता की कहानी-6

पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिठूर पंचायत समिति श्रीनगर पर आयोजित शिविर में परिवादी की प्रार्थना पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए मौके पर ही परिवादी को अपने व्यवसायिक दुकानों का पट्टा शिविर में प्रदान किया गया। इससे लाभान्वित परिवार बहुत खुश हुआ एवं लाभार्थी ने उपस्थित सभी को धन्यवाद दिया।

## सफलता की कहानी-7

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े में उपखण्ड अधिकारी दीपशिखा एवं शिविर प्रभारी तहसीलदार कीर्ति भारद्वाज की उपस्थिति में रूपनगढ़ के अटल सेवा केन्द्र पनेर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित पेंशनर गुलशन, काली देवकली, कंकी देवी एवं गेंदू देवी जिनका वृद्धावस्था के कारण फिंगर और आइरिस स्कैन नहीं होने के कारण पेंशन सत्यापन के लिए काफी समय से परेशान थे। शिविर प्रभारी द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावास अधीक्षक श्री गणेश कुमार को अवगत कराया गया। जिस पर छात्रावास अधीक्षक द्वारा चारों पेंशनरों का वेरिफिकेशन का ओटीपी सत्यापन के लिए विकास अधिकारी की अनुशंसा पर शिविर के दौरान ही पेंशन का सत्यापन करवाया गया।

# संभागीय आयुक्त ने दीन दयाल अंत्योदय संबल शिविरों का किया निरीक्षण

## शिविरों में पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** संभागीय आयुक्त श्री शक्ति सिंह राठौड़ ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत उपखण्ड जैतारण की ग्राम पंचायत पीपाड़ा, उपखण्ड मसूदा की ग्राम पंचायत रामगढ़ एवं उपखंड गुलाबपुरा की ग्राम पंचायत लांबा में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और वहां दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। श्री राठौड़ ने अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देश दिए कि शिविर में पहुंचने वाले प्रत्येक पात्र लाभार्थी को सरकार की मंशानुसार योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी रूप से दिया जाए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप से टीबी मरीजों को निक्षय किट उपलब्ध कराने एवं उपचार के फॉलोअप करने के निर्देश दिए। इससे टीबी रोगियों को पूर्ण स्वस्थ किया जा सकेगा। संभागीय आयुक्त ने राजस्व, ग्रामीण विकास, जलदाय, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, सामाजिक न्याय समेत अन्य विभागों की गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने एनएफएसए के लंबित प्रकरणों के निस्तारण, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी, पेयजल टंकियों की सफाई और लीकेज मरम्मत के कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। श्री राठौड़ ने ग्रामीणजनों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लें और पात्रतानुसार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में पत्थरगढ़ी व सीमाज्ञान प्रकरणों के निस्तारण, जलदबाव की जांच, नहर पटरों की मरम्मत, नामांतरण के लंबित मामलों का निपटारा, पौधा वितरण, रास्तों से जुड़ी समस्याओं का समाधान, मृदा नमूना संग्रहण व मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, आपसी सहमति से बंटवारा, बीपीएल परिवारों का सर्वे, मंगला पशु बीमा में रजिस्टर्ड पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, लंबित नल कनेक्शनों का समाधान, पशुओं के टीकाकरण एवं उपचार, आयुष्मान कार्ड वितरण, और स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए प्रवेशोत्सव जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। उन्होंने लांबा शिविर में पोधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक के पात्र व्यक्ति तक पहुंचे यह सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। इस दौरान ब्यावर जिला कलक्टर श्री कमल राम मीणा, उपखंड अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का किया आयोजन

**भिनाय (हुक्मनामा सामाचार)।** मंगलवार को ग्राम पंचायत एकलसिंहां व सिंगावल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें योजना में पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ पहुंचाकर लाभांवित किया गया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान के 4, पत्थरगढी के 5, नामान्तकरण के 11, रास्तों के 2 प्रकरण, आपसी सहमति से बंटवारा के 4 प्रकरण का निस्तारण किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा 672 छोटे-बड़े पशुओं की चिकित्सा, 100 लम्पी रोग प्रतिरोधक टीकाकरण, 60 गलघोंटू टीकाकरण करवाते हुए 85 पशुपालकों को लाभांवित किया गया व विद्युत विभाग द्वारा 5, पीएचईडी विभाग द्वारा 5 प्रकरणों का निस्तारण किया गया साथ ही वन विभाग द्वारा 100 पौधारोपण, खाद्य विभाग द्वारा एनएफएसए के 3, आधार सीडींग के 130, ई-केवाईसी के 125 प्रकरण का निस्तारण एवं चिकित्सा विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं में 269 व्यक्तियों को लाभांवित किया गया । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण ट्रैकर के तहत 15 लाभार्थियों की केवाईसी करवाई गई, शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय में स्थित 15 शौचालयों की साफ-सफाई व प्रवेशोत्सव के 6 प्रकरणों का निस्तारण सहित 1122 विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया गया, एवं पंचायती राज विभाग द्वारा गरीबी मुक्त गांव योजनान्तर्गत 4 परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया व 4 परिवारों का द्वितीय चरण हेतु सर्वे किया गया एवं महानरेगा योजना में 3 कार्य, राज्य वित्त आयोग षष्ठम के 2 कार्य पूर्ण करवाये गये, मिशन हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 2000 पौधे लगाये गये एवं स्वामित्व योजना अन्तर्गत नये व पुराने पट्टों के साथ 32 परिवारों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारीता विभाग द्वारा संचालित पेंशन योजना के अन्तर्गत 7 व्यक्तियों का सत्यापन एवं कृषि विभाग द्वारा 50 मृदा नमूनों का संग्रहण, 11 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किया जाकर सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 1 आवेदन ऑनलाईन करवाया जाकर शिविर में सैंकड़ों लाभार्थियों को मौके पर लाभ पहुंचाकर लाभांवित किया गया।

# दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय शिविर में सालो से फसाद का कारण बनी भूमि का हुआ बटवारा



**कोटड़ी, (हुक्मनामा समाचार)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर में वर्षों से लंबित किसने की भूमि विवाद का समाधान आज अधिकारियों ने हाथों हाथ दोनों पक्षों को बिठाकर न्याय दिलाया जो की न्याय और भरोसे का प्रतीक बन गया है। दोनों पक्षों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है इसके तहत यह शिविर आयोजित होने से उनका दोनों पक्षों में विवाद का समाधान देखने को मिला। इस मामले की जानकारी देते हुए उपखंड अधिकारी सरवाड़ गुरु प्रसाद कंवर ने बताया कि ग्राम पंचायत कर में आयोजित शिविर में ग्राम जतीपुरा के दो किसानों में वर्षों से लंबित भूमि विवाद चल रहा था यह मामला मंगलवार को प्रशासन के सामने आया तो प्रशासन की सूझबूझ और संवेदनशीलता से मौके पर ही सुलझाया गया जो एक प्रेरणादायक मिसाल बन गया खसरा संख्या तीन रकबा 1 ~13 हेक्टेयर वर्षों से पारिवारिक मतभेद में भूमि बंटवारे का विवाद चल रहा था। इस मामले में असमंजस के कारण ने सीमाएं स्पष्ट थी मैं उनके अधिकार जिससे दोनों पक्षों में आए दिन झगड़ा विवाद होता रहता था। शिविर में रामकिशन पुत्र श्री नारायण और रामेश्वर पुत्र श्री नारायण इन किसानों ने उपखंड अधिकारी श्रीमान गुरु प्रसाद को अवगत कराया कि वह बटवारा चाहते हैं लेकिन पारिवारिक विवादों के कारण यह वर्षों से लंबीत था। तहसीलदार ने राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर सभी कास्ट करो को बंटवारे के लाभों से अवगत भी कराया जैसे सीमा ज्ञान की स्पष्ट पत्थर गाड़ी की सुविधा बैंक क्रेडिट लेने में सवालिया पर पारिवारिक विवाद का स्थाई समाधान संस्थाओं के लिए स्पष्ट उत्तराधिकार । इस समस्या का समाधान होने से ग्रामीणों ने हर्ष का माहौल है और किसानों ने उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर को आभार व्यक्त किया और वर्षों से लंबीत थी इसका समाधान होने पर की राहत मिली।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – पाली

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

# सफलता की कहानी

## पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाडा सोनाई मांझी शिविर लीला देवी के जीवन में शिविर लाया उजाला

**ना पढी लिखी ना डिमांड राशि थी फिर भी हुआ बिजली कनेक्शन मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद बिजली विभाग के अभियन्ता प्रकाश पटेल ने कर्त्तव्य परायणता व मानवता की मिसाल की पेश जेब से भरी कनेक्शन की राशि**

मरू लहर न्यूज

**पाली।** मुख्यमंत्री की मंशानुरूप चल रहे अंत्योदय संबल पखवाडा में ग्रामीणों के अनेक काम हो रहे है साथ ही प्रशासनिक कार्य के साथ शिविरों में अनेक ऐसे काम भी हो रहे है जिससे ग्रामीण लाभान्वित भी हो रहे है सरकारी काम के साथ ये शिविर कई बार सामाजिक सरोकार भी निभा रहे है।

ऐसा ही वाक्या सोमवार को जिले की पाली पंचायत समिति की



ग्राम पंचायत मुखयालय सीनाईमांझी पर आयोजित पंडित दीनदयाल दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में हुआ जिसमें आइचिया की लीला देवी पत्नी वसाराम भील के लिए ये शिविर जीवन में उजाला लेकर आया।

**ना तो पढी लिखी हूं ना ही डिमांड राशि भरने के रूपये - लीला देवी**

लीला देवी ने बताया कि वे निर्धन परिवार की महिला है जिनके घर में वर्तमान तक विद्युत कनेक्शन से वंचित थी। वे शिविर में आयी और सहायक अभियन्ता प्रकाश पटेल से संपर्क किया और अपनी व्यथा बताई। उन्होंने बताया कि ना ही वे पढी लिखी है और ना ही कनेक्शन की डिमाण्ड राशि भरने के लिये रूपये है और असमर्थता जताई कि वे निर्धन है विधुत कनेक्शन को फार्म भी नहीं भर पायेगी और ना ही डिमांड राशि दे पायेगी।

सहायक अभियंता प्रकाश पटेल ने स्वंय के स्तर से डिमांड राशि भरी, कर्तव्य परायणता व मानवता की मिसाल पेश की

इस पर सहायक अभियन्ता प्रकाश पटेल जो पाली जिले के ग्रामीण क्षेत्र धौला चौतरा में पदस्थापित है शिविर में लीला देवी को सहायक अभियंता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप और जिला प्रशासन की आमजन के कार्यों और समस्याओं को हल करने व लाभान्वित करने की प्रतिबद्धता कर्त्तव्यपरायणता व मानवता की मिसाल देते हुये लगभग ढ़ाई हजार रूपये की डिमांड राशि का भुगतान स्वंय अपने स्तर से करते हुए लीला देवी के घर पर लाईट कनेक्शन हाथो हाथ जारी किया गया साथ ही उन्हें स्वामित्व योजना के तहत प्रोपर्टी कार्ड भी दिया गया।

लीला देवी ये सब देखकर बेहद खुश हुयी और खुशी से आंसू छलक उठे और उसके जीवन में अब शिविर से उजियारा आ गया इससे भावुक होकर उन्होंने सभी को सरकार व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शासन प्रशासन को व सहायक अभियन्ता प्रधान मोहिनी देवी, सरपंच पूरण कंवर को बहुत बहुत धन्यवाद दिया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर

# ग्रामवासियों की समस्याओं का हुआ समाधान, विकास कार्यों में तेजी के लाने के दिए निर्देश



**नवज्योति/कंटालिया।**

ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई और मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में विशेष रूप से जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि गांव में पेयजल आपूर्ति संबंधित कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण किया जाए। ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी महावीर सिंह जोधा ने वृक्षारोपण को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह कदम ग्रामवासियों द्वारा सराहा गया। वृक्षारोपण से ग्रामीणों को हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर, सरपंच ममता पारस बारूपाल, उपखंड अधिकारी महावीर सिंह जोधा, विकास अधिकारी, भागीरथ सिंह आर आई माधुराम सीरवी पटवारी कैलाश चंद्र लोकेश पंवार, ग्राम विकास अधिकारी, सहित संभी विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय चिकित्सा विभाग डॉ नफीस पुलिस चौकी इंचार्ज मलाराम चौधरी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी और ग्रामीणों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। शिविर के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा शिविर के आयोजन और समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रयासों की सराहना की। यह शिविर न केवल ग्रामीणों के लिए राहत लेकर आया, बल्कि यह सरकार की अंतिम पंक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक बना। आजादी के बाद प्रथम बार पटटा मिलने पर सांगावटों की ढाणी के ग्रामीणों चेहरे खिले स्थानीय पंचायत के अधीन सगंक्तों की ढाणी आजादी के बाद ग्रामीण को पटटे देखकर ग्रामीणों के चेहरे खिले एवं ग्रामीणों ना सरपंच ममता बारूपाल का आभार जताते खुशी जाहिर की1

# बेटी जन्मोत्सव मना नवजात बालिकाओं को दिया सम्मान

भास्कर संवाददाता | पाली

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत हेमावास में महिला अधिकारिता विभाग की ओर से बेटी जन्मोत्सव हुआ। इस कार्यक्रम में 15 नवजात बालिकाओं का केक काटकर बेटी जन्मोत्सव मनाया। कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रधान मोहनी देवी, पंस विकास अधिकारी भगवानसिंह, प्रशासक ग्राम पंचायत मोहनलाल पटेल व भंवरलाल चौधरी, समाजसेवी द्वारा बालिकाओं को बधाई पत्र, उपहार, चॉकलेट, देकर बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र से केंद्र प्रबंधक प्रियंका व्यास ने बताया कि आंतरिक शिकायत समिति, राजकॉप एप, महिला हेल्पलाइन नंबर, साइबर क्राइम व हेल्पलाइन नंबर की विस्तार से जानकारी दी। सुपरवाइजर पिंकी मीणा ने विभाग की मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, शिक्षा सेतु योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, सखी वन स्टॉप सेन्टर, निःशुल्क कम्प्यूटर कोर्स आदि योजनाओं के बारे में आम जन को जानकारी दी।

# बैठक में की पीडीयूएएसपी व हरियालो राजस्थान की प्रगति की समीक्षा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिले की विकास योजनाओं, शिविरों की प्रगति और मानसून से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की गई। मंत्री ने विशेष रूप से पं दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जारी शिविरों की प्रगति पर विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लक्ष्यानुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाले लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। कलक्टर ने सभी विभागों को हरियालो राजस्थान अभियान के तहत लक्ष्यानुसार पौधारोपण की विस्तृत कार्य योजना बनाने और समयबद्ध तरीके से ि यान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग से बांधों में जल स्तर की अद्यतन जानकारी ली तथा संभावित स्थिति के अनुसार आवश्यक तैयारियां रखने को कहा। साथ ही सीएसआर बैठक की तैयारी, पेयजल वितरण, सीवर प्रबंधन और जलभराव से निपटने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। पीएचइडी से जल वितरण व्यवस्था, चिकित्सा विभाग से मौसमी बीमारियों की रोकथाम, दवाइयों की उपलब्धता, रसद विभाग से एनएफएसए की प्रगति, सहकारिता विभाग से फसल बीमा योजना, लोक निर्माण विभाग, कृषि एवं उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। सामाजिक न्याय विभाग की पेंशन सत्यापन और शिक्षा विभाग में पौधारोपण लक्ष्यों की पूर्ति की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

## संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का हो शीघ्र निस्तारण

कलेक्टर ने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। साथ ही इ-फाइलिंग सिस्टम पर कार्य गति बढ़ाने को कहा। राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति एवं ि यान्वयन को लेकर भी आवश्यक चर्चा की गई। नगर निगम, यूआइटी व अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा कर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## यह भी रहे मौजूद

बैठक में आइएफएस पी. बाला मुरूगन, एडीएम अश्विनी के पंवार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, यूआइटी सचिव डॉ. पूजा सक्सेना सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिविर में बांटे स्वामित्व योजना के निशुल्क पट्टे, शिकायतों का हुआ निवारण

**सुमेरपुर. रणवीर राजस्थान।** उपखंड के दुजाना में मंगलवार को ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर प्रभारी नरेंद्र कुमावत ने बताया कि राजस्व विभाग के बटवारा -4, रेकड़ सीमाज्ञान -4, नामान्तरण के -12, टंकी सफाई 1, कृषि विभाग मृदा प्रमाण पत्र 09 तारबंदी पत्रावली- 02 सूक्ष्म सिंचाई योजना नये आवेदन 02, चिकित्सा विभाग द्वारा टीबी रोग की पहचान -02, स्वास्थ्य परीक्षण -118, पेन्शन सत्यापन 36, नरेगा में 3 नए जॉब कार्ड बनाए गये। वही पशुपालन विभाग द्वारा बड़े पशु का टीकाकरण 60 सहित अन्य प्रकरण का निस्तारण किया गया।



शिविर में उपखण्ड अधिकारी कालूराम एवम पंचायत समिति विकास अधिकारी प्रमोद दवे, शिविर प्रभारी नरेन्द्र कुमावत, सहायक अभियंता व प्रशासक कंकू देवी मीना, ग्राम विकास अधिकारी सुरेश राजपुरोहित पटवारी करणसिंह भू अभिलेख निरीक्षक, वार्डपंच सहित ग्रामवासी एवम विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# दुजाना मे दीन दयाल उपाध्याय शिविर में बांटे स्वामित्व योजना के निशुल्क पट्टे- राकेश कुमार लखारा

**कानून व्यवस्था**



**सुमेरपुर/पाली।** मंगलवार को जिले के सुमेरपुर उपखंड क्षेत्र दुजाना ग्राम पंचायत मुख्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर प्रभारी श्रीमान नरेंद्र कुमावत ने बताया कि राजस्व विभाग के बटवारा - 4, रेकड़ सीमाज्ञान - 4, नामान्तरण के - 12, टंकी सफाई 1, कृषि विभाग मृदा प्रमाण पत्र 09 तारबंदी पत्रावली - 02 सूक्ष्म सिंचाई योजना नये आवेदन 02, चिकित्सा विभाग द्वारा टीबी रोग की पहचान - 02, स्वास्थ्य परीक्षण -118, पेन्शन सत्यापन 36, नरेगा में 3 नये जॉब कार्ड बनाये गये पशुपालन विभाग द्वारा बड़े पशु का टीकाकरण 60 सहित अन्य प्रकरण का निस्तारण किया गया। शिविर में सुमेरपुर उपखण्ड अधिकारी कालूराम एवम पंचायत समिति विकास अधिकारी प्रमोद दवे शिविर प्रभारी नरेन्द्र कुमावत सहायक अभियंता व प्रशासक कंकू देवी मीना एवम ग्राम विकास अधिकारी सुरेश राजपुरोहित पटवारी करणसिंह भू अभिलेख निरीक्षक, वार्डपंच सहित ग्रामवासी एवम विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सोनाईमांझी शिविर लीला देवी के जीवन में शिविर लाया उजाला



**(मरूनाद न्यूज)**
**पाली, 08 जुलाई।** मुख्यमंत्री की मंशानुरूप चल रहे अंत्योदय संबल पखवाडा में ग्रामीणों के अनेक काम हो रहे है साथ ही प्रशासनिक कार्य के साथ शिविरों में अनेक ऐसे काम भी हो रहे है जिससे ग्रामीण लाभान्वित भी हो रहे है सरकारी काम के साथ ये शिविर कई बार सामाजिक सरोकार भी निभा रहे है। ऐसा ही वाक्या सोमवार को जिले की पाली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुख्यालय सीनाईमांझी पर आयोजित पंडित दीनदयाल दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में हुआ जिसमें आइचिया की लीला देवी पत्नी वसाराम भील के लिए ये शिविर जीवन में उजाला लेकर आया। लीला देवी ने बताया कि वे निर्धन परिवार की महिला है जिनके घर में वर्तमान तक विद्युत कनेक्शन से वंचित थी। वे शिविर में आयी और सहायक अभियन्ता प्रकाश पटेल से संपर्क किया और अपनी व्यथा बताई। उन्होंने बताया कि ना ही वे पढ़ी लिखी है और ना ही कनेक्शन की डिमाण्ड राशि भरने के लिये रूपये है और असमर्थता जताई कि वे निर्धन है विधुत कनेक्शन का फार्म भी नहीं भर पायेगी और ना ही डिमांड राशि दे पायेगी। सहायक अभियंता प्रकाश पटेल ने स्वंय के स्तर से डिमांड राशि भरी, कर्तव्य परायणता व मानवता की मिसाल पेश की इस पर सहायक अभियन्ता प्रकाश पटेल जो पाली जिले के ग्रामीण क्षेत्र धौला चौतरा में पदस्थापित है शिविर में लीला देवी को सहायक अभियंता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप और जिला प्रशासन की आमजन के कार्यो और समस्याओं को हल करने व लाभान्वित करने की प्रतिबद्धता कर्तव्यपरायणता व मानवता की मिसाल देते हुये लगभग ढ़ाई हजार रूपये की डिमांड राशि का भुगतान स्वंय अपने स्तर से करते हुए लीला देवी के घर पर लाईट कनेक्शन हाथो हाथ जारी किया गया साथ ही उन्हें स्वामित्व योजना के तहत प्रोपर्टी कार्ड भी दिया गया। लीला देवी ये सब देखकर बेहद खुश हुयी और खुशी से आंसू छलक उठे और उसके जीवन में अब शिविर से उजियारा आ गया इससे भावुक होकर उन्होंने सभी को सरकार व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शासन प्रशासन को व सहायक अभियन्ता प्रधान मोहिनी देवी, सरपंच पूरण कंवर को बहुत बहुत धन्यवाद दिया।

**शिविर** • आपसी बंटवारे, नामांतरण और रास्तों से जुड़े मामलों का निपटारा

# सलोदरिया: 3 खाद्य किट, 6 प्रॉपर्टी कार्ड व 4 आवासीय पट्टे वितरित

भास्कर न्यूज | सुमेरपुर

ग्राम पंचायत सलोदरिया में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर लगाया। शिविर राजस्थान सरकार के निर्देश पर हुआ। शिविर में प्रभारी तहसीलदार दिनेश आचार्य, विकास अधिकारी प्रमोद दवे और ग्राम प्रशासक परबतसिंह राणावत मौजूद रहे। पंचायती राज विभाग ने 6 प्रॉपर्टी कार्ड और 4 आवासीय पट्टे दिए। राजस्व विभाग ने आपसी बंटवारे, नामांतरण और रास्तों से जुड़े मामलों का निपटारा किया।

पशुपालन विभाग ने मुख्यमंत्री पशु मंगला बीमा योजना की पॉलिसी जारी की। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने वृद्धावस्था और विधवा पेंशन का सत्यापन किया। बंद पेंशन फिर से शुरू की गई। चिकित्सा विभाग ने दवाइयों का वितरण किया। खाद्य विभाग, पीएचईडी और डिस्कॉम ने शिकायतों का समाधान किया। शिविर में अत्यंत गरीब 3 परिवारों को खाद्य सामग्री के किट दिए। शिविर में पीईईओ किशोर बी परमार, सदस्य दुदाराम माली, चम्पालाल माली, चौथी देवी, सोनी देवी, कानाराम, ग्राम विकास अधिकारी विक्रम कुमार, किशोर सिरवी, कनिष्ठ सहायक गणेशाराम सोनल, सतीश मीणा, पटवारी प्रदीपसिंह, कालूराम मीणा, जलदाय विभाग एईएन खेमराज बैरवा, चिकित्सक, एएनएम, कृषि पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, सहायिका, पशुधन सहायक विमलकुमार सैनी, पंचायत शिक्षक दिलीप कुमार, कानाराम आदि शामिल हुए।

## 15 आवासीय पट्टे व 40 प्रॉपर्टी कार्ड बांटे



पोसालिया | रेवाड़ा पंचायत में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को शिविर लगाया । पोसालिया भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप परमार ने शिरकत की। ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश परिहार ने बताया कि शिविर में 15 आवासीय पट्टों एवं 40 प्रॉपर्टी कार्ड, एक विवाह पंजीयन, पांच जन्म प्रमाणपत्र, एक मृत्यु प्रमाण पत्र, भूमि बटवारा तीन, चार सीमा ज्ञान, दस भू नामांतरण, पेंशन सत्यापन बीस समेत विभिन्न कार्य करवाए गए।

## रूखाड़ा में संबल पखवाड़े में शिविर लगाया



पोसालिया|रुखाड़ा पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया। शिविर प्रभारी तहसीलदार श्याम सिंह शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों से आवेदन लिए। पंचायत द्वारा 41 स्वामित्व कार्ड, 25 पट्टे व 8 पेंशन सत्यापन किए। शिविर में प्रशासक तेजा राम, भबूता राम मीणा, छैल सिंह, श्रवण सिंह, रतन देवासी, श्रीपाल सिंह, अजय पुनिया व श्याम सिंह व विभागों के कर्मचारी सहित वार्ड पंच व मौजूद रहे।

## दुजाना में बंटवारे व सीमाज्ञान के 4-4 प्रकरण निस्तारित

सुमेरपुर | ग्राम पंचायत दुजाना में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 शिविर का आयोजन हुआ। शिविर प्रभारी नरेंद्र कुमावत ने बताया कि शिविर में राजस्व, कृषि, चिकित्सा, पशुपालन और नरेगा विभागों ने ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिया।

राजस्व विभाग ने बंटवारे के 4, सीमाज्ञान के 4 और नामांतरण के 12 प्रकरण निपटाए। टंकी सफाई का 1 कार्य भी हुआ। कृषि विभाग ने 9 मृदा प्रमाण पत्र, 2 तारबंदी पत्रावलियां जारी कीं। सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 2 नए आवेदन लिए गए। चिकित्सा विभाग ने टीबी के 2 मरीजों की पहचान की। 118 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। पेंशन सत्यापन के 36 प्रकरण निपटाए। नरेगा के तहत 3 नए जॉब कार्ड जारी किए। पशुपालन विभाग ने 60 बड़े पशुओं का टीकाकरण किया। शिविर में उपखण्ड अधिकारी कालूराम कुम्हार, विकास अधिकारी प्रमोद दवे आदि रहे।

## बामनेरा कैंप में आवासीय मकानों के पट्टे दिए गए

सुमेरपुर | ग्राम पंचायत बामनेरा में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर एसडीएम कालूराम कुम्हार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ग्राम प्रशासक रमणिक त्रिवेदी ने बताया कि शिविर में आवासीय मकान के पट्टे के लिए वर्ष 2023-24 में जिन पट्टाधारकों ने आवेदन किए थे, उन्हें पट्टा वितरण किया गया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# सुमेरपुर के दुजाना, सलोदरिया, बामनेरा में शिविरों का आयोजन

## ग्रामीणों के लिये लाये अनेक सौगात, शिविरों में हो रहा समस्याओं का समाधान

(मरूनाद न्यूज) पाली, 08 जुलाई। मंगलवार को जिले के पाली ब्लाक के सुमेरपुर की ग्राम पंचायतों दुजाना, सलोदरिया, बामनेरा में शिविरों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर ग्रामीणों के लिये शिविर अनेक सौगाते लाया व उनकी समस्याओं का समाधान हुआ। शिविर प्रभारी नरेन्द्र कुमावत ने बताया कि राजस्व विभाग के बटवारा-04, रेकड़ सीमाज्ञान-04, नामान्तरण के-12, टंकी सफाई 01, कृषि विभाग मृदा प्रमाण पत्र-09 तारबंदी पत्रावली-02 सूक्ष्म सिंचाई योजना नये आवेदन-02, चिकित्सा विभाग द्वारा टीबी रोग की पहचान-02, स्वास्थ्य परीक्षण-118, पेन्शन सत्यापन-36, नरेगा में-03, नये जॉब कार्ड बनाये गये। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा बड़े पशु का टीकाकरण 60, शिविर में उपखण्ड अधिकारी कालूराम कुम्हार एवं विकास अधिकारी प्रमोद दवे, शिविर प्रभारी नरेन्द्र कुमावत सहायक अभियंता व प्रशासक कंकू देवी मीना एवम ग्राम विकास अधिकारी सुरेश राजपुरोहित, पटवारी करणसिंह भू अभिलेख निरीक्षक, वार्डपंच सहित ग्रामवासी एवम विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।



**सलोदरिया में अनेक योजनाओं में किया लाभान्वित** : ग्राम पंचायत सलोदरिया में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग से सीमाज्ञान के 05 पत्थरगढ़ी के 02, नामांतरण के 07, रास्तो के 04 एवं आपसी सहमति से बटवाडे के 01 प्रकरणो का निस्तारण किया गया। साथ ही पंचायती राज में स्वामित्व पट्टों के 04 एवं कृषि विभाग में 03 लाभार्थियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये गए। शिविर में प्रभारी तहसीलदार दिनेश आचार्य, विकास अधिकारी प्रमोद दवे एवं अन्य सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

**बामनेरा शिविर मे पट्टा वितरण व अन्य कार्य हुए** : ग्राम पंचायत बामनेरा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बन्ध पखवाडा 2025 शिविर में ग्राम पंचायत बामनेरा में उपखण्ड अधिकारी कालूराम कुम्हार की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। शिविर में सभी विभागों द्वारा भाग लिया ग्राम पंचायत बामनेरा ने आवासीय मकान के पट्टाधारकों ने आवेदन किए थे, उन्हें पट्टा वितरण किया गया। उपखण्ड अधिकारी कुम्हार ने सभी विभागों की कार्य प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिये निर्देशित किया। इस अवसर पर राजस्व विभाग से तहसीलदार दिनेश आचार्य, विकास अधिकारी प्रमोद दवे, पंचायत समिति सुमेरपुर, केम्प प्रभारी भवानी सिंह राणावत ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमणिकलाल त्रिवेदी, प्रशासक ग्राम पंचायत बामनेरा जुगलकिशोर, ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बामनेरा सहित सभी संबधित विभागों के कर्मचारीगण व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सफलता की कहानी : पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाडा

# सोनाईमांझी शिविर लीला देवी के जीवन में शिविर लाया उजाला

- ना पढी लिखी ना डिमांड राशि थी फिर भी हुआ बिजली कनेक्शन मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद
- डिस्कॉम के अभियन्ता प्रकाश पटेल ने कर्त्तव्य परायणता व मानवता की मिसाल की पेश जेब से भरी कनेक्शन की राशि

**जनगण न्यूज नेटवर्क**

**पाली।** मुख्यमंत्री की मंशानुरूप चल रहे अंत्योदय संबल पखवाडा में ग्रामीणों के अनेक काम हो रहे है साथ ही प्रशासनिक कार्य के साथ शिविरों में अनेक ऐसे काम भी हो रहे है जिससे ग्रामीण लाभान्वित भी हो रहे है सरकारी काम के साथ ये शिविर कई बार सामाजिक सरोकार भी



निभा रहे है।

ऐसा ही वाक्या सोमवार को जिले की पाली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुख्यालय सोनाईमांझी पर आयोजित पंडित दीनदयाल दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में हुआ जिसमें आइचिया की लीला देवी पत्नी वसाराम भील के लिए ये शिविर जीवन में उजाला लेकर आया ।

**ना तो पढी लिखी हूं ना ही डिमांड राशि भरने के रूपये - लीला देवी**

लीला देवी ने बताया कि वे निर्धन परिवार की महिला है जिनके घर में वर्तमान तक विद्युत कनेक्शन से वंचित थी। वे शिविर में आयी और सहायक अभिन्ता प्रकाश पटेल से संपर्क किया और अपनी व्यथा बताई। उन्होंने बताया कि ना ही वे पढी लिखी है और ना ही कनेक्शन की डिमाण्ड राशि भरने के लिये रूपये है और असमर्थता जताई कि वे निर्धन है विधुत कनेक्शन को फार्म भी नही भर पायेगी और ना ही डिमांड राशि दे पायेगी।

**सहायक अभियंता प्रकाश पटेल ने स्वंय के स्तर से डिमांड राशि भरी, कर्तव्य परायणता व मानवता की मिसाल पेश की**

इस पर सहायक अभियन्ता प्रकाश पटेल जो पाली जिले के ग्रामीण क्षेत्र धोला चौतरा में पदस्थापित है शिविर में लीला देवी को सहायक अभियंता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप और जिला प्रशासन की आमजन के कार्या और समस्याओं को हल करने व लाभान्वित करने की प्रतिबद्वता कर्त्तव्यपरायणता व मानवता की मिसाल देते हुये लगभग ढाई हजार रूपये की डिमांड राशि का भुगतान स्वंय अपने स्तर से करते हुए लीला देवी के घर पर लाईट कनेक्शन हाथो हाथ जारी किया गया साथ ही उन्हें स्वामित्व योजना के तहत प्रोपर्टी कार्ड भी दिया गया।

लीला देवी ये सब देखकर बेहद खुश हुयी और खुशी से आंसू छलक उठे और उसके जीवन में अब शिविर से उजियारा आ गया इससे भावुक होकर उन्होंने सभी को सरकार व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शासन प्रशासन को व सहायक अभियन्ता प्रधान मोहिनी देवी , सरपंच पूरण कंवर को बहुत बहुत धन्यवाद दिया।







# बेटी जन्मोत्सव मनाकर नवजात बालिकाओं को दिया सम्मान, जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

मरू लहर न्यूज

**पाली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत हेमावास में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा बेटी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। उपनिदेशक भागीरथ के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में 15 नवजात बालिकाओं का केक काटकर बेटी जन्मोत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रधान मोहनी देवी, पंचायत समिति विकास अधिकारी भगवान सिंह, प्रशासक ग्राम पंचायत मोहनलाल पटेल व भवर लाल चौधरी समाज सेवी द्वारा बालिकाओं को बधाई पत्र, उपहार, चॉकलेट, देकर बेटी जन्मोत्सव मनाया गया।

पत्राधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र से केंद्र प्रबंधक प्रियंका व्यास ने बताया कि आंतरिक शिकायत समिति, राजकॉप एप, महिला हेल्पलाइन नंबर, साइबर क्राइम व हेल्पलाइन नंबर की विस्तार से जानकारी दी।

सुपरवाईजर पिंकी मीणा ने विभाग की मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, शिक्षा सेतु योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, सखी वन स्टॉप सेन्टर, नि:शुल्क कम्प्यूटर कोर्स आदि योजनाओं के बारे में आम जन को जानकारी प्रदान की।

साथिन मुमल द्वारा विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही शिक्षा विभाग, सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज, खाध सुरक्षा विभाग, पशुपालन विभाग आदि विभागो ने विभाग से संबंधित योजनाओं से आमजन को लाभान्वित किया।

# आज व कल यहां लगेंगे पीडीयूएप्सपी शिविर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** पं दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 8 और 9 जुलाई को विभिन्न उपखंड क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत 8 जुलाई को बाली उपखंड के गोरिया, कुण्डाल व आमलिया, मारवाड़ जंक्शन के मुसालिया, बोरनड़ी व कंटालिया, पाली क्षेत्र के हेमावास व मनिहारी, रानी के गजनीपुरा व खिंवाड़ा, रोहट के धोलेरिया शासन, सोजत के खारिया नींव व मेव एवं सुमेरपुर उपखंड के बामनेरा, सलोदरिया व दुजाना में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह 9 जुलाई को बाली के मालनू, लुंदाड़ा व लालपुरा, मारवाड़ जंक्शन के झिंझाड़ी, शेखावास व वोपारी, पाली उपखंड के डेण्डा, गुरलाई व निंबली उर्रा, रानी के नीपल व जीवंदकलां, रोहट के बिठू, सोजत के चाडवास व रेपड़ावास एवं सुमेरपुर के पोमावा व बलाना ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में राजस्व, सामाजिक न्याय, श्रम, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, जलदाय, विद्युत, खाद्य एवं रसद सहित कई विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। ग्रामीण पेंशन स्वीकृति, नामांतरण, बीपीएल कार्ड, श्रमिक पंजीयन, फसल बीमा, चिकित्सा परामर्श, पौधरोपण, विधवा/ वृद्धावस्था/दिव्यांगजन पेंशन जैसी कई योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने ग्रामीणजनों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर लाभ उठाने की अपील की है।

# ग्राम पंचायत बोरनडी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल कैंप आयोजित




**दैनिक पर्यटन बाजार**

**बगडी नगर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार निकटवर्ती ग्रामपंचायत बोरनडी स्थित अटलसेवा केन्द्र में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को प्रदान किया गया । ग्राम विकास अधिकारी रवि आसवानी ने बताया कि राजस्व विभाग 54 नामांतरण 6 आपसी सहमति के बंटवारे 4 नवीन आबादी भूमि पट्टो सम्बंधित मामलो का मौके पर निस्तारण किया गया । शिविर में 25 पेंशन सत्यापन का कार्य सहित अन्य कार्य किये गये ।शिविर प्रभारी नायब तहसील दार फुलाराम मीणा ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दे कर उनकी समस्याओं का समाधान किया 7 शिविर में निवर्तमान सरपंच व प्रशासक धन सिंह कुम्पावत ,पटवारी पिंटु कंवर , पीईईओ प्रधानाचार्य वोराराम पनुसा ,कृषि पर्यवेक्षक सोहनलाल यादव , व्याख्याता रामदर्शन जांगिड ,पंचायत शिक्षक भुंडाराम कंप्यूटर अनुदेशक निर्मल कुमार बोराणा , उप सरपंच वोराराम नायक ,पंप चालक ओमदास वैष्णव सुरक्षा पहरी जगदीश , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पार्वती,चंद्रा कंवर, ममता सहित ग्रामीण उपस्थित थे।अधिकारियों ने शिविर व्यवस्था और सेवाओ की सराहना करते हुए मौके पर मौजूद विभागीय कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

# हेमावास में पखवाड़ा शिविर, निपटाई ग्रामीणों की समस्याएं



हेमावास में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में उपस्थित ग्रामीण व अधिकारी।

**हेमावास@ पत्रिका** निकटवर्ती हेमावास गांव में मंगलवार को राजकीय विद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में पंचायत राज स्वामित्व पट्टा 52 जन्म प्रमाण पत्र, 8 मृत्यु प्रमाण पत्र, 2 जॉब कार्ड, 3 कृषि विभाग, मृदा कार्ड 10, मृदा नमूने 5, पशु विभाग की ओर से 111 बडे पशुओं व 288 छोटे पशुओं का इलाज व 240 टीकाकरण किया तथा दो बांझपन का इलाज किया। राजस्व विभाग से 2 बंटवारे, 2 शुद्धिकरण, 2 नांमातरण किया। इस मौके प्रधान मोहनीदेवी पुखराज पटेल, भगवानसिंह राठौड़ विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर

# बेटी जन्मोत्सव मनाकर नवजात बालिकाओं का किया सम्मान

**नवज्योति/पाली।**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत हेमावास में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा बेटी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। उपनिदेशक भागीरथ के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में 15 नवजात बालिकाओं का केक काटकर बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रधान मोहनी देवी, पंचायत समिति विकास अधिकारी भगवान सिंह, प्रशासक ग्राम पंचायत मोहनलाल पटेल व भवर लाल चौधरी समाज सेवी द्वारा बालिकाओं को बधाई पत्र, उपहार, चॉकलेट, देकर बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र से केंद्र प्रबंधक प्रियंका व्यास ने बताया कि आंतरिक शिकायत समिति, राजकॉप एप, महिला हेल्पलाइन नंबर, साइबर क्राइम व



हेल्पलाइन नंबर की विस्तार से जानकारी दी। सुपरवाईजर पिंकी मीणा ने विभाग की मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, शिक्षा सेतु योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, सखी वन स्टॉप सेन्टर, निशुल्क कम्प्यूटर कोर्स आदि योजनाओं के बारे में आम जन को जानकारी प्रदान की। साथिन मुमल द्वारा विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही शिक्षा विभाग, सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज, खाध सुरक्षा विभाग, पशुपालन विभाग आदि विभागो ने विभाग से संबंधित योजनाओं से आमजन को लाभांवित किया।

# विधायक शोभा चौहान ने शिविरों का किया निरीक्षण



नवज्योति/सोजतसिटी।

राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार सोजत उपखंड में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान मंगलवार को ग्राम पंचायत खारिया नीव एवं मेव में हुए शिविरों का विधायक शोभा चौहान द्वारा निरीक्षण किया गया। विधायक चौहान द्वारा मेव में शिविर के दौरान बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया और शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही मेव और खारिया नीव में लाभान्वितों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान उप प्रधान कन्हैयालाल ओझा, विकास अधिकारी सुरेश कविया, तहसीलदार डॉ दिलीपसिंह सहित अधिकारी व कर्मचारीगण तथा ग्रामवासी शिविर में उपस्थित रहे ।

# सलोदरिया ग्रापं में अंत्योदय संबल शिविर आयोजित

## ग्रामीणों को मिला अनेक योजनाओं का लाभ

नवज्योति/सुमेरपुर।

उपखंड के ग्राम पंचायत सलोदरिया में राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रशासक परबतसिंह राणावत ने की। शिविर में तहसीलदार दिनेश आचार्य व विकास अधिकारी श्री प्रमोद दवे विशेष रूप से मौजूद रहे। शिविर में पंचायती राज विभाग द्वारा 6 प्रॉपर्टी कार्ड और 4 आवासीय पट्टे वितरित किए गए। राजस्व विभाग ने नामांतरण, आपसी बंटवारे व रास्तों से संबंधित मामलों का निस्तारण किया। पशुपालन विभाग द्वारा



मुख्यमंत्री पशु मंगला बीमा योजना के अंतर्गत पॉलिसी जारी की गई। इसके अलावा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने वृद्धावस्था, विधवा पेंशन सत्यापन एवं बंद पेंशनों को पुनः चालू किया। चिकित्सा विभाग द्वारा दवाओं का वितरण किया गया। वहीं खाद्य एवं पीएचईडी तथा विद्युत विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया। शिविर में अत्यंत गरीब 3 परिवारों को खाद्य सामग्री की किट प्रदान की गई।

### शिविर में अधिकारी और ग्रामीण रहे मौजूद

इस अवसर पर पीईईओ किशोर बी. परमार, पंचायत सदस्य दुदाराम माली, चम्पालाल माली, चोथी देवी, सोनी देवी, ग्राम विकास अधिकारी विक्रम कुमार, कनिष्ठ सहायक गणेशराम, सोनल, सतीश मीणा, पटवारी प्रदीपसिंह, एईएन कालूराम मीणा, खेमराज बेरवा, चिकित्सक व एएनएम, कृषि पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, पशुधन सहायक विमलकुमार सैनी, पंचायत शिक्षक दिलीप कुमार व कानाराम, ई-मित्र संचालक मोहनलाल तथा सलोदरिया, फतापुरा और कानपुरा के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सोनाईमांझी शिविर ने लीलादेवी के जीवन में भरा उजियारा

» बिना लिखा-पढ़ी और बिना राशि के मिला बिजली कनेक्शन

» सहायक अभियंता ने पेश की मानवता की मिसाल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविरों में केवल प्रशासनिक सेवाएं ही नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और संवेदना पहुंचाने की मिसालें भी सामने आ रही हैं। पाली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सोनाईमांझी में सोमवार को आयोजित शिविर में एक ऐसा ही भावुक कर देने वाला प्रसंग देखने को मिला, जब निर्धन महिला लीलादेवी पत्नी वसाराम भील के जीवन में शिविर ने रोशनी ला दी। लीलादेवी ग्राम आइचिया की निवासी है व वर्षों से अपने घर में बिना बिजली के जीवन बिता रही थीं। आर्थिक रूप से कमजोर लीलादेवी ना तो डिमांड राशि भरने में सक्षम थीं और ना ही उसे बिजली कनेक्शन के फॉर्म फाइल आदि की ही जानकारी थीं। वे केवल अपनी पीड़ा लेकर शिविर में पहुंची और बिजली विभाग के सहायक अभियंता प्रकाश पटेल से संपर्क किया। लीलादेवी की स्थिति सुनकर सहायक अभियंता प्रकाश पटेल ने जो किया वह सिर्फ एक सरकारी अधिकारी का कर्तव्य नहीं, एक संवेदनशील नागरिक की जिम्मेदारी भी थी। उन्होंने तत्काल फार्मालिटी पूरी करवा करवाई एवं लगभग 2500 की डिमांड राशि स्वेच्छा से अपनी जेब से अदा की व मौके पर ही लीलादेवी के घर बिजली कनेक्शन जारी करवाया। यही नहीं, उन्हें स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्ड भी प्रदान किया गया। अपने घर में उजाला पाकर लीलादेवी खुशी से भावविभोर हो उठीं। उनकी आंखों से आभार के आंसू छलक पड़े। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जिला प्रशासन, प्रधान मोहनी देवी, सरपंच पूरणकंवर, और सहायक अभियंता पटेल का धन्यवाद व्यक्त किया।

# हेमावास में मनाया गया बेटी जन्मोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** पीडीयूएएसपी के तहत हेमावास में महिला अधिकारिता विभाग की ओर से बेटियों के सम्मान में 15 नवजात बालिकाओं के जन्म पर 'बेटी जन्मोत्सव' मनाया गया। केक काटकर और उपहार भेंट कर नवाजात बेटियों का स्वागत किया गया। कार्य म की अध्यक्षता करते हुए प्रधान मोहनीदेवी, विकास अधिकारी भगवानसिंह, ग्राम पंचायत प्रशासक मोहनलाल पटेल और समाजसेवी भंवरलाल चौधरी ने बालिकाओं को बधाई पत्र, चॉकलेट और उपहार भेंट किए। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की प्रबंधक प्रियंका व्यास ने महिला सुरक्षा से जुड़ी सुविधाओं जैसे आंतरिक शिकायत समिति, राजकॉप एप, महिला हेल्पलाइन नंबर, साइबर ' इम सहायता आदि की जानकारी दी। सुपरवाइजर पिंकी मीणा ने मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, शिक्षा सेतु योजना, वन स्टॉप सेंटर और निशुल्क कंप्यूटर कोर्स जैसे कार्य मों की जानकारी देकर लाभ उठाने की अपील की। कार्य म में शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, पंचायतराज, खाद्य सुरक्षा, राजस्व और पशुपालन विभागों ने भी अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।



# आज यहां लगेंगे शिविर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

पाली। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बुधवार को बाली उपखंड के मालनू, लुण्डाड़ा, लालपुरा, मारवाड़ जंक्शन के झिंझाड़ी, शेखावास, वोपारी, पाली उपखंड के डेण्डा, गुरलाई, निंबली उर्रा, रानी उपखंड के नीपल, जीवंदकला, रोहट के बिट्ठू, सोजत के चाडवास, रेपड़ावास तथा सुमेरपुर क्षेत्र के पोमावा व बलाना ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# सोनाई मांझी शिविर ने लीला देवी के जीवन में भरा उजियारा

## ▶▶ बिना पढ़े-लिखे और बिना राशि के मिला बिजली कनेक्शन, सहायक अभियंता ने दिखाई मानवता की मिसाल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





पाली। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविरों में केवल प्रशासनिक सेवाएं ही नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और संवेदना पहुंचाने की मिसालें भी सामने आ रही हैं। पाली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सोनाईमांझी में सोमवार को आयोजित शिविर में एक ऐसा ही भावुक कर देने वाला प्रसंग देखने को मिला, जब निर्धन महिला लीला देवी पत्नी वसाराम भील के जीवन में शिविर ने रोशनी ला दी। लीला देवी, जो ग्राम आइचिया की निवासी हैं, वर्षों से अपने घर में बिना बिजली के जीवन बिता रही थीं। आर्थिक रूप से कमजोर लीला देवी ना तो डिमांड राशि भरने में सक्षम थीं और ना ही बिजली कनेक्शन का फॉर्म भरना जानती थीं। वे केवल अपनी पीड़ा लेकर शिविर में पहुंचीं और बिजली विभाग के सहायक अभियंता प्रकाश पटेल से संपर्क किया। लीला देवी की स्थिति सुनकर सहायक अभियंता प्रकाश पटेल ने जो किया, वह सिर्फ एक सरकारी अधिकारी का कर्तव्य नहीं, एक संवेदनशील नागरिक की जिम्मेदारी भी थी। उन्होंने लगभग 2500 की डिमांड राशि स्वेच्छा से अपनी जेब से अदा की और मौके पर ही लीला देवी के घर बिजली कनेक्शन जारी करवाया। यही नहीं, उन्हें स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्ड भी प्रदान किया गया। अपने घर में उजाला पाकर लीला देवी खुशी से भावविभोर हो उठीं। उनकी आंखों से आभार के आंसू छलक पड़े। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जिला प्रशासन, प्रधान मोहनी देवी, सरपंच पूरण कंवर, और सहायक अभियंता पटेल का दिल से धन्यवाद व्यक्त किया।

# बुधवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर

**मरू लहर न्यूज**

**पाली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत जिलेभर में बुधवार 9 जुलाई को विभिन्न उपखंड क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में आमजन की समस्याओं के निराकरण व उनके कार्य करने के लिये शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

इसके तहत 9 जुलाई को बाली के मालनू, लुण्दाड़ा, लालपुरा, मारवाड़ जंक्शन के झिंझार्डी, शेखावास, वोपारी, पाली के डेण्डा, गुरलाई, निंबली उर्रा, रानी के नीपल, जीवंदकलां, रोहट के बिठू, सोजत के चाडवास, रेपड़ावास एवं सुमेरपुर क्षेत्र के पोमावा व बलाना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित होंगे।

# दुजाना मे दीन दयाल उपाध्याय शिविर में बांटे स्वामित्व योजना के निशुल्क पट्टे, शिकायतों का हुआ निवारण

**मरू लहर न्यूज**

**सुमेरपुर, दुजाना।** मंगलवार को को सुमेरपुर उपखंड क्षेत्र दुजाना ग्राम पंचायत मुख्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर प्रभारी श्रीमान नरेंद्र कुमावत ने बताया कि राजस्व विभाग के बटवारा –4, रेकड़ सीमाज्ञान – 4, नामान्तरण के – 12, टंकी सफाई 1, कृषि विभाग मृदा प्रमाण पत्र 09 तारबंदी पत्रावली – 02 सूक्ष्म सिंचाई योजना नये आवेदन 02, चिकित्सा विभाग द्वारा टीबी रोग की पहचान – 02, स्वास्थ्य परीक्षण –118, पेन्शन सत्यापन 36, नरेगा में 3 नये जॉब कार्ड बनाये गये पशुपालन विभाग द्वारा बड़े पशु का टीकाकरण 60 सहित अन्य प्रकरण का निस्तारण किया गया। शिविर में सुमेरपुर उपखण्ड अधिकारी कालूराम एवम पंचायत समिति विकास अधिकारी प्रमोद दवे शिविर प्रभारी नरेन्द्र कुमावत सहायक अभियंता व प्रशासक कंकू देवी मीना एवम ग्राम विकास अधिकारी सुरेश राजपुरोहित पटवारी करणसिंह भू अभिलेख निरीक्षक, वार्डपंच सहित ग्रामवासी एवम विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।



# कंटालिया में आयोजित पखवाड़ा शिविर में पट्टा पाकर खिले चेहरे



(मरूनाद न्यूज)
कंटालिया, 08 जुलाई। कस्बे में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में ग्रामवासियों की समस्याओं का हुआ समाधान, विकास कार्यों में तेजी के निर्देश। ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई और मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में विशेष रूप से जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि गांव में पेयजल आपूर्ति संबंधित कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी महावीर सिंह जोधा ने वृक्षारोपण को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह कदम ग्रामवासियों द्वारा सराहा गया। वृक्षारोपण से ग्रामीणों को हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर सरपंच ममता पारस बारूपाल, उपखंड अधिकारी महावीर सिंह जोधा, विकास अधिकारी, भागीरथ सिंह आर आई माधुराम सीरवी पटवारी कैलाश चंद्र लोकेश पंवार, ग्राम विकास अधिकारी सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय चिकित्सा विभाग डॉ नफीस पुलिस चौकी इंचार्ज मलाराम चौधरी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी अधिकारियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी और ग्रामीणों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। शिविर के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा शिविर के आयोजन और समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रयासों की सराहना की। यह शिविर न केवल ग्रामीणों के लिए राहत लेकर आया, बल्कि यह सरकार की अंतिम पंक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक बना।

आजादी के बाद प्रथम बार पट्टा मिलने पर सांगावटों की ढाणी के ग्रामीणों चेहरे खिले स्थानीय पंचायत के अधीन सगंक्तों की ढाणी आजादी के बाद ग्रामीण को पट्टे देखकर ग्रामीणों के चेहरे खिले एवं ग्रामीणों ना सरपंच ममता बारूपाल का आभार जताते खुशी जाहिर की।

# सवराड़ शिविर में हुए ग्रामीणों के विभिन्न कार्य

भास्कर न्यूज़ | सोजत रोड

सवराड़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर संपन्न हुआ। प्रशासक ममता महेंद्र कुमार ने बताया की शिविर में नामांतरण 57, सीमा ज्ञान 10, पत्थर गढ़ी 1, सहमति बंटवारा 4, पीडी पालना 1, टीबी जांच 38, गर्भवती जांच 8, मरीज चैकअप 97, सोयल सैंपल 30, सोयल हेल्थ कार्ड 15, प्रोपर्टी पार्सल 24 , पेंशन सत्यापन, राशन सत्यापन, बीपीएल सर्वे आदि कार्य किए गए। उपखंड अधिकारी महावीरसिंह जोधा व मारवाड़ विकास अधिकारी भागीरथसिंह ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों ने पेंशन, विकलांग पेंशन, पशु बीमा, आयुष्मान कार्ड, पानी की समस्याएं, झूलते तार, जर्जर पोल, राजस्व, कृषि कार्य संबंधित समस्याओं से कैम्प प्रभारी को अवगत करवाया। शिविर में नायब तहसीलदार पीरूलाल, अतिरिक्त विकास अधिकारी शौकत हुसैन, सवराड़ विकास अधिकारी विकास संबल, लालचंद मीणा, उपसरपंच भंवरलाल भायल व विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



सोजत रोड. शिविर में ग्रामीणों को पट्टा सुपुर्द किए गए।







### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा

# सुमेरपुर के दुजाना, सलोदरिया, बामनेरा में शिविरों का आयोजन

## ग्रामीणों के लिये लाये अनेक सौगात ,शिविरों में हो रहा समस्याओं का समाधान

मरू लहर न्यूज

**पाली।** मंगलवार को जिले के पाली ब्लाक के सुमेरपुर की ग्राम पंचायतों दुजाना ,सलोदरिया , बामनेरा में शिविरों का आयोजन हुआ । इस अवसर पर ग्रामीणों के लिये शिविर अनेक सौगाते लाया व उनकी समस्याओं का समाधान हुआ। शिविर प्रभारी नरेंद्र कुमावत ने बताया कि राजस्व विभाग के बटवारा - 4, रेकड़ सीमाज्ञान - 4, नामान्तरण के - 12, टंकी सफाई1 ,कृषि विभाग मृदा प्रमाण पत्र - 09 तारबंदी पत्रावली - 02 सूक्ष्म सिंचाई योजना नये आवेदन - 02 , चिकित्सा विभाग द्वारा टीबी रोग की पहचान - 02, स्वास्थ्य परीक्षण - 118, पेन्शन सत्यापन - 36 , नरेगा में - 3 , नये जॉब कार्ड बनाये गये।

साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा बड़े पशु का टीकाकरण 60 ,शिविर में उपखण्ड अधिकारी कलूराम कुम्हार एवम विकास अधिकारी प्रमोद दवे, शिविर प्रभारी नरेन्द्र कुमावत सहायक अभियंता व प्रशासक कंकू देवी मीना एवम ग्राम विकास अधिकारी सुरेश राजपुरोहित ,पटवारी करणसिंह भू अभिलेख निरीक्षक , वार्डपंच सहित ग्रामवासी एवम विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

**सलोदरिया में अनेक योजनाओं में किया लाभान्वित**

ग्राम पंचायत सलोदरिया में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग से सीमाज्ञान के 5 पत्थरगड्डी के 2, नामांतरण के 7, रास्तो के 4 एवं आपसी सहमति से बटवाडे के 01 प्रकरणो का निस्तारण किया गया। साथ ही पंचायती राज में स्वामित्व पट्टों के 4 एवं कृषि विभाग में 03 लाभार्थियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये गए. शिविर में प्रभारी तहसीलदार दिनेश आचार्य, विकास अधिकारी प्रमोद दवे एवं अन्य सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

**बामनेरा शिविर मे पट्टा वितरण व अन्य कार्य हुये**

ग्राम पंचायत बामनेरा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बन्ध पखवाडा 2025 शिविर में ग्राम पंचायत बामनेरा में उपखण्ड अधिकारी कालूराम कुम्हार की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। शिविर में सभी विभागों द्वारा भाग लिया ग्राम पंचायत बामनेरा ने आवासीय मकान के पट्टाधारकों ने आवेदन किए थे, उन्हें पट्टा वितरण किया गया।

उपखण्ड अधिकारी कुम्हार ने सभी विभागों की कार्य प्रगति के बारे में जानकारी ली । उन्होंने ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिये निर्देशित किया। इस अवसर पर राजस्व विभाग से तहसीलदार दिनेश आचार्य, विकास अधिकारी प्रमोद दवे , पंचायत समिति सुमेरपुर, केम्प प्रभारी भवानी सिंह राणावत ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमणिकलाल त्रिवेदी, प्रशासक ग्राम पंचायत बामनेरा जुगलकिशोर, ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बामनेरा सहित सभी संबधित विभागों के कर्मचारीगण व ग्रामीण मौजूद रहे।



## प्रदेश में
## पं. दीनदयाल उपाध्याय
# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा
(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – टोंक

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

दैनिक भास्कर टोंक 09-07-2025

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर, 85 नामातंरण खोले, 11 बंद रास्तों का निस्तारण किया

भास्कर संवाददाता | टोंक

अलियारी पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविर लगाया गया। इस मौके पर शिविर प्रभारी एवं तहसीलदार रतनलाल मीणा ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग की ओर से एक पत्थरगढ़ी, 85 नामांतकरण, 11 बंद रास्तों के प्रकरण व आपसी बटवारा सहमति के 6 प्रकरण आए। इनका निस्तारण किया गया। इसी प्रकार जलदाय विभाग की ओर से 8 हैंडपंपों की मरम्मत की गई। शिक्षा विभाग की ओर से 105 बच्चों को निशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया। शिविर में वनविभाग की ओर से निशुल्क पौधे बांटे गए। इससे पहले शिविर प्रभारी रतनलाल ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को स्थानीय स्तर पर सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ पहुंचाना शामिल है। इस मौके पर सरपंच शिवराज बेनीवाल, उपसरपंच मनराज बैरवा, श्योजीराम, मुकेश मीणा, सीमा मीणा, लक्ष्मी रावत, सीताराम समेत सभी विभागों के कर्मचारी, अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर टोंक 09-07-2025

# कन्या जन्मोत्सव में 5 बेटियों का सम्मान, 187 को आधार सीडिंग

भास्कर न्यूज़ | पीपलू

ग्राम पंचायत बोरखंडीकलां में दीनदयाल अंत्योदय संबल शिविर के तहत कन्या जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक मेरींगटन सोनी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को केंद्र में रखकर हुए इस आयोजन में शिविर प्रभारी अतिरिक्त विकास अधिकारी शंकर सिंह और प्रशासक रामलाल मीणा ने बोरखंडी पंचायत की एक से तीन वर्ष की 5 बालिकाओं को फूलमाला पहनाकर और रोली से अभिषेक कर सम्मानित किया। राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, नामांकरण, रास्ता प्रकरण और आपसी सहमति से बंटवारे के 39 मामलों का निस्तारण किया। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने 10 पुराने और 40 नए पट्टे प्रॉपर्टी पार्सल सहित वितरित किए। खाद्य सुरक्षा योजना में 187 लाभार्थियों की आधार सीडिंग की गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने 11 आयुष्मान कार्ड जारी किए। वन विभाग ने 50 पौधे वितरित किए। पशुपालन विभाग ने 350 से अधिक पशुओं को लंपी रोग से बचाव का टीका लगाया। जल संसाधन विभाग ने नहरों की सफाई करवाई। विद्युत विभाग ने 50 से अधिक मामलों का मौके पर निस्तारण किया।

योजनाओं की दी जानकारी

# दीनदयाल अंत्योदय संबल शिविर में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

पीपलू. दीनदयाल अंत्योदय संबल शिविर ग्राम पंचायत बोरखंडीकलां में कन्या जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक मैरिंगटन सोनी के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को महिला अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को केंद्र में रखते हुए आयोजित इस उत्सव में शिविर प्रभारी अतिरिक्त विकास अधिकारी शंकर सिंह, प्रशासक रामलाल मीणा ने बोरखंडी पंचायत की एक से तीन वर्षीय 5 बच्चियों का फूल माला पहनाकर और रोली अभिषेक कर सम्मान किया।



पीपलू. बोरखंडीकलां में कन्या जन्मोत्सव मनाते हुए।

इस दौरान राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, नामांकरण, रास्ता प्रकरण, आपसी सहमति बंटवारा के 39 प्रकरणों का निस्तारण किया। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज के 10 पुराने व 40 नए पट्टे मय प्रॉपर्टी पार्सल वितरित किए गए। खाद्य सुरक्षा में 187 लाभार्थियों की आधार सीडिंग की गई।



मालपुरा. देवल मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित करते हुए।

## स्वास्थ्य कार्ड बांटे

मालपुरा. देवल व रिण्ड़लिया बुजुर्ग मे मंगलवार को अटल सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित हुआ। शिविर नोडल प्रभारी नायब तहसीलदार जयसिंह ने कहा कि पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ पहुंचना है। शिविर प्रभारी रामेश्वर प्रसाद चौधरी बतांया कि शिविर में प्रधानमंत्री आवास पात्र लाभार्थी का सत्यापन, खाद्य सुरक्षा में वंचित पात्र आवेदकों का सत्यापन, नामांतरण, बंटवारा ,पात्र व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत ,किसानों को मृदा कार्ड वितरण ,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आवेदकों को सौंपे गए। साथ ही बताया कि ग्रामीणों ने आम रास्ते पर अतिक्रमण हटाने, झूलते विद्युत तार कम वोल्टेज विद्युत आपूर्ति वितरण और बाघपुरा गांव में रास्ते पर अतिक्रमण हटाने और कई समस्याओं का मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। रिण्ड़लिया बुजुर्ग में कृषि पर्यवेक्षक लोकेश कुमार दीपक ने किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

# टीबी मरीजों को बांटे पोषण किट




**निवाई.** शिविर के दौरान किट वितरित करते हुए।

**निवाई.** ग्राम पंचायत नोहटा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। इसमें टीबी मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाते हुए चिन्हित मरीजों को पोषण किट दिए गए। मरीजों को मानसिक, साम्‍ाजिक और भावनात्मक सहयोग भी दिया गया। ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर विष्णु कान्त खंगार ने बताया कि शासन की मंशा अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की है। यह शिविर उसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है। कार्यक्रम में प्रीतम कुमार राजवंशी को निक्षय मित्र बनाया गया। उनके माध्यम से एक जरूरतमंद मरीज को पोषण किट दिए। मरीजों ने इसे उम्मीद और सहारे का प्रतीक बताया। इस मौके पर नोडल प्रभारी जीवनराम शर्मा, सह प्रभारी महेंद्र कुमार, डॉ.कल्पना जैन, सीएचओ प्रीतम, एएनएम रचना गुर्जर, नर्सिंग अधिकारी ललित वर्मा, एलटी राजेन्द्र चौधरी, फार्मासिस्ट अंकित जैन, आशा सहयोगिनी और कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# अधिकारी व कार्मिक आपसी सामंजस्य से कार्य करें : चौधरी



**टोडारायसिंह.** मोर में निक्षय किट वितरित करते जलदाय मंत्री।

**टोडारायसिंह.** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोर एवं बांसेड़ा में आयोजित शिविर का जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जायजा लिया। ग्राम पंचायत मोर में आयोजित शिविर में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने विभाग के सभी अधिकारियों से शिविर में किये जा रहे कार्यो के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा शिविर में अधिकारी व कार्मिकों के साथ संबंधित प्रशासक आपसी सामंजस्य के साथ आमजन की समस्याओं के प्रति गंभीर रहे। उन्होंने शिविर के माध्यम से पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने की बात कहीं। इसको लेकर अधिकारियों को आवश्यक सुधार व दिशा-निर्देश दिये। शिविर में जलदाय मंत्री ने ग्राम पंचायत परिसर में पौधारोपण कर हरियाळो राजस्थान पौंधारोपण अभियान में अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। शिविर में उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल पारीक, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, बीसीएमएचओ डॉ. अर्चना सिंह, पूर्व डीआर रामचंद्र गुर्जर समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में हो रहे जरूरी काम, आमजन को मिल रही राहत

खबरों की दुनिया

टोंक। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर आयोजित किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में ग्रामीणों की विगत कई वर्षों पुरानी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण हो रहा है। इसके साथ ही, शिविरों के जरिये ग्रामीणों के जरूरी काम मौके पर ही हो रहे है। इन शिविरों में ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याण की विभिन्न योजनाओं में पंजीकरण कर लाभ पहुंचाया जा रहा है। वहीं ग्रामीण भी मुख्यमंत्री की इस पहल का प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं।

टोंक उपखंड की ग्राम पंचायत मोरभाटियान में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में ग्राम मोडियाला निवासी जगदीश लाल गुर्जर ने शिविर प्रभारी पूजा अटल को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि राजस्व रिकार्ड में उसका गलत नाम दर्ज है जिसको सही किया जाएं। इस पर शिविर प्रभारी पूजा ने संबंधित कार्मिकों को निर्देश दिए कि प्रार्थी के गलत नाम दर्ज के प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही कर राजस्व रिकार्ड में दर्ज गलत नाम की जांच कर उसे सही करें। शिविर प्रभारी पूजा के निर्देश पर संबंधित कार्मिकों ने परिवादी के नाम को राजस्व रिकार्ड में सही कर उसे शुद्ध किया। विगत कई वर्षों से दर्ज गलत नाम एक ही दिन में शुद्ध होने पर परिवादी जगदीश लाल ने राज्य सरकार, जिला एवं उपखंड प्रशासन तथा शिविर प्रभारी पूजा अटल की सराहना कर उनका धन्यवाद देते हुए कहा कि आमजन को लाभान्वित करने के लिए ऐसे शिविरों के आयोजन होना चाहिए।

## नायू बैरवा को दिया पोषण किट

उपखंड पीपलू की ग्राम पंचायत चौगाई के निवासी नाथू बैरवा पुत्र मांगीलाल बैरवा कई दिनों से अत्यधिक खांसी की समस्या से पीड़ित थे। पंचायत में लगाए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ें में उन्होंने



चिकित्सकों को दिखाया। चिकित्सकों से उसे पता चला कि टीबी रोग है। वह अत्यधिक चिंतित हो गए। चिकित्सकों ने नाथू को भरोसा दिलाया कि यह रोग नियमित दवा लेने एवं खानपान का ध्यान रखने से ठीक हो जाता है। यह कोई गंभीर बीमारी नहीं है। शिविर में नाथू बैरवा को निक्षय मित्र द्वारा पोषण किट दिया गया। इसके लिए लाभार्थी बैरवा ने राज्य सरकार को धन्यवाद दिया।

तहसील निवाई की ग्राम पंचायत नोहटा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में कन्हैयालाल पुत्र सीतराम जाट को राहत दी गई। कन्हैयालाल ने शिविर में उपस्थित होकर बताया कि उसकी बहन का नाम राजस्व रिकार्ड में वर्मा पुत्री सीताराम दर्ज हो गया है, जबकि उसकी बहन का सही नाम कर्मा पुत्री सीताराम है। शिविर में उपस्थित संबंधित अधिकारियों ने परिवादी के दस्तावेजों की जांच कर राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर परिवादी को मौके पर ही राहत दी गई। इससे परिवादी काफी खुश




नजर आया। इसी प्रकार तहसील पीपलू की ग्राम पंचायत चौगाई निवासी सीताराम पुत्र ग्यारसा माली को राजस्व रिकॉर्ड में गलत रूप से दर्ज हिस्सा दुरुस्ती को सही कर उसे राहत दी गई। शिविर में तत्काल राहत मिलने पर परिवादी काफी खुश नजर आया।

# जिला कलेक्टर ने अंत्योदय संबल शिविर का किया निरीक्षण, लाभार्थियों को सौंपे आवासीय पट्टे






**टोंक।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने उपखंड निवाई दौरा कर ग्राम पंचायत भरथला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर ने विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का निरीक्षण कर शिविर में आमजन के किए जा रहे काम का अवलोकन किया। उन्होंने लाभार्थियों एवं आमजन से संवाद कर शिविर में लाभ प्राप्त करने एवं शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने उपखंड अधिकारी अनिता खटीक व बीडीओ राजेश्वरी यादव को निर्देश दिये कि शेष रहे कैंपों में सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखे जिससे आमजन को इन कैंपों का पूरा लाभ मिल सके। साथ ही, यह सुनिश्चित करें कि शिविर में अधिकाधिक लोगों की परिवेदनाओं पर आवश्यक कार्यवाही कर मौके पर लाभ दिया जावे।

**अंत्योदय संबल पखवाड़े में लोगों को मिले आवासीय पट्टे**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए सहारा बने है। मंगलवार को ग्राम पंचायत भरथला में आयोजित शिविर में 5 लोगों बलराम सिंह, प्रहलाद सैन, कमलेश कंवर, जसोदा देवी और रमेश चंद मीणा का उनके वर्षो पुराने आवासीय पट्टे का इंतजार खत्म हुआ। इन लोगों को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टे सौंपे गए, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। लाभार्थियों ने कहा कि ग्राम पंचायत में आयोजित इस शिविर में त्वरित कार्रवाई करते हुए, पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव ने उनके आवेदन स्वीकार करवाए। इसके बाद सरपंच और ग्राम पंचायत के कार्मिकों ने सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा किया। आवासीय पट्टे प्राप्त होने पर लाभार्थियों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया।



प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – बांसवाड़ा

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

# अंत्योदय संबल शिविर रोहनवाड़ा आमजन के लिए लाया खुशियों का पैगाम



बांसवाड़ा। हरियाली राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण करते कलक्टर डॉ. यादव। - सिराज शेख



डूंगरपुर। अंत्योदय संबल शिविर रोहनवाड़ा में आमजन राहत प्रदान करते अधिकारी। - मयंक चौबीसा

## बड़ा गड्ढा और बाड़ से अवरुद्ध पुरानी सड़क पर हाथों-हाथ हुई कार्रवाई



सीमलवाड़ा। ढोल कुंजेला में अवरुद्ध सड़क का मौका निरीक्षण करते तहसीलदार पचोली।



सीमलवाड़ा। शिविर में सड़क अवरुद्ध की शिकायत करते ग्रामीण।

# अंत्योदय संबल शिविर में बांटी कीटनाशक, आरोग्य कार्ड बनाए

सज्जनगढ़ | ग्राम पंचायत डूंगरा छोटा, डूंगरा बड़ा और सातसेरा खुर्द में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर हुआ। शिविर में राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, बिजली सहित कई विभागों ने सेवाएं दीं। राजस्व विभाग ने वर्षों से लंबित नामांतरण, सीमांकन, रास्ते के विवाद और दो पीढ़ी पुराने विभाजन जैसे मामलों का त्वरित निस्तारण किया। कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया। शिविर में मक्का की फसल में लगने वाले कीटों से बचाव के लिए कीटनाशक दवाएं वितरित कीं, आरोग्य कार्ड बनाए और पात्र लाभार्थियों को वितरित किए। साथ ही सामान्य स्वास्थ्य जांच भी की गई। बिजली निगम ने क्षेत्र में तारों की मरम्मत की और खंभों को सुधारे। इसके अलावा ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, जनधन खाते, पेंशन योजना, बीमा कवर, डिजिटल भुगतान और सावधि योजनाओं के बारे में बताया गया। शिविर में तहसीलदार हरीश सोनी, नायब तहसीलदार धुलजी दायमा, नायब तहसीलदार मानसी, विकास अधिकारी जगन प्रसाद ओझा, राजस्व निरीक्षक जगदीश नाई, महेश और दूत सिंह सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



Scanned with CamScanner

डूंगरा छोटा, डूंगरा बड़ा और सातसेरा खुर्द में अंत्योदय संबल शिविर

# ग्रामीणों को मिला त्वरित समाधान

**सज्जनगढ़ @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर अभियान के तहत उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत डूंगरा छोटा, डूंगरा बड़ा और सातसेरा खुर्द में मंगलवार को संयुक्त रूप से शिविर लगे।

राजस्व विभाग ने वर्षों से लंबित नामांतरण, सीमांकन, रास्ता विवाद और दो पीढ़ी पुराने विभाजन जैसे प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया। ग्रामीणों ने राहत मिलने पर प्रशासन का आभार जताया। कृषि विभाग ने मक्का फसल में कीट नियंत्रण के लिए कीटनाशक दवाएं वितरित कीं और वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती का मार्गदर्शन दिया। स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत आरोग्य कार्ड बनाए और सामान्य स्वास्थ्य जांच की। क्षेत्र में जर्जर तारों की मरम्मत, खंभों के सुधार और बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया गया। ग्रामीणों को जनधन खाते, पेंशन, बीमा और डिजिटल भुगतान योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र लोगों के मौके पर आवेदन लिए गए। शिविर में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



सज्जनगढ़. शिविर में उपस्थित ग्रामीण एवं अधिकारी।

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

### सफलता की कहानी

### गौतम डिण्डोर को पिता का मृत्यु प्रमाण-पत्र हुआ जारी



बांसवाड़ा। श्री गौतमलाल डिण्डोर पुत्र स्व. श्री लेमजी डिण्डोर निवासी लाड़ुयाआम्बा पंलिमथान तहसील बांसवाड़ा के निवासी है एवं कृषक है कुछ समय पूर्व इनके पिताश्री का देहान्त हो गया है एवं इन्हें इनके मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी।

श्री गौतमलाल को सूचना मिली कि मंगलवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत कैम्प आयोजित किया जा रहा है। कैम्प का लाभ लेते हुए प्रार्थी ने तुरन्त आवेदन किया एवं ग्राम पंचायत द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करते हुए कैम्प में उन्हें मृत्यु प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया।

इसके लिए प्रार्थी माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल जी शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मालिया डिंडोर के लिए शिविर बना वरदान



बांसवाड़ा। पं दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाड़ा के अन्तर्गत मंगलवार को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत ईसरवाला में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम टाटिया के निवासी श्री मालिया डिंडोर शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि इनके पुत्र के मृत्यु होने से इन्हें उसका मृत्यु प्रमाण की आवश्यकता है। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा तुरन्त संबंधित विभाग के कार्मिकों को निर्देश देकर हाथो हाथ दस्तावेज तैयार कराकर ई-मित्र से मृत्यु प्रमाण बनवाने हेतु ऑनलाईन करा ग्राम विकास अधिकारी से ओटीपी दिलवाकर मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी कर राहत प्रदान की गई।

श्री मालिया डिंडोर द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया।

# जिला कलक्टर ने किया ग्राम पंचायत चरकनी में शिविर का निरीक्षण

बांसवाड़ा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को गांगड़तलाई पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चरकनी में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर स्थल पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाएं। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान होना चाहिए।

निरीक्षण के पश्चात जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत चरकनी एवं पंचायत समिति गांगड़तलाई परिसर में 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने आमजन से भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश बसेर, विकास अधिकारी भरत नाई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।







# पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

## स्वामित्व योजनान्तर्गत वरदान बना मियासा अन्त्योदय सम्बल शिविर



**बांसवाड़ा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत मंगलवार को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत मियासा में आयोजित शिविर आमजन के लिये वरदान साबित हुआ। शिविर में विगत कई वर्षो से आवासीय पट्टों के लिये चक्कर काट रहे प्रार्थीयों द्वारा उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर विकास अधिकारी घाटोल को इस समस्या से अवगत कराया गया। जिस पर विकास अधिकारी द्वारा राजस्व विभाग एवं ग्राम पंचायत के कार्मिकों को निर्देश देकर तत्काल लाभार्थियों से दस्तावेज लेकर इनकी फाईल तैयार करा कुल 14 लाभार्थीयों पोनी देवी/धुलजी, छगनलाल/धुलजी, रमणलाल/धुलजी, सुखराम/धूलजी, केशवलाल / धुलजी, सवरी देवी/फुलजी, समसी देवी/रूपा, दिनेशचन्द्र / नारायण, डेंकार/नागजी, नारायण/जीवा, हकरू/जीवा, पेमजी / खानीया, रकमा / देवजी एवं लक्ष्मण/कचरू को राज्य सरकार की महत्वपूर्ण स्वामित्व योजनान्तर्गत हाथो हाथ पट्टा तैयार कर वितरीत कर राहत प्रदान की गई।

सभी 14 लाभार्थियों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, उपखण्ड प्रशासन, तहसीलदार, विकास अधिकारी, अति० प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्राम पंचायत का दिल से आभार व्यक्त किया। जिन्होंने इनकी परेशानी को देखते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल पखवाडे में लाभ दिलाया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया एवं अन्य योजनाओं में आमजन को लाभान्वित कर राहत प्रदान की गई।

## बदिया का जन्म प्रमाण-पत्र जारी होने से खिला चेहरा



**बांसवाड़ा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत सोमवार को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत बिजोर में शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत बिजोर के निवासी बदीया/रामा कटारा द्वारा शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि उनकी भतीजी सुश्री काली कटारा जिसके माता-पिता दोनों की मृत्यु होने से अनाथ होने पर उनके द्वारा गोद लिया गया है। सुश्री काली का नाम उसके माता-पिता के जनाधार में जुडे होने से जन्म प्रमाण-पत्र गत 5 साल से नही बन रहा था जिससे काफी समस्या आ रही थी। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा ई-मित्र से आवेदन कराकर ग्राम विकास अधिकारी से ओटीपी दिलवाकर तुरन्त सुश्री काली कटारा के नाम से जन्म प्रमाण-पत्र जारी किया गया।

सुश्री काली एवं श्री बदीया द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, जिला प्रशासन उपखण्ड अधिकारी विकास अधिकारी, अतिरिक्त विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत का दिल से आभार व्यक्त किया। जिन्होंने मेरी परेशानी को देखते हुए पं दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल पखवाडे में लाभदिलाया।

## दादाजी का मृत्यु प्रमाण-पत्र पाकर रागिनी हुई खुश

**बांसवाड़ा।** प. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत मोरडी निचली में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम मोरडी निचली के निवासी सुश्री रागिनी नाई शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियो को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि इनके दादाजी पन्नालाल नाई/डेंकार के मृत्यु होने से इन्हें उनके मृत्यु प्रमाण की आवश्यकता है। जिस पर उच्चाधिकारियो द्वारा तुरन्त संबंधित विभाग के कार्मिकों को निर्देश देकर हाथो हाथ दस्तावेज तैयार कराकर ई-मित्र से मृत्यु प्रमाण बनवाने हेतु ऑनलाईन करा ग्राम विकास अधिकारी से ओटीपी दिलवाकर मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी कर राहत प्रदान की गई।



सुश्री रागिनी द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी, सहायक अभियंता एवं ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया।

## माता-पिता का मृत्यु प्रमाण-पत्र मिलने से राजेश और हरीशचंद्र को मिली राहत

**बांसवाड़ा।** प. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाड़ा के अन्तर्गत पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत पडौली राठौड में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत पडौली राठौड के ग्राम पडौली राठौड निवासी श्री राजेश डोडीयार एवं श्री हरिशचन्द्र डोडीयार द्वारा शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि इनके माता एवं पता दोनो की मृत्यु वर्ष 2024 को हो चुकी है। आज दिनांक तक मृत्यु प्रमाण जारी नही होने से इन्हें राजकीय कार्यों में काफी समस्याओं का समाना करना पड रहा है। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा तुरन्त संबंधित विभाग के कार्मिकों को निर्देश देकर हाथो हाथ दस्तावेज तैयार कराकर ई-मित्र से मृत्यु प्रमाण बनवाने हेतु ऑनलाईन करा ग्राम विकास अधिकारी से ओटीपी दिलवाकर मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाकर इंतकाली खोलने हेतु पटवारी को पाबन्द कराकर राहत प्रदान की गई। श्री राजेश एवं हरिशचन्द्रा द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय, उपखण्ड प्रशासन, तहसीलदार विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया।





प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – सिरोही

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

# रुखाड़ा में अंत्योदय शिविर आयोजित, पट्टे वितरण किए

**पोसालिया @ पत्रिका.** निकटवर्ती ग्राम पंचायत रूखाड़ा में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन किया गया।

ग्राम विकास अधिकारी श्रीपाल सिंह ने बताया कि शिविर प्रभारी तहसीलदार श्याम सिंह चारण ने राज्य व केन्द्र सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी। शिविर में भाजपा ग्रामीण मंडल पालडी एम अध्यक्ष अजीत सिंह देवडा, प्रशासक तेजा राम, सहायक विकास अधिकारी भबुताराम मीणा, आरआई छैल सिंह, उपसरपंच श्रवणसिंह, जिला परिषद सदस्य रतन देवासी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासक तेजाराम ने आभार व्यक्त किया।



**पोसालिया.** शिविर में पट्टे वितरण करते तहसीलदार चारण व अन्य।

Scanned with CamS

# रोवाड़ा में संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित

पोसालिया @ पत्रिका. समीपवर्ती ग्राम पंचायत रोवाडा में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत परबतसिंह परमार के निर्देशन व भाजपा ग्रामीण मंडल पोसालिया अध्यक्ष प्रताप परमार के आतिथ्य में शिविर का आयोजन किया गया।

ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश कुमार परिहार ने बताया कि शिविर में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष परमार ने राज्य व केंन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर योग्यजन को दिलवाने में सहयोग देने का आह्वान किया। इस मौके पर



**पोसालिया.** रोवाड़ा शिविर में पट्टे वितरण करते अतिथि।

नायब तहसीलदार सिपी चरण, सहायक विकास अधिकारी तिलकराम मीना, रंजीत सिंह परमार, महावीर सिंह देवडा, नाहर सिंह, भू-अभिलेख निरीक्षक सुरेंद्र सिंह सिसोदिया, ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश परिहार, पटवारी शोभा कंवर व समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

Scanned with CamS

# गुंदवाडा में 30 परिवारों को स्वामित्व कार्ड किए वितरित



मंडार. शिविर में मौजूद लाभार्थी। पत्रिका

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**मंडार** . समीपवर्ती ग्राम पंचायत गुंदवाडा में मंगलवार को दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविर आयोजित हुआ। शिविर में प्रभारी उप तहसीलदार पुखराज रावल, सहायक विकास अधिकारी कन्हैयालाल, प्रशासक वगताराम चौधरी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर उप तहसीलदार रावल ने राज्य सरकार की विभिन्न विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान लाभान्वित परिवार के सदस्यों को अपनी पुश्तैनी जमीन के पट्टे प्रदान किए। शिविर में डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता जय कुमार बैरवा, ग्राम विकास अधिकारी निलेश गर्ग, रणजीत वानिका, व्याख्याता हनवंत सिंह चारण, पटवारी दिनेश विश्नोई, वैध मनीष कुमार उपस्थित रहे। शिविर में 30 परिवारों को स्वामित्व कार्ड वितरित किए।

Scanned with CamS

संबल पखवाड़ा • भूतगांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैंप का आयोजन

# जमोतरा और आसपास की सड़क, नाली व लाइट की समस्या बताई

भास्कर न्यूज | जावाल

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जनसेवा योजना के अंतर्गत भूतगांव में मंगलवार को जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया। यह सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक चला। इसमें जामोतरा, भूतगांव और आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे और समस्याएं रखीं।

जनता ने मुख्य रूप से सड़क खराब होना, नालियों की नियमित सफाई नहीं होना, बिजली पोल व लाइट की समस्या और सफाई व्यवस्था की लचर स्थिति के मुद्दे उठाए। जमोतरा से आए ग्रामीणों ने विशेष रूप से नाली व जल निकासी की समस्या बताई। कैंप में मौजूद अधिकारियों में उप प्रधान नारायण सिंह, दिनेश सिंह, श्रवण मेघवाल (जामोतरा), बीडीओ मंचाराम सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में चिकित्सा, बिजली, खाद्य सुरक्षा, पशुपालन, आयुष्मान योजना, जलदाय, ग्रामीण विकास सहित सभी जरूरी विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। एएनएम ममता कुमारी ने शिविर में 70 से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड वितरित किए। मृदा स्वास्थ्य विभाग की ओर से 16 स्वास्थ्य वितरण और 32 नमूना संग्रह किए। पशुपालन विभाग की ओर से 59 पशुपालकों को योजनाओं के तहत पॉलिसी जारी की।

बीडीओ मंचाराम ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा उठाई सफाई, लाइट और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। कुछ समस्याओं का मौके पर सत्यापन कर तुरंत कार्रवाई की है।



शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं जिम्मेदारों को बताई।

## आमलारी पंचायत परिसर में संबल शिविर का आयोजन

कालंद्री | आमलारी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर सांसद लुंबाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित, प्रधान हंसमुख मेघवाल, धरोपी देवी, युगल किशोर धाबाई, प्रदीप सिंह व मोहन मेघवाल की मौजूदगी में हुआ। विभागों के कार्यों की समीक्षा कर जनहित के कार्यों को करने के निर्देश दिए।

## 15 आवासीय पट्टे व 40 प्रॉपर्टी कार्ड बांटे



पोसालिया | रोवाड़ा पंचायत में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को शिविर लगाया । पोसालिया भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप परमार ने शिरकत की। ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश परिहार ने बताया कि शिविर में 15 आवासीय पट्टों एवं 40 प्रॉपर्टी कार्ड, एक विवाह पंजीयन, पांच जन्म प्रमाणपत्र, एक मृत्यु प्रमाण पत्र, भूमि बटवारा तीन, चार सीमा ज्ञान, दस भू नामांतरण, पेंशन सत्यापन बीस समेत विभिन्न कार्य करवाए गए।

## रूखाड़ा में संबल पखवाड़े में शिविर लगाया



पोसालिया | रुखाड़ा पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया। शिविर प्रभारी तहसीलदार श्याम सिंह शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों से आवेदन लिए। पंचायत द्वारा 41 स्वामित्व कार्ड, 25 पट्टे व 8 पेंशन सत्यापन किए। शिविर में प्रशासक तेजा राम, भबूता राम मीणा, छैल सिंह, श्रवण सिंह, रतन देवासी, श्रीपाल सिंह, अजय पुनिया व श्याम सिंह व विभागों के कर्मचारी सहित वार्ड पंच व मौजूद रहे।

Scanned with CamS

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर आयोजित

नवज्योति/आबूरोड। उपलाखेजडा ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को राज्य व केंद्र सरकार की सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री रामलाल रणोरा, भाखर मंडल अध्यक्ष दशरथ सिंह राव, शिविर प्रभारी पुखराज सरेल, देलदर तहसीलदार डूगाराम पुरोहित, पंचायत समिति सदस्य देवाराम गरासिया, स्थानीय सरपंच कोदरी देवी, ग्राम विकास अधिकारी प्रभुराम मीणा, कनिष्ठ सहायक मकनाराम गरासिया, वार्ड पंच धरमाराम समेत वार्ड पंच, विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

Scanned with CamS

# आज यहां आयोजित होंगे शिविर

नवज्योति/सिरोही। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के तहत 9 जुलाई को पंचायत समिति सिरोही की ग्राम पंचायत वराडा व मोहब्बतनगर, पंचायत समिति शिवगंज की ग्राम पंचायत झाडोलीवीर व अन्दौर, पंचायत समिति पिंडवाडा की ग्राम पंचायत काला महादेवखेडा, पंचदेवल व सनवाडा आर, पंचायत समिति आबूरोड की ग्राम पंचायत पाबा, दोयतरा व जायदरा तथा पंचायत समिति रेवदर की ग्राम पंचायत जैतावाडा, बांट व सोरडा में शिविर आयोजित होंगे। यह जानकारी जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने दी।

Scanned with CamS

# रोवाडा में संबल पखवाडा शिविर में जारी किए 50 प्रोपर्टी कार्ड

नवज्योति/पोसालिया। समीपवर्ती ग्राम पंचायत रोवाडा में मंगलवार को संबल पखवाड़े के तहत सरपंच परबतसिंह परमार के निर्देशन व भाजपा ग्रामीण मंडल पोसालिया अध्यक्ष प्रताप परमार के आतिथ्य में शिविर आयोजित हुआ। ग्राम विकास अधिकारी प्रकाशकुमार परिहार ने बताया, शिविर में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रताप परमार ने आमजन से राज्य व केंन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं फायदा हर योग्यजन को दिलवाने में सहयोग करने का आव्हान किया।

शिविर में 15 आवासीय पट्टें व 40 प्रॉपर्टी कार्ड, एक विवाह पंजीयन, 5 जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र 01 , 03 भूमि बंटवारा ,04 सीमा ज्ञान, 10 भू नामांतरण व 20 पेंशन सत्यापन के कार्य निपटाए। इस मौके पर नायब तहसीलदार सीपी चारंण, सहायक विकास अधिकारी तिलकराम मीना, रंजीतसिंह परमार, महावीरसिंह देवड़ा, नाहरसिंह, भू अभिलेख निरीक्षक सुरेंद्रसिंह सिसोदिया, ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश परिहार, पटवारी शोभा कंवर, कनिष्ठ सहायक लाभुराम चौधरी, तेजाराम मीना, राजेन्द्र मीना समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। सरपंच परमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

Scanned with CamS

# आमलारी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर आयोजित

नवज्योति/कालंद्री। आमलारी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में सांसद लुंबाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित, प्रधान हंसमुख मेघवाल, पंचायत प्रशासक धरोपी देवी, शिविर प्रभारी अतिरिक्त विकास अधिकारी युगल किशोर धाबाई, सहयोगी के रूप में प्रदीप सिंह, वीडियो सोहन परमार, कनिष्ठ सहायक नरीगाराम, ग्राम रोजगार सहायक मोहन मेघवाल की मौजूदगी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे। अतिथियों का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर



जनहित के कार्यों को त्वरित निस्तारित करने के निर्देश दिए। शिविर में पांच पुश्तैनी पटटे वितरित किए गए। लंबे समय के बाद अपनी भूमि के पटटे हाथ में आने पर उनके चेहरे पर खुशी दिखाई दी एवं लाभान्वित परिवारों ने सरकार का आभार व्यक्त किया। साथ ही बीपीएल परिवारों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित करने हेतु आवेदन तैयार करवाए गए। वही स्कूल में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया और पेन वितरित की गई।

Scanned with CamS



# रुखाड़ा में संबल पखवाड़ा शिविर में जारी किए 25 पट्टे

नवज्योति / पोसालिया।

निकटवर्ती ग्राम पंचायत रूखाडा में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन हुआ।

ग्राम विकास अधिकारी श्रीपाल सिंह ने बताया, शिविर में शिविर प्रभारी तहसीलदार श्यामसिंह चारण ने राज्य व केन्द्र सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर हर योग्यजन को लाभान्वित कराने में योगदान देने का आव्हान किया।

इस मौके ग्रामीणों से आवेदन लेकर संबंधित विभागों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। शिविर में पंचायत ने 41 स्वामित्व कार्ड व 25 पट्टे जारी कर 8 पेंशन सत्यापन किया। शिविर में भाजपा ग्रामीण मंडल पालडी एम अध्यक्ष अजीतसिंह देवड़ा, प्रशासक तेजाराम, सहायक विकास अधिकारी भबुताराम मीणा, आरआई छैलसिंह, उपसरपंच श्रवणसिंह, जिला परिषद सदस्य रतन देवासी, ग्राम विकास अधिकारी श्रीपाल सिंह, पटवारी अजय पुनिया, कनिष्ठ सहायक श्याम सिंह व कई विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासक तेजाराम ने आभार व्यक्त किया।

Scanned with CamS

# जनता की समस्याओं का हाथों हाथ निस्तारण करना शिविर का मुख्य उद्देश्य: रावल

## गुंडवाड़ा पंचायत में दीनदयाल उपाध्याय शिविर का हुआ आयोजन

नवज्योति/मंडार।

कस्बे के निकटवर्ती गांव गुंडवाड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रभारी रेवदर उप तहसीलदार पुखराज रावल एवं अतिरिक्त पंचायत समिति विकास अधिकारी कन्हैयालाल द्वारा की गई। इस मौके पर शिविर प्रभारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का भी आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गरीब उत्थान के लिए विशेष योजना चलाई जा रही है एवं इस योजनाओं के माध्यम से सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को संबल प्रदान करना चाहती है जिसका हमें अधिकाधिक लाभ लेना चाहिए। शिविर को अतिरिक्त पंचायत समिति विकास अधिकारी



कन्हैयालाल ने भी संबोधित किया। उन्होंने सरकार की पंचायती राज योजना से भी अवगत करवाया। शिविर के दौरान पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी निलेश कुमार के द्वारा समस्त ग्रामीणों को सरकार की योजना से अवगत करवाते हुए मानसून के दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का भी आग्रह किया। वहीं उन्होंने पंचायत की ग्राम सभा में उपस्थित रहकर गांव के विकास की रूपरेखा एवं प्रस्ताव देने का भी आग्रह किया। शिविर के दौरान प्रशासक जगराम चौधरी एवं पटाना भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप रामपुरा एवं पीथापुरा पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी रणजीत कुमार वाल्मीकि भी उपस्थित थे।

### पटटे पाकर चेहरे पर दिखी खुशी

शिविर के दौरान लोगों को अपने भूमि के पटटे वितरित किए गए एवं लंबे समय के बाद अपनी भूमि के पटटे हाथ में आने पर उनके चेहरों पर खुशी दिखाई दी एवं लाभार्थी परिवारों ने सरकार का आभार व्यक्त किया। वहीं इस शिविर के दौरान पेंशन के आवेदन भी प्राप्त हुए जिनका मौके से ही हाथों हाथ निस्तारण करवा दिया गया। शिविर के दौरान राजस्व विभाग के द्वारा ग्रामीणों के कई कार्य संपादित किए गए।

Scanned with CamS

# अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन

## सांसद एवं जिला प्रमुख ने लाभार्थियों को वितरित किए पट्टे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। सांसद लुम्बाराम चौधरी एवं जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने मंगलवार आमलारी में शिविर का निरीक्षण कर उन्होंने प्रत्येक विभाग की टेबल पर जाकर कार्यों की जानकारी ली। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए आमजन को योजनाओं का लाभ देने की बात कही।



मंडार। सोनेला में दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर मुख्य अतिथि प्रधान राधिका देवी एवं शिविर प्रभारी उप तहसीलदार जब्बरसिंह ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। इस अवसर पर प्रधान देवासी ने बताया कि सरकार के द्वारा आम जनता को राहत प्रदान करने एवं मौके से ही समस्या का समाधान करने के लिए इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उप तहसीलदार जब्बरसिंह ने सभी को शिविर का शत प्रतिशत लाभ लेने का आह्वान किया। सोनेला प्रशासक पीराराम मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी कमलेश पुरोहित आदि मौजूद थे। इधर गुंदवाडा में शिविर में प्रभारी उप तहसीलदार पुखराज रावल, सहायक विकास अधिकारी कन्हैयालाल, प्रशासक वगताराम चौधरी की उपस्थिति शिविर का आयोजन किया गया। पुखराज रावल ने ने राज्य सरकार की विभिन्न विभाग की जनकल्याणकारी योजनायो की अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। पुश्तैनी जमीन के पट्टे एवं स्वामित्व कार्ड वितरित किए गए। नवप्रवेशित बालक बालिकाओं का अतिथियों की ओर से माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। अमुदेवी एवं बाबूलाल मेघवाल को स्वामित्व कार्ड वितरित किए। पुराने कई वर्षों से बंद रास्तों को खुलवाए गए। कर्मचारी डिस्कॉम के कनिष्क अभियंता जय कुमार बैरवा, ग्राम विकास अधिकारी निलेश गर्ग, रणजीत वानिका, व्याख्याता हनवंतसिंह चारण,पटवारी दिनेश विश्नोई एवं वैध मनीष कुमार उपस्थित रहे।



कालन्द्री। आमलारी में शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें सांसद लुंबाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रधान हंसमुख मेघवाल, पंचायत प्रशासक धरोपी देवी, शिविर प्रभारी अतिरिक्त विकास अधिकारी युगल किशोर धाबाई, प्रदीप सिंह, वीडियो सोहन परमार, कनिष्ठ सहायक नरीगाराम, ग्राम रोजगार सहायक मोहन मेघवाल की मौजूदगी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे। अतिथियों का सम्मान किया गया। शिविर में पांच पुश्तैनी पट्टे वितरित किए गए। लंबे समय के बाद अपनी भूमि के पट्टे हाथ में आने पर उनके चेहरे पर खुशी दिखाई दी एवं लाभान्वित परिवारों ने सरकार का आभार व्यक्त किया। साथ ही बीपीएल परिवारों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित करने के लिए आवेदन तैयार करवाए गए। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया और पेन वितरित की गई। पंचायत मुख्यालय में अतिरिक्त विकास अधिकारी द्वारा एक पौधा मां के नाम पर लगाकर पौधारोपन किया गया। इस मौके शिविर में सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



पोसालिया। रुखाड़ा गांव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार श्यामसिंह शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई ग्रामीणों से आवेदन लिए गए। प्रशासक तेजाराम, सहायक विकास अधिकारी भभुताराम मीणा, आरआई छैलसिंह, उपसरपंच श्रवणसिंह, जिला परिषद सदस्य रतन देवासी, ग्राम विकास अधिकारी श्रीपालसिंह, पटवारी अजय पुनिया, कनिष्ठ सहायक श्यामसिंह समेत ग्रामीण मौजूद थे।

Scanned with CamS



प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – बूंदी

–:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::–



## प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – हनुमानगढ़

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

### रावतसर पंचायत डीडब्ल्यूएम में लगा शिविर, 40 किसानों को मिले मृदा स्वास्थ्य कार्ड

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा

# पट्टा जारी कर मालिकाना हक दिलवाया

भास्कर संवाददाता | रावतसर




राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार गरीबी मुक्त राजस्थान के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में मंगलवार को रावतसर ब्लॉक की ग्राम पंचायत डीडब्लूएम में आयोजित शिविर में आने वाले हर परिवादी को परेशानियों से राहत मिली। शिविर में ग्राम पंचायत द्वारा 5 लोगों को मालिकाना हक के लिए पट्टे जारी किए। लाभार्थी ताराचंद पुत्र प्रभाती राम ने अवगत कराया उनके पास अपने आवासीय भूखंड के मूल दस्तावेज न होने के कारण काफी दिक्कतों का सामान करना पड़ रहा था।

उन्होंने ग्राम पंचायत में आवेदन किया था। आज उन्हें भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा शिविर के आयोजन की सूचना मिली तो शिविर में उसकी समस्या का तत्काल समाधान करते हुए शिविर में मौजूद, शिविर प्रभारी तहसीलदार पायल अग्रवाल, सहप्रभारी सहायक विकास अधिकारी श्योपतराम भांभू व प्रशासक ग्राम पंचायत लक्ष्मी शार्दूल सिंह बिजारणियां व ग्राम विकास अधिकारी सत्यप्रकाश गुर्जर ने पट्टा जारी कर मालिकाना हक सुपुर्द किया जिससे उनके चेहरे खुशी से चमक उठे। आवासीय भूखंड का पट्टा मिलने से सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

वहीं कृषि विभाग ने प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत 40 किसानों को शिविर में मृदा कार्ड जारी किए। जिससे किसानों को खेत में संतुलित उर्वरक प्रयोग करने, मृदा में किसी पोषक तत्व की कमी या अधिकता के बारे में पता लगने से उपचार करने से आर्थिक नुकसान से बचा जा सकेगा।

वहीं चक 3 आरडब्लूएम में प्रार्थी रामनिवास, रामस्वरूप, नत्थूराम पुत्र सहीराम जाति कुम्हार ने अपनी कृषि भूमि के बंटवारे को लेकर लगभग 20 वर्षों से आपसी मतभेद चल रहा था जिस कारण बंटवारा नहीं हो पा रहा था।

राजस्व विभाग के एसडीएम संजय अग्रवाल, तहसीलदार पायल अग्रवाल, भू.अ.नि. विजेंद्र बिश्नोई, पटवारी रवि सिहाग व राजाराम की तत्परता से आपसी सहमति से प्रार्थी की भूमि का बंटवारा कर प्रार्थी को राहत पहुंचाई तथा 40 लम्बित नामांतरण का तत्काल नामांतरण स्वीकृत कर आमजन को राहत पहुंचाई।

Scanned with CamScanner

# शिविर में बांटे पट्टे, ग्रामीणों को मिला लाभ

**संगरिया.** गांव मोरजंडसिखान और नाथवाना में शिविर का आयोजन सोमवार को हुआ। पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण जैन ने इनका उद्घाटन किया। इनमें सरकारी योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाया गया। नाथवाना में पात्र परिवारों को पट्टा मय 50 प्रोपर्टी कार्ड और 20 आवासीय पट्टे वितरित किए गए। दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के अन्तर्गत पात्र परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस मौके पर संरपच मोरजंडसिखान मनजिंद्र कौर, नाथवाना सरपंच रोशनी देवी, एसडीएम जय कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू, बीडीओ, ग्राम विकास अधिकारी मनदीपसिंह तथा मैनुद्दीन अंसारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुधीर गोदारा, राकेश बारुपाल आदि मौजूद रहे। [पसं.]



संगरिया: नाथवाना शिविर में ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

Scanned with CamScanner

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# कलक्टर ने किया बड़ोपल में आयोजित शिविर का निरीक्षण

### अधिकारियों को योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश



तेज. रिपोर्टर. पीलीबंगा। ग्राम पंचायत बड़ोपल में आयोजित शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का जिला कलेक्टर खुशाल यादव ने निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों को इन शिविरों में पूर्व तैयारियों के साथ आने के निर्देश दिए और ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने मौके पर ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं को भी सुना और उपखंड अधिकारी अमिता बिश्नोई को समाधान के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि इस पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाना है। शिविर में नामातंरण, रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण, आपसी सहमति से बंटवारे, स्वामित्व पट्टे बांटना, जल संरचाओं की मरम्मत, विद्युत पोल सही करना एवं झुलते तारों को खिंचवाना, लंबित नल कनेक्शन जारी किये जाएंगे।साथ ही, पानी की टंकियों की साफ-सफाई, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण, सूक्ष्म सिंचाई योजना के अंतर्गत ड्रिप मिनी एवं फव्वारा की स्वीकृति जारी करने संबंधी कार्य होंगे। कलेक्टर ने मौके पर ही लाभार्थियों को मालिकाना हक पट्टा दिया। वहीं उन्होंने ग्राम पंचायत में सेम का पानी निकासी हेतु स्थापित पंप सेट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम अमिता बिश्नोई, तहसीलदार नवीन गर्ग समेत ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

ईक्लीनर्स

Scanned with CamScanner

# मालिकाना हक मिला तो खिले चेहरे, दो दशक पुराने भूमि विवाद का हुआ समाधान

तेज. रिपोर्टर | रावतसर



प्रदेश सरकार के 'गरीबी मुक्त राजस्थान' संकल्प को साकार करती पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत रावतसर ब्लॉक की ग्राम पंचायत 4 डीडब्ल्यूएम में मंगलवार को आयोजित शिविर आमजन के लिए राहत लेकर आया। शिविर में जहां 5 लाभार्थियों को मालिकाना हक के पट्टे जारी किए गए, वहीं वर्षो पुराने विवादों का भी निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत दी गई। ग्रामवासी ताराचन्द ने बताया कि उनके पास अपने आवासीय भूखण्ड के मूल दस्तावेज नहीं थे, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शिविर में तहसीलदार श्रीमती पायल अग्रवाल, सहायक विकास अधिकारी श्योपतराम भाम्भू, ग्राम पंचायत प्रशासक श्रीमती लक्ष्मी शार्दूल सिंह बिजारणियां एवं ग्राम विकास अधिकारी सत्यप्रकाश गुर्जर की उपस्थिति में उन्हें पट्टा जारी कर मालिकाना हक सौंपा गया। इस पर ताराचंद ने राहत की सांस ली और सरकार का आभार व्यक्त किया।

**40 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड**

शिविर में कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत 40 किसानों को कार्ड वितरित किए गए, जिससे उन्हें खेत की मिट्टी की पोषण स्थिति की जानकारी मिल सकेगी। इससे वे संतुलित उर्वरक का उपयोग कर आर्थिक नुकसान से बच पाएंगे।

**20 साल पुराना भूमि विवाद सुलझा:** चक 3 आरडब्ल्यूएम के निवासी रामनिवास, रामस्वरूप, नत्थूराम के बीच 20 वर्षों से कृषि भूमि का बंटवारा नहीं हो पा रहा था। शिविरों में राजस्व टीम की तत्परता से आपसी सहमति बनी और मौके पर ही बंटवारा कर प्रार्थियों को राहत दी गई।

शिविर में 40 लंबित नामांतकरण प्रकरणों का भी मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर की त्वरित कार्यवाही और समाधानपरक पहल ने आमजन में सरकार के प्रति विश्वास और संतोष की भावना को और प्रबल किया। ग्रामीणों ने इस प्रभावी शिविर आयोजन पर सरकार का आभार व्यक्त किया।

Scanned with CamScanner

उपस्थित में उन्हें पट्टा जारी कर निवासी रामनिवास, रामस्वरूप, का आभार व्यक्त किया।

# एकल नारी, पेंशनधारी, बेटी की शादी पर मिला सरकार का सहारा, तो बोली: धन्यवाद थारा

## - पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों से लाभान्वित हो रहा आमजन

तेज. रिपोर्टर | टिब्बी



प्रदेश सरकार की 'अंत्योदय की भावना' अब हकीकत में साकार हो रही है। ग्राम पंचायत 4 केएसपी में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में एक विधवा महिला की बेटी की शादी में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से मिली आर्थिक सहायता ने नारी गरिमा और सरकार के संवेदनशील प्रशासन की मिसाल पेश की। शिविर में ग्राम 2 केएसपी निवासी कृष्णा देवी (53) पति स्व. साहबराम, जो कि विधवा पेंशनधारी हैं, ने अपनी बेटी अनामिका की शादी की थी। उनके पास शादी के खर्च उठाने की सीमित सामर्थ्य थी। शिविर में पहुंचे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से सतीश कुमार ने जब मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की जानकारी दी, तो महिला ने आवेदन किया और 41,000 रुपए की सहायता राशि की स्वीकृति तत्काल जारी की गई।

**दूसरी बेटी को भी मिलेगा साथ:** कृष्णा देवी की एक और बेटी की शादी प्रस्तावित है। जब उन्हें बताया गया कि वह इसके लिए भी इस योजना के तहत लाभ ले सकती हैं, तो उनकी आँखों में उम्मीद और चेहरे पर संतोष झलकने लगा। इस पर उन्होंने भावुक होकर कहा: 'सरकार थारी बहुत मेहरबानी, थारा धन्यवाद!'

शिविर में तहसीलदार हरीश कुमार टाक, अतिरिक्त विकास अधिकारी शिवभगवान, सीबीईओ लालचंद गुड़ेसर, प्रधानाचार्या श्रीमती कृष्णा चौधरी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि लखविंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिलना सुनिश्चित किया गया।

Scanned with CamScanner



## प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – जोधपुर

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

दैनिक भास्कर, जोधपुर, बुधवार, 9 जुलाई, 2025 | 15

# शिविर में उमड़े ग्रामीण, अधिकारियों ने किया समस्याओं का निस्तारण









भास्कर न्यूज | आसोप

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को आसोप क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न विभागों की ओर से आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया तथा अनेक योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को प्रदान किया गया। रजलानी में आयोजित शिविर में पंचायतीराज, राजस्व, चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, पशुपालन, वन, परिवहन सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता रही।

सरपंच पारस गुर्जर ने बताया कि शिविर में बीपीएल परिवारों का सर्वे, बैंक खाता सत्यापन, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण, राशन कार्ड में नाम सुधार, एनएफएसए योजना में नाम जुड़वाना, पालनहार योजना के आवेदन, बिजली आपूर्ति समस्याओं का समाधान, ट्रांसफॉर्मर स्थापना, ड्रॉपआउट विद्यार्थियों का नामांकन, खातेदारी भूमि का आपसी सहमति से विभाजन जैसे कार्य संपादित किए गए। इसके अलावा नए जल कनेक्शन, पट्टा वितरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा पौधों का वितरण भी किया गया। खेतों तक रास्ता खुलवाने जैसी समस्याओं पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। शिविर में नायब तहसीलदार सुरेश विश्नोई, पटवारी चेतनराम, ग्राम विकास अधिकारी मनीष बेड़ा, डॉ. सुनील कुमार, एलडीसी गंगाराम देवासी, नर्सिंग ऑफिसर राजेन्द्र चंदेल, एएनएम रचना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

वहीं मंगेरिया व ढंढोरा गांवों में आयोजित शिविर में तहसीलदार खराराम चौधरी, जबकि ढंढोरा में विकास अधिकारी ओमप्रकाश जाखड़ की उपस्थिति में शिविर आयोजित हुआ। ग्राम विकास अधिकारी राजबाला लांबा एवं महेंद्र न्याला ने बताया कि दोनों गांवों में आमजन की विभिन्न समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान मंगेरिया सरपंच ओमाराम राव और ढंढोरा सरपंच सुखराम मेघवाल ने पात्र लाभार्थियों को पट्टे एवं स्वामित्व कार्ड वितरित किए। शिविर में आशा सहयोगिनी गोमती कुड़िया, रामप्रीत, उर्मिला, कमला, सुमन, महेंद्र प्रजापत सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान ग्राम पंचायत मंगेरिया व ढंढोरा में सरपंच ओमाराम राव व सुखराम मेघवाल के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इस मौके तहसीलदार खराराम चौधरी, विकास अधिकारी ओमप्रकाश जाखड़, ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र न्याला, राजबाला चौधरी की उपस्थिति में 21 पौधे लगा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।

**बरसिंगों का बास|** ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में ग्रामीणों के राजस्व विभाग, पंचायतीराज, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के लंबे समय से पेंडिंग चल रहे कार्यों का शिविर में निस्तारण हुआ। शिविर में पहुंचे अधिकारियों ने राज्य सरकार की ओर से संचालित होने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। वहीं शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार राजबहादुर सिंह ने बताया कि शिविर में क्षेत्र के किसानों के राजस्व विभाग के चार लंबित बंटवारा किया पेमाइश, पत्थर गड्डी, बंद रास्ता एवं गांव की ओरण एवं गोचर भूमि में अवैध अतिक्रमणों की शिकायतें मिलने पर उनकी जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया गया। शिविर में विकास अधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सायताराम चौधरी, पटवारी मंजू बिश्नोई, सुमेराराम, राजू सिंह भाटी सहित ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचायत परिसर में पौधरोपण किया गया।

**आसन|** विश्वकर्मा नगर में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर का कलेक्टर श्वेता चौहान ने निरीक्षण किया साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं की प्रभावशीलता की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचे। शिविर के दौरान पौधरोपण कार्यक्रम भी हुआ। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रेवतसिंह सिन्धा, छैलूसिंह सहित अनेक ग्रामीण, जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

दैनिक नवज्योति
जोधपुर, बुधवार, 9 जुलाई 2025

# रजलानी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर का हुआ आयोजन

## आमजन हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित

नवज्योति/भोपालगढ़।

क्षेत्र के रजलानी गांव में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हुए शिविर में आमजन की विभिन्न समस्याओं का हाथोंहाथ समाधान किया गया। युवा सरपंच पारस गुर्जर ने बताया कि शिविर में आमजन के लिए पंचायतीराज विभाग द्वारा बीपीएल में चयनित परिवारों का सर्वे कर बैंक खातों का सत्यापन, जन्म, मृत्यु व विवाह पंजीकरण, राशन कार्ड में दर्ज गलत नाम का सही करवाना, एनएफएसए के तहत फ्री गेहूं वितरण योजना में नाम जुड़वाना, दिव्यांगों के लिए पालनहार योजना के आवेदन, बिजली आपूर्ति की समस्या, नए ट्रांसफार्मर लगाने, ड्रॉप आउट विद्यार्थियों का सरकारी विद्यालयों में प्रवेश करवाकर नामांकन वृद्धि करने, खातेदारी जमीन में आपसी सहमति से विभाजन करवाना सहित विभिन्न विभागों के कार्यों का हाथोंहाथ निस्तारण करवाया गया। साथ ही शिविर के दौरान नए जल कनेक्शन, पट्टे, मृदा स्वास्थ्य कार्ड व पौधों का भी वितरण किया गया। वहीं आमजन को खेत तक जाने के लिए रास्ता खुलवानें संबंधी प्रार्थना पत्र भी प्राप्त हुए जिनका जल्द ही निस्तारण किया जाएगा। शिविर में पशुपालन, चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, वन, परिवहन व पंचायतीराज विभाग के भी कई कार्यों का निस्तारण किया गया। शिविर के दौरान युवा सरपंच पारस गुर्जर ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि रजलानी में बहुत ही कम शिकायतें दर्ज हुई है जिनका भी मौके पर निस्तारण करवा दिया गया।



कुछ शिकायतें उपखंड लेवल की है जिनके लिए शिविर प्रभारी ने एक सप्ताह में समाधान करवाने का आश्वासन दिया है। मेरी ग्राम पंचायत की जनता संतुष्ट है और समय समय पर मैं पारस आपके द्वार मुहिम के माध्यम से जनता की समस्या सुनकर जयपुर, जोधपुर व भोपालगढ़ स्तर पर जाकर समाधान करवाता रहता हूं ताकि आम आदमी को दर दर की ठोकरें खाते हुए नहीं भटकना पड़े। एक जागरूक, उच्च शिक्षित व युवा जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं हरसंभव प्रयास करके न केवल अभूतपूर्व विकास कार्य करवाने में कामयाब हुआ बल्कि आमजन के हित में कई ऐतिहासिक फैसले भी लिए जिससे लोगों का जीवन स्तर भी सुधरा है और प्रत्येक ग्रामीण को हर सरकारी योजना की सुविधाएं भी मिली है। विकास यात्रा का कर्म निरंतर जारी है, कुछ काम जो अधूरे है उनको भी जल्दी से जल्दी पूरा करवाने हेतु मेरी टीम लगी हुई है व मैं स्वयं पूरे दिन मॉनिटरिंग कर गुणवत्तापूर्ण व समय पर कार्य संपन्न करवाने के लिए कटिबद्ध हूं।

शिविर में नायब तहसीलदार सुरेश विश्नोई, पटवारी चेतनराम, ग्राम विकास अधिकारी मनीष बेड़ा, डॉ. सुनीलकुमार, एलडीसी गंगाराम देवासी, नर्सिंग ऑफिसर राजेन्द्र चंवेल, एएनएम श्यामा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

सच मीडिया | जोधपुर सिटी | जोधपुर, बुधवार 9 जुलाई, 2025

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा : सफलता की कहानी

# मकान मिला 'कागज़ों में' तो मिली आत्मा को तसल्ली-स्वामित्व योजना बनी संबल का आधार

● सच मीडिया

जोधपुर। राज्य सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत पंचायत समिति चौपासनी की ग्राम पंचायत मंगेरिया व हरढाणी में आयोजित जनकल्याण शिविरों ने ग्रामीण परिवारों को वह सौगात दी, जिसका वर्षों से सपना देखा जा रहा था – अपने ही घर का कानूनी स्वामित्व प्रमाण पत्र। स्वामित्व योजना के तहत आबादी भूमि पर बने आवासों के पट्टे और प्रोपर्टी कार्ड वितरण के साथ ही एक नई उम्मीद और आत्मसम्मान की भावना ग्रामीणों में जागृत हुई।

## मंगेरिया में श्याम प्रसाद की माता को मिला मकान का स्वामित्व

ग्राम पंचायत मंगेरिया के लाभार्थी श्री श्याम प्रसाद पुत्र श्री कानाराम की माता जी को उनके आवासीय मकान का पट्टा और स्वामित्व योजना के तहत प्रोपर्टी कार्ड शिविर में शिविर प्रभारी अधिकारी श्री ... चौधरी द्वारा प्रदान किया गया। दस्तावेज हाथ में आते ही परिवार की आंखों में संतोष और चेहरे पर विश्वास साफ झलकने लगा। परिवार ने बताया की "अब हमें डर नहीं कि हमारा घर हमारा नहीं है। अब हमारे पास सरकारी प्रमाण है, जो हमें आत्मसम्मान के साथ जीने का अधिकार देता है। हम राज्य सरकार के इस प्रयास के लिए कृतज्ञ हैं।"

## हरढाणी में रामकुमार को मिला पुश्तैनी घर का मालिकाना हक

ग्राम पंचायत हरढाणी के रामकुमार पुत्र श्री ...राम ने बताया कि "हम करीब 70 वर्षों से आबादी भूमि पर निवास कर रहे थे, लेकिन स्वामित्व का कोई दस्तावेज नहीं था। आज स्वामित्व योजना के तहत प्रोपर्टी कार्ड प्राप्त कर मैं अपने पुश्तैनी मकान का कानूनी मालिक बन गया हूँ।" रामकुमार ने यह भी कहा कि "अब मैं इस दस्तावेज का उपयोग बैंक लोन एवं अन्य सरकारी कार्यों में कर सकूँगा। यह सिर्फ एक कार्ड नहीं, बल्कि मेरी पहचान, मेरा अधिकार है। मैं भारत सरकार एवं राज्य सरकार का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने हमें यह हक दिया।"

## शिविर बना संबल-स्वामित्व बना आत्मबल

दोनों ही शिविरों में स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन न केवल आवास का दस्तावेज प्रदान करने वाला कदम था, बल्कि आत्मसम्मान, सुरक्षा और विकास की दिशा में ग्रामीणों के जीवन में एक नया अध्याय जोड़ने जैसा था। श्याम प्रसाद की माता और रामकुमार जैसे अनेक लाभार्थियों की यह कहानी दर्शाती है कि जब सरकार और प्रशासन गांव में पहुंचता है, तो सिर्फ योजनाएं नहीं, अधिकार और आत्मसम्मान भी बांटे जाते हैं। स्वामित्व योजना के माध्यम से मिला यह विश्वास ही असली संबल है - जो जमीन से जुड़ता है, पर आत्मा को छू जाता है।



# हुक्मनामा समाचार

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर का हुआ आयोजन

## आमजन हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित



भोपालगढ़ (हुक्मनामा समाचार)। क्षेत्र के रजलानी गांव में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हुए शिविर में आमजन की विभिन्न समस्याओं का हाथोंहाथ समाधान किया गया।

युवा सरपंच पारस गुर्जर ने बताया कि शिविर में आमजन के लिए पंचायतीराज विभाग द्वारा बीपीएल में चयनित परिवारों का सर्वे कर बैंक खातों का सत्यापन, जन्म, मृत्यु व विवाह पंजीकरण, राशन कार्ड में दर्ज गलत नाम का सही करवाना, एनएफएसए के तहत फ्री गेहूं वितरण योजना में नाम जुड़वाना, दिव्यांगों के लिए पालनहार योजना के आवेदन, बिजली आपूर्ति की समस्या, नए ट्रांसफार्मर लगाने, ड्रॉप आउट विद्यार्थियों का सरकारी विद्यालयों में प्रवेश करवाकर नामांकन वृद्धि करने, खातेदारी जमीन में आपसी सहमति से विभाजन करवाना सहित विभिन्न विभागों के कार्यों का हाथोंहाथ निस्तारण करवाया गया।

साथ ही शिविर के दौरान नए जल कनेक्शन, पट्टे, मृदा स्वास्थ्य कार्ड व पौधों का भी वितरण किया गया। वहीं आमजन को खेत तक जाने के लिए रास्ता खुलवानें संबंधी प्रार्थना पत्र भी प्राप्त हुए जिनका जल्द ही निस्तारण किया जाएगा। शिविर में पशुपालन, चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, वन, परिवहन व पंचायतीराज विभाग के भी कई कार्यों का निस्तारण किया गया। शिविर के दौरान युवा सरपंच पारस गुर्जर ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि रजलानी में बहुत ही कम शिकायतें दर्ज हुई है जिनका भी मौके पर निस्तारण करवा दिया गया। कुछ शिकायतें उपखंड लेवल की है जिनके लिए शिविर प्रभारी ने एक सप्ताह में समाधान करवाने का आश्वासन दिया है। मेरी ग्राम पंचायत की जनता संतुष्ट है और समय समय पर मैं पारस आपके द्वार मुहिम के माध्यम से जनता की समस्या सुनकर जयपुर, जोधपुर व भोपालगढ़ स्तर पर जाकर समाधान करवाता रहता हूं ताकि आम आदमी को दर दर की ठोकरें खाते हुए नहीं भटकना पड़े। एक जागरूक, उच्च शिक्षित व युवा जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं हरसंभव प्रयास करके न केवल अभूतपूर्व विकास कार्य करवाने में कामयाब हुआ बल्कि आमजन के हित में कई ऐतिहासिक फैसले भी लिए जिससे लोगों का जीवन स्तर भी सुधरा है और प्रत्येक ग्रामीण को हर सरकारी योजना की सुविधाएं भी मिली है। विकास यात्रा का कर्म निरंतर जारी है, कुछ काम जो अधूरे है उनको भी जल्दी से जल्दी पूरा करवाने हेतु मेरी टीम लगी हुई है व मैं स्वयं पूरे दिन मॉनिटरिंग कर गुणवत्तापूर्ण व समय पर कार्य संपन्न करवाने के लिए कटिबद्ध हूं। शिविर में नायब तहसीलदार सुरेश विश्नोई, पटवारी चेतनराम, ग्राम विकास अधिकारी मनीष बेड़ा, डॉ. सुनीलकुमार, एलडीसी गंगाराम देवासी, नर्सिंग ऑफिसर राजेन्द्र चंदेल, एएनएम श्यामा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – अलवर

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

पत्रिका

## ग्राम पंचायत में अंत्योदय सम्बल पखवाड़े का आयोजन

# लोगों को सरकारी योजनाओं का दिलाया लाभ, समस्याओं का किया समाधान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अकबरपुर @ पत्रिका.** उमरैण पंचायत समिति की 3 ग्राम पंचायतों में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन हुआ। इसमें लोगों की भीड़ रही।

कैंप प्रभारी तहसीलदार रश्मि शर्मा ने समस्या का समाधान कराया। एक छत के नीचे सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहने से एक जगह पर ही आम जनता की समस्या सुनी गई। उनका मौके पर ही संबंधित विभाग में निस्तारण हुआ। खेडका ग्राम पंचायत में शिविर के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। खेडका ग्राम पंचायत में धवाला, धर्मपुरा, खेडका, कालीखोल, लालपुरा के लोग मौजूद रहे। पशुपालकों ने भी पशुपालन विभाग से मिलने वाली योजनाओं का लाभ लिया। आयुष्मान कार्ड बनवाए गए। खाद्य सुरक्षा के तहत लाभ प्राप्त किया। तहसीलदार रश्मि शर्मा ने बताया कि उमरैण पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बख्तपुरा, खेड़का, पलखड़ी में कैंप लगाए, जिसमें जो भी लाभार्थी आए, मौके पर समस्या का निस्तारण किया गया।

**बालिकाओं का जन्मदिन मनाया :** खेडका कैंप के दौरान साथीनों की ओर से छोटी बच्चियों का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर तहसीलदार भी मौजूद रहीं। छोटी बच्चियों ने केक काटा और अधिकारियों को खिलाया। उन्होंने बालिकाओं को आगे बढ़ाने और अच्छी पढ़ाई के लिए आशीर्वाद दिया। बच्चियों का हौसला बढ़ाया। सरकारी योजना के बारे में बताया। बाल विवाह रोकने के बारे में जागरूक किया।




तहसीलदार के समक्ष ग्रामीणों ने रखी समस्याएं।

## मंदिर की 20 बीघा जमीन कराई अतिक्रमण मुक्त

**अलवर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत लक्ष्मणगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत टोडा के अटल जनसुनवाई केंद्र पर शिविर लगाया गया। शिविर में ग्रामीणों ने मूर्ति मंदिर श्री सीताराम जी महाराज की भूमि पर किए गए अतिक्रमण की शिकायत की। उपखण्ड प्रशासन ने मंदिर की करीब 20 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। ग्रामीणों ने इस पर खुशी जताई। इसी तरह तहसील मालाखेड़ा की ग्राम पंचायत कलसाड़ा में लगे शिविर में अमर सिंह के पिता के नाम के राजस्व रिकॉर्ड में नाम को मौके पर ही सही किया गया।

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा

# वन एवं पर्यावरण मंत्री ने की कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 छात्राओं को स्कूटी वितरित

**केंद्र व राज्य सरकार बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध, शहर में डेढ साल में खुले दो कन्या महाविद्यालय व बालिका सैनिक स्कूल की भी मिली सौगात - वन राज्यमंत्री शर्मा**

जयपुर टाइम्स





अलवर(निस.)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत प्रताप ऑडिटोरियम अलवर में आयोजित कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 प्रतिभावान छात्राओं को स्कूटी वितरित कर चाबी सौंपी। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) शर्मा ने प्रतिभावान बेटियों को स्कूटी मिलने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण एवं बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्कूटी बेटियों के सपनों को साकार करने में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि अपने परिश्रम के बल पर स्कूटी प्राप्त करने वाली मेधावी बेटियों से अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को बेटियों की भागीदारी से अर्जित किया जा सकेगा। वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में मेधावी बेटियों के लिये प्रारम्भ की गई स्कूटी वितरण योजना से हजारों बेटियों को अपने सपने साकार करने का अवसर मिल रहा है।

## बालिका शिक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध, डेढ वर्ष में शहर में दो कन्या महाविद्यालय

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में बालिका शिक्षा महत्वपूर्ण घटक है। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के डेढ साल के कार्यकाल के दौरान ही अलवर शहर में दो नए कन्या महाविद्यालय खोले गए हैं। उन्होंने बताया कि गौरी देवी महाविद्यालय में बढ रही छात्राओं की संख्या के मद्देनजर शहर में एक नवीन कन्या महाविद्यालय की बजट में घोषणा की गई है, जिसका संचालन वर्तमान में एसएमडी स्कूल में शुरू हो गया है तथा इसके लिए विज्ञान नगर में भूमि चिन्हित कर ली गई है। यथाशीघ्र यहां पर महाविद्यालय का भवन तैयार होगा। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में कन्या पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की भी बजट घोषणा करवाई गई, यह महाविद्यालय भी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के परिसर में प्रारम्भ हो चुका है और इसी परिसर में इसके भवन के लिए भूमि चिन्हित की गई है। यहां भी यथाशीघ्र भवन बनकर तैयार होगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के सकारात्मक प्रयासों से हल्दीना में बालिका सैनिक स्कूल की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके लिए भूमि आवंटन का कार्य हो चुका है तथा यहां भी यथाशीघ्र भवन तैयार होगा जिससे बेटियों को अच्छी शिक्षा प्राप्त होने के साथ-साथ सेना में भी अपनी सेवाएं देने का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

## पर्यावरण संरक्षण पर दिया बल

मंत्री शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक बदलाव लाने में शिक्षित बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने पर्यावरण को हुए नुकसान का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी भरपाई हम सबको प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हरियालो राजस्थान अभियान से प्रेरित होकर पौधे लगाने हैं बल्कि उनकी सार-संभाल भी करनी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 7 करोड़ 35 लाख पौधे लगाए गए थे। इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को सहभागिता से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जल संरक्षण में भी अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में वर्षा जल के संरक्षण के लिए 8 जल संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इसके लिए वन विभाग की एनओसी जारी हो चुकी है। यथाशीघ्र यहां पर कार्य प्रारम्भ होगा।

## गौरी देवी महाविद्यालय में ऑडिटोरियम बनवाने की कि घोषणा

गौरी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य की ऑडिटोरियम बनवाने की मांग पर वन मंत्री ने कहा कि महाविद्यालय में एक अच्छा ऑडिटोरियम आगामी दो वर्ष में बनवाया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में अन्य संसाधन उपलब्ध करवाने में भी पूर्ण सहयोग किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गौरी देवी महाविद्यालय का विशिष्ट स्थान रहा है इस विद्यालय में अध्ययन कर अलवर ही नहीं अन्य जिलों की बेटियों ने अपने सपने पूरे कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार नित नए नवाचारों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण कौशल प्रदान करते हुए बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। गौरी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजू यादव ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाओं की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में करीब साढे पांच हजार बालिकाएं अध्ययन करती हैं। स्कूटी मिलने से बालिकाओं को कॉलेज आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। प्रो. पी.पी वर्मा ने आगन्तुकों का आभार जताया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, सुरेश मेहता, संतोष यादव, जितेन्द्र राठौड़, जितेन्द्र सैनी, मीना सैनी, शशि तिवाड़ी, सोनू चौधरी, राजेन्द्र कल्याण, डॉ. अशोक आर्य, डॉ. गोविन्द पालीवाल, डॉ. के.एल मीणा, डॉ. मंजू आसीवाल सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में छात्राएं एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे।

# ग्रामीणों की उम्मीदों पर खरा उतर रहे हैं अन्त्योदय शिविर, सरकार की मंशा धरातल पर हो रही है साकार

## मंदिर की 20 बीघा भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

**मरूधर विशेष**



**अलवर।(मनोज बेनीवाल)** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के अन्तर्गत जिले में आयोजित हो रहे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में संजीवनी साबित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सकारात्मक पहल के तहत इन शिविरों में आमजन के मौके पर ही काम होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। लक्ष्मणगढ तहसील की ग्राम पंचायत टोडा के अटल जनसुनवाई केंद्र में आयोजित अन्त्योदय शिविर में सरपंच व ग्रामीणों द्वारा मूर्ति मंदिर सीताराम जी महाराज की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की परिवेदना पर उपखण्ड प्रशासन ने तुरन्त संज्ञान लेकर मंदिर की करीब 20 बीघा (5 हैक्टेयर) भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। ग्रामीणों ने मंदिर भूमि पर से अतिक्रमण हटने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रशासन की राजस्व टीम ने शिविर में दी गई परिवेदना पर तत्परता से कार्रवाई कर भूमि पर से भौतिक रूप से बेदखली कर अतिक्रमण मुक्त कराया है, जिससे धार्मिक क्रियाकलापों में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों में लगाए जा शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का हाथों-हाथ समाधान होने से उनके लिए शिविर कारगर साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मंदिर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने व गांव की अन्य समस्याओं का तत्काल समाधान होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रशासन को धन्यवाद देते हुए अन्त्योदय शिविर की सराहना की।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा : शिविर में राजस्व रिकॉर्ड में पिता का नाम सही कर अमरसिंह को दी गई राहत

■ जलतेदीप, अलवर

राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के मौके पर ही समाधान के लिए लगाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के शिविर चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं। शिविरों में वर्षों से चले आ रहे आपसी विवादों को समझाईश करके सुलझाने, राजस्व रिकॉर्डों में नाम शुद्धि, म्यूटेशन आदि काम मौके पर होने से आमजन तत्काल राहत मिल रही है।



तहसील मालाखेड़ा की ग्राम पंचायत कलसाड़ा में आयोजित शिविर में ग्राम कलसाडा निवासी अमर सिंह के पिता के नाम को राजस्व रिकॉर्ड में नाम को मौके पर ही शुद्ध कर लाभार्थी को लाभांवित किया गया। लाभार्थी ने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में पिता नाम जेसीराम उर्फ जेसा व जेसाराम दर्ज था, जिसके कारण किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत ऋण व अन्य सरकारी योजनाओं में लाभ प्राप्त करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्राम पंचायत में आयोजित अंत्योदय शिविर में पहुंचने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर रिकॉर्ड की जांच कर मेरे पिता के नाम को राजस्व रिकॉर्ड में शुद्ध कर मौके पर ही राहत प्रदान की गई।

लाभार्थी अमरसिंह ने राजस्व रिकॉर्ड में हाथों-हाथ नाम दुरूस्त होने पर प्रसन्नता जाहिर की तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए अंत्योदय शिविर की सराहना करते हुए आमजन के लिए उपयोगी बताया।

## बारिश से जल कुशल परियोजना के वॉटर स्ट्रक्चर फिर से लबालब

■ जलतेदीप, अलवर

इस मानसून की पहली ही बारिश ने जल संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों की सार्थकता को एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। थानागाजी क्षेत्र में सहगल फाउंडेशन द्वारा संचालित जल कुशल परियोजना के अंतर्गत बनाए गए वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर लगातार दूसरी बार भर चुके हैं।

प्री-मानसून बारिश के दौरान ये स्ट्रक्चर पहली बार पूरी तरह भरे थे, और अब मुख्य मानसून की बारिश में फिर से लबालब हो गए हैं। यह संकेत देता है कि इन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल का कुशल संग्रहण हो रहा है, जिससे न केवल भूजल स्तर में सुधार हो रहा है, बल्कि किसानों के चेहरों पर भी नई उम्मीद की रौशनी झलकने लगी है।

# शिविर में मंदिर की 20 बीघा भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

**महानगर संवाददाता**

**अलवर** । पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के अन्तर्गत जिले में आयोजित हो रहे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में संजीवनी साबित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सकारात्मक पहल के तहत इन शिविरों में आमजन के मौके पर ही काम होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।

लक्ष्मणगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत टोडा के अटल जनसुनवाई केंद्र में आयोजित अन्त्योदय शिविर में सरपंच व ग्रामीणों द्वारा मूर्ति मंदिर सीताराम जी महाराज की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की परिवेदना पर उपखण्ड प्रशासन ने तुरन्त संज्ञान लेकर मंदिर की करीब 20 बीघा (5 हैक्टेयर) भूमि को



अतिक्रमण मुक्त कराया। ग्रामीणों ने मंदिर भूमि पर से अतिक्रमण हटने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रशासन की राजस्व टीम ने शिविर में दी गई परिवेदना पर तत्परता से कार्यवाई कर भूमि पर से भौतिक रूप से बेदखली कर अतिक्रमण मुक्त कराया है, जिससे धार्मिक क्रियाकलापों में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों में लगाए जा शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का हाथों-हाथ समाधान होने से उनके लिए शिविर कारगर साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मंदिर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने व गांव की अन्य समस्याओं का तत्काल समाधान होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रशासन को धन्यवाद देते हुए अन्त्योदय शिविर की सराहना की।

दैनिक भास्कर
अलवर जिला 09-07-2025

# सीताराम मन्दिर की 21 बीघा जमीन से हटाया अतिक्रमण



लक्ष्मणगढ़. टोड़ा में मंदिर की जमीन को कब्जे में लेती तहसीलदार।

लक्ष्मणगढ़| ग्राम टोड़ा में सीताराम महाराज के मंदिर की करीब 21 बीघा जमीन से अतिक्रमण हटाया गया। तहसीलदार ममता कुमारी ने बताया कि ग्राम टोड़ा के सीताराम मंदिर पर पिछले काफी वर्षों से भू माफियाओं द्वारा कब्जा कर रखा था जिसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन सहित जिला प्रशासन को लगातार मिल रही थी। इस पर सीताराम महाराज रिकॉर्ड में दर्ज लगभग 21 बीघा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवाया गया और स्थानीय कमेटी को सुपुर्द किया। इस दौरान गौरव मीना, राजेन्द्र मीना, जितेश शर्मा, शिवराज सिंह, किरण महावर, अमित सिंह, सतीश जाटव, इम्तियाज खान, दिनेश जाटव, सीमा कुमारी आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर

अलवर भास्कर 09-07-2025

## वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने अगले सत्र में विज्ञान नगर में कन्या कॉलेज शुरू करने का दिया आश्वासन

# 87 छात्राओं को मिली स्कूटी, खिलखिलाए चेहरे

अलवर| कालीबाई भील व देवनारायण मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत मंगलवार को प्रताप ऑडिटोरियम में 87 स्कूटियों का वितरण किया गया। इसमें सत्र 2022-23 की 63 छात्राओं को करीब 2 साल बाद स्कूटियां दी गई। 2 साल बाद स्कूटियां पाकर छात्राओं के चेहरे खिलखिला उठे। सत्र 2022-23 की 66 छात्राओं को समारोह में स्कूटी वितरण करनी थी। लेकिन 3 छात्राएं नहीं आ पाई। वहीं सत्र 2023-24 की 24 छात्राओं को भी स्कूटी दी गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि वनराज्य मंत्री संजय शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीडी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मंजू यादव ने की। मंत्री ने नए कन्या कॉलेज का एसएमडी स्कूल में शुभारंभ होने व अगले सत्र में विज्ञान नगर में कॉलेज का संचालन करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में स्कूटी समिति के संयोजक डॉ. प्रेम प्रकाश वर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आर्ट्स कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य, आरआर कॉलेज प्राचार्य डॉ. गोपीचंद पालीवाल, राजगढ़ कॉलेज प्राचार्य डॉ. केएल मीना, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. शेफाली बार्थोनिया, डॉ. मधुबाला शर्मा, डॉ. संगीता गोगिया, डॉ. रचना आसोपा, डॉ. वीके जोशी, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. विजय लक्ष्मी, डॉ. अर्पिता चौधरी व डॉ. विक्रम बारेठ उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जीडी कॉलेज में 24 जून, 28 जून व 3 जुलाई को भी स्कूटी वितरण की गई है। इसमें 159 छात्राओं को स्कूटी बांटी जा चुकी है।



अलवर. प्रताप ऑडिटोरियम में छात्राओं को स्कूटी मिलने पर खिलखिलाते छात्राओं के चेहरे।

पत्रिका

जीडी कॉलेज

कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत किया वितरण

# मेधावी छात्राओं को मिली स्कूटी, वन राज्यमंत्री ने सौंपी चाबी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अलवर. कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत गौरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालय की 91 प्रतिभावान छात्राओं को प्रताप ऑडिटोरियम में स्कूटी वितरित की गई। पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने छात्राओं को स्कूटी की चाबी सौंपी तो उनके चेहरे खिल उठे।

मंत्री शर्मा नेकहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण व बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूटी बेटियों के सपनों को साकार करने में मददगार साबित होगी। अपने परिश्रम के बल पर स्कूटी प्राप्त करने वाली मेधावी बेटियों से अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल में मेधावी बेटियों के लिए यह योजना प्रारम्भ की गई। जीडी कॉलेज प्राचार्य की मांग पर वन मंत्री ने कहा कि महाविद्यालय में एक अच्छा ऑडिटोरियम आगामी दो वर्ष में बनवाया जाएगा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, निवर्तमान महापौर घनश्याम गुर्जर, सुरेश मेहता, सतीश यादव, जितेन्द्र राठौड़, डॉ. अशोक आर्य, डॉ. गोपीचंद पालीवाल, डॉ. केएल मीणा, डॉ. मंजू आसोपा, प्रो. पीपी वर्मा आदि मौजूद रहे।



स्कूटी वितरण के दौरान उत्साहित छात्राएं साथ में उपस्थित वन मंत्री संजय शर्मा,भाजपा पदाधिकारी,शिक्षक व अन्य।

## डेढ़ वर्ष में शहर में दो कन्या महाविद्यालय

शर्मा ने कहा कि सरकार के डेढ साल के कार्यकाल में अलवर शहर में दो नए कन्या महाविद्यालय खोले गए हैं। एक नवीन कन्या महाविद्यालय की बजट में घोषणा की गई है, जिसका संचालन वर्तमान में एसएमडी स्कूल में शुरू हो गया है। इसके नए भवन के लिए विज्ञान नगर में भूमि चिन्हित कर ली गई है। कन्या पॉलिटेक्निक महाविद्यालय भी पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के परिसर में शुरू हो चुका है और इसी परिसर में इसके भवन के लिए भूमि चिन्हित की गई है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा

# शिविर में राजस्व रिकॉर्ड में पिता का नाम शुद्ध कर अमरसिंह को दी गई राहत

## लाभार्थी ने कहा कि रिकॉर्ड सही होने पर मिल सकेगा सरकारी योजनाओं का लाभ



अलवर(भिवाड़ी टाइम्स)।

राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के मौके पर ही समाधान के लिए लगाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के शिविर चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं। शिविरों में वर्षों से चले आ रहे आपसी विवादों को समझाईश करके सुलझाने, राजस्व रिकॉर्डों में नाम शुद्धि, म्यूटेशन आदि काम मौके पर होने से आमजन तत्काल राहत मिल रही है।

तहसील मालाखेडा की ग्राम पंचायत कलसाडा में आयोजित शिविर में ग्राम कलसाडा निवासी अमर सिंह के पिता के नाम को राजस्व रिकॉर्ड में नाम को मौके पर ही शुद्ध कर लाभार्थी को लाभांवित किया गया। लाभार्थी ने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में पिता नाम जेसीराम उर्फ जेसा व जेसाराम दर्ज था, जिसके कारण किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत ऋण व अन्य सरकारी योजनाओं में लाभ प्राप्त करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड रहा था। ग्राम पंचायत में आयोजित अंत्योदय शिविर में पहुंचने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर रिकॉर्ड की जांच कर मेरे पिता के नाम को राजस्व रिकॉर्ड में शुद्ध कर मौके पर ही राहत प्रदान की गई। लाभार्थी अमरसिंह ने राजस्व रिकॉर्ड में हाथों-हाथ नाम दुरूस्त होने पर प्रसन्नता जाहिर की तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए अंत्योदय शिविर की सराहना करते हुए आमजन के लिए उपयोगी बताया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा

# शिविर में राजस्व रिकॉर्ड में पिता का नाम शुद्ध कर अमरसिंह को दी गई राहत

## लाभार्थी ने कहा कि रिकॉर्ड सही होने पर मिल सकेगा सरकारी योजनाओं का लाभ



**अलवर(भिवाड़ी टाइम्स)।**

राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के मौके पर ही समाधान के लिए लगाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के शिविर चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं। शिविरों में वर्षों से चले आ रहे आपसी विवादों को समझाईश करके सुलझाने, राजस्व रिकॉर्डों में नाम शुद्धि, म्यूटेशन आदि काम मौके पर होने से आमजन तत्काल राहत मिल रही है।

तहसील मालाखेडा की ग्राम पंचायत कलसाडा में आयोजित शिविर में ग्राम कलसाडा निवासी अमर सिंह के पिता के नाम को राजस्व रिकॉर्ड में नाम को मौके पर ही शुद्ध कर लाभार्थी को लाभावित किया गया। लाभार्थी ने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में पिता नाम जेसीराम उर्फ जेसा व जेसाराम दर्ज था, जिसके कारण किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत ऋण व अन्य सरकारी योजनाओं में लाभ प्राप्त करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड रहा था। ग्राम पंचायत में आयोजित अंत्योदय शिविर में पहुंचने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर रिकॉर्ड की जांच कर मेरे पिता के नाम को राजस्व रिकॉर्ड में शुद्ध कर मौके पर ही राहत प्रदान की गई। लाभार्थी अमरसिंह ने राजस्व रिकॉर्ड में हाथों-हाथ नाम दुरूस्त होने पर प्रसन्नता जाहिर की तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए अंत्योदय शिविर की सराहना करते हुए आमजन के लिए उपयोगी बताया।

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा

# वन एवं पर्यावरण मंत्री ने की कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 छात्राओं को स्कूटी वितरित

## स्कूटी की चाबी मिलने पर बेटियों के खिले चेहरे

**केंद्र व राज्य सरकार बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध, शहर में डेढ़ साल में खुले दो कन्या महाविद्यालय व बालिका सैनिक स्कूल की भी मिली सौगात - वन राज्यमंत्री संजय शर्मा**





अलवर(भिवाड़ी टाइम्स)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत प्रताप ऑडिटोरियम अलवर में आयोजित कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 प्रतिभावान छात्राओं को स्कूटी वितरित कर चाबी सौंपी।

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) शर्मा ने प्रतिभावान बेटियों को स्कूटी मिलने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण एवं बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि स्कूटी बेटियों के सपनों को साकार करने में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि अपने परिश्रम के बल पर स्कूटी प्राप्त करने वाली मेधावी बेटियों से अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को बेटियों की भागीदारी से अर्जित किया जा सकेगा। श्रीमती वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में मेधावी बेटियों के लिये प्रारम्भ की गई स्कूटी वितरण योजना से हजारों बेटियों को अपने सपने साकार करने का अवसर मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में बालिका शिक्षा महत्वपूर्ण घटक है। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल के दौरान ही अलवर शहर में दो नए कन्या महाविद्यालय खोले गए है। उन्होंने बताया कि गौरी देवी महाविद्यालय में बढ़ रही छात्राओं की संख्या के मद्देनजर शहर में एक नवीन कन्या महाविद्यालय की बजट में घोषणा की गई है जिसका संचालन वर्तमान में एसकेमडी स्कूल में शुरू हो गया है तथा इसके लिए विज्ञान नगर में भूमि चिन्हित कर ली गई है। यथाशीघ्र यहां पर महाविद्यालय का भवन तैयार होगा। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में कन्या पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की भी बजट घोषणा कराई गई, यह महाविद्यालय भी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के परिसर में प्रारम्भ हो चुका है और इसी परिसर में इसके भवन के लिए भूमि चिन्हित की गई है। यहां भी यथाशीघ्र भवन बनकर तैयार होगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के सकारात्मक प्रयासों से हल्दीना में बालिका सैनिक स्कूल की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके लिए भूमि आवंटन का कार्य हो चुका है तथा यहां भी यथाशीघ्र भवन तैयार होगा जिससे बेटियों को अच्छी शिक्षा प्राप्त होने के साथ-साथ सेना में भी अपनी सेवाएं देने का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

मंत्री शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक बदलाव लाने में शिक्षित बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है. उन्होंने पर्यावरण को हुए नुकसान का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी भरपाई हम सबको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हरियालो राजस्थान अभियान से प्रेरित होकर पौधे लगाने है व उनकी सार-संभाल भी करनी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 7 करोड़ 35 लाख पौधे लगाए गए थे। इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है इस लक्ष्य को सफलतापूर्वक से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जल संरक्षण में भी अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में वर्षा जल के संरक्षण के लिए 8 जल संरचनाएं बनाई जा रही है। इसके लिए वन विभाग की एनओसी जारी हो चुकी है। यथाशीघ्र यहां पर कार्य प्रारम्भ होगा।

गौरी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य की ऑडिटोरियम बनवाने की मांग पर वन मंत्री ने कहा कि महाविद्यालय में एक अच्छा ऑडिटोरियम आगामी दो वर्ष में बनवाया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में अन्य संसाधन उपलब्ध कराने में भी पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं घनश्याम गुर्जर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गौरी देवी महाविद्यालय का विशिष्ट स्थान रहा है इस विद्यालय में अध्ययन कर अलवर ही नहीं अन्य जिलों की बेटियों ने अपने सपने पूरे कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार नित नए नवाचारों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बल प्रदान करते हुए बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है।

गौरी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजू यादव ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाओं की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में करीब साढ़े पांच हजार बालिकाएं अध्ययन करती है। स्कूटी मिलने से बालिकाओं को कॉलेज आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। प्रो. पी.पी वर्मा ने आगन्तुकों का आभार जताया

# वन एवं पर्यावरण मंत्री ने की 91 छात्राओं को स्कूटी वितरित

# स्कूटी की चाबी मिलने पर बेटियों के खिले चेहरे





**अलवर ( का.सं. )**

**वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संजय शर्मा ने मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत प्रताप ऑडिटोरियम अलवर में आयोजित कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 प्रतिभावान छात्राओं को स्कूटी वितरित कर चाबी सौंपी।**

वन राज्यमंत्री शर्मा ने प्रतिभावान बेटियों को स्कूटी मिलने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण एवं बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्कूटी बेटियों के सपनों को साकार करने में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि अपने परिश्रम के बल पर स्कूटी प्राप्त करने वाली मेधावी बेटियों से अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को बेटियों की भागीदारी से अर्जित किया जा सकेगा। वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में मेधावी बेटियों के लिये प्रारम्भ की गई स्कूटी वितरण योजना से हजारों बेटियों को अपने सपने साकार करने का अवसर मिल रहा है।

**बालिका शिक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध, डेढ वर्ष में शहर में दो कन्या महाविद्यालय**

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में बालिका शिक्षा महत्वपूर्ण घटक है। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के डेढ साल के कार्यकाल के दौरान ही अलवर शहर में दो नए कन्या महाविद्यालय खोले गए हैं। उन्होंने बताया कि गौरी देवी महाविद्यालय में बढ रही छात्राओं की संख्या के मद्देनजर शहर में एक नवीन कन्या महाविद्यालय की बजट में घोषणा की गई है, जिसका संचालन वर्तमान में एसएमडी स्कूल में शुरू हो गया है तथा इसके लिए विज्ञान नगर में भूमि चिन्हित कर ली गई है। यथाशीघ्र यहां पर महाविद्यालय का भवन तैयार होगा। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में कन्या पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की भी बजट घोषणा कराई गई,यह महाविद्यालय भी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के परिसर में प्रारम्भ हो चुका है और इसी परिसर में इसके भवन के लिए भूमि चिन्हित की गई है। यहां भी यथाशीघ्र भवन बनकर तैयार होगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव के सकारात्मक प्रयासों से हल्दीना में बालिका सैनिक स्कूल की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके लिए भूमि आवंटन का कार्य हो चुका है तथा यहां भी यथाशीघ्र भवन तैयार होगा जिससे बेटियों को अच्छी शिक्षा प्राप्त होने के साथ-साथ सेना में भी अपनी सेवाएं देने का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

**पर्यावरण संरक्षण पर दिया बल**

मंत्री शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक बदलाव लाने में शिक्षित बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने पर्यावरण को हुए नुकसान का जिक करते हुए कहा कि इसकी भरपाई हम सबको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड मां के नाम व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हरियालो राजस्थान अभियान से प्रेरित होकर पौधे लगाने हैं बल्कि उनकी सार-संभाल भी करनी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 7 करोड 35 लाख पौधे लगाए गए थे। इस वर्ष 10 करोड पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को सहभागिता से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जल संरक्षण में भी अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में वर्षा जल के संरक्षण के लिए 8 जल संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इसके लिए वन विभाग की एनओसी जारी हो चुकी है। यथाशीघ्र यहां पर कार्य प्रारम्भ होगा।

**गौरी देवी महाविद्यालय में ऑडिटोरियम बनवाने की कि घोषणा**

गौरी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य की ऑडिटोरियम बनवाने की मांग पर वन मंत्री ने कहा कि महाविद्यालय में एक अच्छा ऑडिटोरियम आगामी दो वर्ष में बनवाया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में अन्य संसाधन उपलब्ध कराने में भी पूर्ण सहयोग किया जाएगा। जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं घनश्याम गुर्जर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गौरी देवी महाविद्यालय का विशिष्ट स्थान रहा है इस विद्यालय में अध्ययन कर अलवर ही नहीं अन्य जिलों की बेटियों ने अपने सपने पूरे कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार नित नए नवाचारों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बल प्रदान करते हुए बेटियों को आगे बढाने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। गौरी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजू यादव ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाओं की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में करीब साढे पांच हजार बालिकाएं अध्ययन करती है। स्कूटी मिलने से बालिकाओं को कॉलेज आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। प्रो. पी.पी वर्मा ने आगन्तुकों का आभार जताया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, सुरेश मेहता, सतीश यादव, जितेन्द्र राठौड, जितेन्द्र सैनी, मीना सैनी, शशि तिवाडी, सोनू चौधरी, राजेन्द्र कसाणा, डॉ. अशोक आर्य, डॉ.गोपीचंद पालीवाल, डॉ.के.एल मीणा, डॉ. मंजू आसोपा सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में छात्राएं एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे।

# ग्रामीणों की उम्मीदों पर खरा उतर रहे हैं अन्त्योदय शिविर

# सरकार की मंशा धरातल पर हो रही है साकार

**अलवर ( का.सं. )**

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के अन्तर्गत जिले में आयोजित हो रहे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में संजीवनी साबित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सकारात्मक पहल के तहत इन शिविरों में आमजन के मौके पर ही काम होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। लक्ष्मणगढ तहसील की ग्राम पंचायत टोडा के अटल जनसुनवाई केंद्र में आयोजित अन्त्योदय शिविर में सरपंच व ग्रामीणों द्वारा मूर्ति मंदिर श्री सीताराम जी महाराज की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की परिवेदना पर उपखण्ड प्रशासन ने तुरन्त संज्ञान लेकर मंदिर की करीब 20 बीघा (5 हैक्टेयर) भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। ग्रामीणों ने मंदिर भूमि पर से अतिक्रमण हटने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रशासन की राजस्व टीम ने शिविर में दी गई परिवेदना पर तत्परता से कार्रवाई कर भूमि पर से भौतिक रूप से बेदखली कर अतिक्रमण मुक्त कराया है, जिससे धार्मिक क्रियाकलापों में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों में लगाए जा शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का हाथों-हाथ समाधान होने से उनके लिए शिविर कारगर साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मंदिर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने व गांव की अन्य समस्याओं का तत्काल समाधान होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रशासन को धन्यवाद देते हुए अन्त्योदय शिविर की सराहना की।

**शिविर में राजस्व रिकॉर्ड में पिता का नाम शुद्ध कर अमरसिंह को दी गई राहत**

राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के मौके पर ही समाधान के लिए लगाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के शिविर चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं। शिविरों में वर्षो से चले आ रहे आपसी विवादों को समझाईश करके सुलझाने, राजस्व रिकॉर्डों में




नाम शुद्धि, म्यूटेशन आदि काम मौके पर होने से आमजन तत्काल राहत मिल रही है। तहसील मालाखेडा की ग्राम पंचायत कलसाडा में आयोजित शिविर में ग्राम कलसाडा निवासी अमर सिंह के पिता के नाम को राजस्व रिकॉर्ड में नाम को मौके पर ही शुद्ध कर लाभार्थी को लाभांवित किया गया। लाभार्थी ने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में पिता नाम जेसीराम उर्फ जेसा व जेसाराम दर्ज था, जिसके कारण किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत ऋण व अन्य सरकारी योजनाओं में लाभ प्राप्त करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड रहा था। ग्राम पंचायत में आयोजित अंत्योदय शिविर में पहुंचने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर रिकॉर्ड की जांच कर मेरे पिता के नाम को राजस्व रिकॉर्ड में शुद्ध कर मौके पर ही राहत प्रदान की गई। लाभार्थी अमरसिंह ने राजस्व रिकॉर्ड में हाथों-हाथ नाम दुरूस्त होने पर प्रसन्नता जाहिर की तथा मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए अंत्योदय शिविर की सराहना करते हुए आमजन के लिए उपयोगी बताया।

# अलवर में बालिका सैनिक स्कूल की भी मिली सौगात : मंत्री संजय

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत प्रताप ऑडिटोरियम अलवर में आयोजित कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 प्रतिभावान छात्राओं को स्कूटी वितरित कर चाबी सौंपी।

मंत्री शर्मा ने प्रतिभावान बेटियों को स्कूटी मिलने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण एवं बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्कूटी बेटियों के सपनों को साकार करने में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि अपने परिश्रम के बल पर स्कूटी प्राप्त करने वाली मेधावी बेटियों से अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को बेटियों की भागीदारी से अर्जित किया जा सकेगा। वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में मेधावी बेटियों के लिये प्रारम्भ की गई स्कूटी वितरण योजना से हजारों बेटियों को अपने सपने साकार करने का अवसर मिल रहा है।



मंत्री संजय शर्मा ने छात्राओं को स्कूटी वितरण किया।

**पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा, कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 छात्राओं को स्कूटी दी**

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में बालिका शिक्षा महत्वपूर्ण घटक है। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के डेढ साल के कार्यकाल के दौरान ही अलवर शहर में दो नए कन्या महाविद्यालय खोले गए है तथा गौरी देवी महाविद्यालय में बढ रही छात्राओं की संख्या के मद्देनजर शहर में एक नवीन कन्या महाविद्यालय की बजट में घोषणा की गई है, जिसका संचालन वर्तमान में एसएमडी स्कूल में शुरू हो गया है। इसके लिए विज्ञान नगर में भूमि चिन्हित कर ली गई है। यथाशीघ्र यहां पर महाविद्यालय का भवन तैयार होगा। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में कन्या पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की भी बजट घोषणा कराई गई, यह महाविद्यालय भी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के परिसर में प्रारम्भ हो चुका है और इसी परिसर में इसके भवन के लिए भूमि चिन्हित की गई है।

यहां भी यथाशीघ्र भवन बनकर तैयार होगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के सकारात्मक प्रयासों से हल्दीना में बालिका सैनिक स्कूल की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके लिए भूमि आवंटन का कार्य हो चुका है तथा यहां भी यथाशीघ्र भवन तैयार होगा जिससे बेटियों को अच्छी शिक्षा प्राप्त होने के साथ-साथ सेना में भी अपनी सेवाएं देने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। मंत्री शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक बदलाव लाने में शिक्षित बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस लक्ष्य को सहभागिता से पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं घनश्याम गुर्जर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गौरी देवी महाविद्यालय का विशिष्ट स्थान रहा है इस विद्यालय में अध्ययन कर अलवर ही नहीं अन्य जिलों की बेटियों ने अपने सपने पूरे कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। गौरी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजू यादव ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा शिविर में राजस्व रिकॉर्ड में पिता का नाम शुद्ध कर अमरसिंह को दी गई राहत

## लाभार्थी ने कहा कि रिकॉर्ड सही होने पर मिल सकेगा सरकारी योजनाओं का लाभज

**अलवर न्यूज**

अलवर । राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के मौके पर ही समाधान के लिए लगाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के शिविर चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं। शिविरों में वर्षों से चले आ रहे आपसी विवादों को समझाईश करके सुलझाने, राजस्व रिकॉर्डों में नाम शुद्धि, म्यूटेशन आदि काम मौके पर होने से आमजन तत्काल राहत मिल रही है। तहसील मालाखेडा की ग्राम पंचायत कलसाडा में आयोजित शिविर में ग्राम कलसाडा निवासी अमर सिंह के पिता के नाम को



राजस्व रिकॉर्ड मे नाम को मौके पर ही शुद्ध कर लाभार्थी को लाभावित किया गया। लाभार्थी ने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में पिता नाम जेसीराम उर्फ जेसा व जेसाराम दर्ज था, जिसके कारण किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत ऋण व अन्य सरकारी योजनाओं में लाभ प्राप्त करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड रहा था। ग्राम पंचायत में आयोजित अंत्योदय शिविर में पहुंचने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर रिकॉर्ड की जांच कर मेरे पिता के नाम को राजस्व रिकॉर्ड में शुद्ध कर मौके पर ही राहत प्रदान की गई। लाभार्थी अमरसिंह ने राजस्व रिकॉर्ड में हाथों-हाथ नाम दुरूस्त होने पर प्रसन्नता जाहिर की तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए अंत्योदय शिविर की सराहना करते हुए आमजन के लिए उपयोगी बताया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा : कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना

## वन एवं पर्यावरण मंत्री ने की तहत 91 छात्राओं को स्कूटी वितरित, स्कूटी की चाबी मिलने पर बेटियों के खिले चेहरे





किशनगढ़ टाइम्स/ राजेश शर्मा

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत प्रताप ऑडिटोरियम अलवर में आयोजित कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 प्रतिभावान छात्राओं को स्कूटी वितरित कर चाबी सौंपी।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने प्रतिभावान बेटियों को स्कूटी मिलने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण एवं बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्कूटी बेटियों के सपने को साकार करने में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि अपने परिश्रम के बल पर स्कूटी प्राप्त करने वाली मेधावी बेटियों से अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को बेटियों की भागीदारी से अर्जित किया जा सकेगा। श्रीमती वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में मेधावी बेटियों के लिये प्रारंभ की गई स्कूटी वितरण योजना से हजारों बेटियों को अपने सपने साकार करने का अवसर मिल रहा है।

### बालिका शिक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध है

मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में बालिका शिक्षा महत्वपूर्ण घटक है। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल के दौरान ही अलवर शहर में दो नए कन्या महाविद्यालय खोले गए हैं। उन्होंने बताया कि गौरी देवी महाविद्यालय में बढ़ रही छात्राओं को संख्या के मद्देनजर शहर में एक नवीन कन्या महाविद्यालय की बजट में घोषणा की गई है, जिसका संचालन वर्तमान में एसएमडी स्कूल में शुरू हो गया है तथा इसके लिए विज्ञान नगर में भूमि चिन्हित कर ली गई है। यथाशीघ्र यहां पर महाविद्यालय का भवन तैयार होगा। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में कन्या पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की भी बजट घोषणा कराई गई, यह महाविद्यालय भी पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के परिसर में प्रारंभ हो चुका है और इसी परिसर में इसके भवन के लिए भूमि चिन्हित की गई है। यहां भी यथाशीघ्र भवन बनकर तैयार होगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव के सकारात्मक प्रयासों से हल्दीना में बालिका सैनिक स्कूल की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके लिए भूमि आवंटन का कार्य हो चुका है तथा यहां भी यथाशीघ्र भवन तैयार होगा जिससे बेटियों को अच्छी शिक्षा प्राप्त होने के साथ-साथ सेना में भी अपनी सेवाएं देने का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

### पर्यावरण संरक्षण पर दिया बल

मंत्री शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक बदलाव लाने में शिक्षित बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने पर्यावरण को हुए नुकसान का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी भरपाई हम सबको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हरियालो राजस्थान अभियान से प्रेरित होकर पौधे लगाने है बल्कि उनकी सार-संभाल भी करनी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 7 करोड़ 35 लाख पौधे लगाए गए थे। इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को सहभागिता से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जल संरक्षण में भी अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बताया कि अलवर शहर में वर्षा जल के संरक्षण के लिए 8 जल संरचनाएं बनाई जा रही है। इसके लिए वन विभाग को एनओसी जारी हो चुकी है। यथाशीघ्र यहां पर कार्य पूरा होगा।

### गौरी देवी महाविद्यालय में ऑडिटोरियम बनवाने की कि घोषणा

गौरी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य की ऑडिटोरियम बनवाने की मांग पर वन मंत्री ने कहा कि महाविद्यालय में एक अच्छा ऑडिटोरियम आगामी दो वर्ष में बनवाया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में अन्य संसाधन उपलब्ध कराने में भी पूर्ण सहयोग किया जाएगा।जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं घनश्याम गुर्जर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गौरी देवी महाविद्यालय का विशिष्ट स्थान रहा है इस विद्यालय में अध्ययन कर अलवर ही नहीं अन्य जिलों की बेटियों ने अपने सपने पूरे कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार नित नए नवाचारों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बल प्रदान करते हुए बेटियों को आगे बढ़ने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है।

गौरी देवी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजू यादव ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाओं की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में करीब साढ़े पांच हजार बालिकाएं अध्ययन करती है। स्कूटी मिलने से बालिकाओं को कॉलेज आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। प्रो. पी.पी शर्मा ने आगन्तुकों का आभार जताया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर श्री घनश्याम गुर्जर, सुरेश मेहता, जितेन्द्र राठौड़, जितेन्द्र सैनी, श्रीमती मीना सैनी, श्रीमती शशि तिवाड़ी, सोनू चौधरी, बजेन्द्र कसाणा, डॉ. अशोक आर्य, डॉ. गोपीचंद पालीवाल, डॉ. के.एल मीणा, डॉ. मंजू आसेरा सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बड़ी सं या में छात्राएं एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा

# वन एवं पर्यावरण मंत्री ने की कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 छात्राओं को स्कूटी वितरित

## स्कूटी की चाबी मिलने पर बेटियों के खिले चेहरे,.केंद्र व राज्य सरकार बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध, शहर में डेढ साल में खुले दो कन्या महाविद्यालय व बालिका सैनिक स्कूल की भी मिली सौगात - वन राज्यमंत्री संजय शर्मा

ब्यास वरदान

अलवर । वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत प्रताप ऑडिटोरियम अलवर में आयोजित कालीबाई भील मेधावी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत 91 प्रतिभावान छात्राओं को स्कूटी वितरित कर चाबी सौंपी।

**लालसोट** | उपखंड लालसोट की ग्राम पंचायत सुरतपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में वर्षों से अपनी आबादी भूमि के पट्टे के लिए प्रयासरत रहे ग्राम सूरतपुरा के निवासी बाबूलाल सैनी व रामकेश सैनी, ने जब अपनी व्यथा शिविर में दोहराई, तो इस बार प्रशासन ने तत्परता दिखाई। ग्राम पंचायत सरपंच कांजी मीना और ग्राम विकास अधिकारी सुवालाल मीना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शिविर स्थल पर ही उपखंड अधिकारी विजेंद्र कुमार मीना, तहसीलदार अमितेश कुमार मीना एवं सहायक विकास अधिकारी एवं शिविर प्रभारी ब्रजमोहन मीना की सक्रिय भूमिका से स्वामित्व योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को तत्काल पट्टे जारी किए। शिविर में टोडा ठेकला के सत्यनारायण किशनपुरा को भी मकान के पट्टे का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि वे लंबे समय से अपने मकान के पट्टे के लिए भटक रहे थे।

दैनिक नवज्योति 9/7/25

## सफलता की कहानी

# ग्राम पंचायत सूरजपुर में शिविर का आयोजन



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, लालसोट।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत सूरजपुर में शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सुरतपुरा के बाबूलाल सैनी व रामकेश सैनी पुत्र मूलचंद सैनी निवासी सुरतपुरा द्वारा आबादी भूमि का पट्टा लेने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। ग्राम पंचायत सुरतपुरा के सरपंच कांजी मीना एवं ग्राम विकास अधिकारी सुवालाल मीना द्वारा संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रकरण में प्रार्थी को मौके पर ही उपखंड अधिकारी विजेंद्र कुमार मीना, तहसीलदार अमितेश कुमार मीना एवं शिविर प्रभारी सहायक विकास अधिकारी ब्रजमोहन मीना द्वारा स्वामित्व योजना के तहत आबादी भूमि का पट्टा जारी कर तथा वितरित कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित कर अंत्योदय के मूल उद्देश्य को चरितार्थ किया। लाभान्वित परिवार ने पट्टा प्राप्त करने पर राज्य सरकार एवं उपखंड प्रशासन सहित स्थानीय ग्राम पंचायत प्रशासन का शिविर आयोजित करने पर भावनात्मक आभार व्यक्त किया। इसी तरह ग्राम पंचायत टोडाठेकला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत सत्यनारायण पुत्र मूलचंद शर्मा ग्राम किशनपुरा, ग्राम पंचायत टोडाठेकला के पूर्व में मकान का पट्टा नहीं बना था। शिविर की जानकारी मिलने पर वह शिविर में पहुंचा तथा अधिकारियों के समक्ष अपना पट्टा बनवाने के लिए आवेदन किया। जिस पर शिविर प्रभारी में तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही पट्टा जारी कर पारिवारिक लाभहान्वित किया।

# राहुवास में शिविर का आयोजन

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड की ग्राम पंचायत राहुवास मुख्यालय पर मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें ब्लॉक स्तरीय समस्त विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने उपस्थित होकर आम जनता का कार्य किया। इस दौरान राजस्व विभाग, पंचायत राज विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, महिला बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, जन जाति क्षेत्रीय विभाग, खाद्य विभाग, जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ने उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण मीणा, तहसीलदार महेश चंद शर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा प्रभु लाल बैरवा, सरपंच मोतीलाल मीणा, ग्राम विकास अधिकारी बाबूलाल शर्मा, कृषि पर्यवेक्षक किशन लाल जाट, विधुत कनिष्ठ अभियंता पंकज कुमार, चिकित्सा अधिकारी सुनील गोयल, पटवारी किरण चौधरी, एएनएम राजबाला, रमेश चंद मीणा, चरण सिंह गुर्जर, घनश्याम शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आज शिविर लगेंगे

**दौसा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत बुधवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगेंगे। जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि पखवाड़े के अंतिम दिन 9 जुलाई को दौसा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भण्डाना एवं जीरोता खुर्द, बांदीकुई की नारायणपुरा एवं कीरतपुरा, बसवा की कौलाना, सिकराय की गढ़ोरा, बहरावण्डा, फर्राशपुरा, नांगल राजावतान की पापड़दा एवं बड़गांव, रामगढ़ पचवारा की जीतपुर एवं कगावास, लवाण की नांगल गोविन्द एवं सैंथल की कालोता में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

दैनिक नवज्योति 9/7/25

# शिविरों में आमजन को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा फायदा, समस्याओं का हो रहा समाधान

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, दौसा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित हो रहे शिविरों में आमजन को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ही आसानी से सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का फायदा तो मिल ही रहा है। साथ ही, यहां सालों से उलझे हुए राजस्व प्रकरणों का निस्तारण होने से समाज में आपसी सौहार्द का रस घुल रहा है। आपसी सहमति से जमीन का बंटवारा होने से समय और धन की बचत के साथ भाईचारा बढ़ रहा है।

मण्डावर उपखण्ड की उकरूंद ग्राम पंचायत में मंगलवार को आयोजित शिविर में सगे भाई गिर्राज और शिवराम बैरवा ने जमीन बंटवारे के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। मण्डावर तहसीलदार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए राजस्व टीम के साथ प्रकरण में त्वरित कार्यवाही की और शिविर में ही दोनों भाइयों की जमीन का बंटवारा करवाकर अन्त्योदय के मूल उद्देश्य को चरितार्थ कर दिया। बिना किसी विवाद के आपसी रजामंदी से बंटवारा होने पर लाभान्वित काश्तकारों के चेहरे पर खुशी छलक पड़ी।

उन्होंने यह अभियान चलाने के लिए राज्य सरकार का आभार जताते हुए कहा कि प्रशासन ने हमारे गांव में ही आकर राजी खुशी हमारी जमीन का बंटवारा कर दिया। इससे न तो उन्हें कानूनी कार्यवाहियों की जटिलताओं में उलझना पड़ा और न ही राजस्व कार्यालयों के चक्कर काटने पड़े। जिससे विधिक एवं अन्य कार्यवाहियों में खर्च होने वाले समय और धन की बचत हुई और दोनों परिवारों के बीच आपसी सौहार्द को बनाए रखने में मदद मिली है।



## कई हिस्सेदारों के बीच उलझी जमीन का बंटवारा

राहुवास तहसील की सलेमपुरा ग्राम पंचायत के मानपुरा गांव में कई हिस्सेदारों के बीच उलझी हुई जमीन का मंगलवार को यहां आयोजित शिविर में आपसी सहमति से बंटवारा कर राहत दी। जमीन के खसरा नंबर 170/43 व 172/11 में भगवान सहाय की पत्नी केसन्ता और पुत्र गणेश एवं दिलखुश तथा जगदीश पुत्र माग्या, रामू पुत्र बिरदा एवं रामकेश व हीरालाल पुत्र कान्या माली सहखातेदार हैं। जमीन का बंटवारा नहीं हो पाने से परेशान खातेदारों ने मंगलवार को यहां पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर में नायब तहसीलदार राहुवास के समक्ष सहमति से विभाजन करने का प्रार्थना पत्र पेश किया। नायब तहसीलदार ने तुरंत विभाजन प्रस्ताव स्वीकार कर जमीन का बंटवारा कर सहखातेदारों को मौके पर ही राहत दी। इन्हें स्वयं के हिस्से के विभाजन करने में किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई। सहमति विभाजन के आदेश की प्रति हासिल कर सभी खातेदारों ने खुशी व्यक्त की और ऐसे राहतकारी शिविर आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद दिया।

## सुखदेव बैरवा का जमाबन्दी में नाम सुधरा

राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी में अपभ्रंश नाम होने से परेशान गुगोलाव के सुखदेव बैरवा को मंगलवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर लगे शिविर से राहत मिली।

लवाण ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत नांगल गोविन्द के गुगोलाव गांव के रहने वाले सुखदेव बैरवा काफी लम्बे समय से जमाबन्दी में अपभ्रंश नाम को शुद्ध करवाने को लेकर परेशान हो रहे थे। इन्हें गत दिनों पंचायत में शिविर लगने की जानकारी मिली तो इन्होंने यहां आईटी केन्द्र में आयोजित शिविर में पहुंचकर राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी में अपभ्रंश नाम को शुद्ध करने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। हल्का पटवारी व नायब तहसीलदार राजेश राय ने मौके पर ही ऑनलाइन शुद्धि पत्र दर्ज कर नाम शुद्ध कर दिया।

## अतिक्रमण हटवाकर रास्ता खुलवाया

ग्राम चक धरणवास के खसरा नम्बर 226 गैर मुमकिन रास्ता काफी समय से अतिक्रमियों द्वारा अवरूद्ध कर रखा था। नांगल गोविन्द में मंगलवार को आयोजित शिविर के दौरान आम जन ने राजस्व प्रशासन से इस रास्ते को खुलवाने का आग्रह किया। राजस्व कर्मिकों तथा नायब तहसीलदार राजेश राय ने त्वरित कार्यवाही करते हुए रास्ते का सीमाज्ञान कर अतिक्रमण हटवाया और रास्ते को सुचारू रूप से चालू करवाया। शिविर में रास्ता खुलने की सौगात मिलने पर ग्रामीणों ने राजस्व टीम को सराहा।

जयपुर महानगर टाइम्स 09/07/18

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के शिविरों से हर वर्ग को मिल रहा है फायदा

महानगर संवाददाता

**दौसा**। राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के अंतर्गत लग रहे शिविरों में हर वर्ग के व्यक्ति को फायदा मिल रहा है। ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ही काम होने से आमजन राहत महसूस कर रहा है। इस पखवाड़े के ऐसे ही एक लाभार्थी बने जयपुर के मुकेश कुमार। बसवा पंचायत समिति की चैबड़ी वाला ग्राम पंचायत में लगा शिविर उनकी बरसों पुरानी परेशानी खत्म करने वाला साबित हुआ। शिविर के दौरान राजस्व प्रशासन ने उनकी जमीन से सालों पुराना उलझा हुआ अतिक्रमण हटाकर जमीन पर पत्थरगढ़ी करवाकर राहत दी। जयपुर में निवारू इलाके के रहने वाले मुकेश कुमार वेद ने कोलेश्वर खुर्द में कई साल पहले जमीन खरीदी थी। इस जमीन पर पडोसी खातेदारों के बीच मतभेद चल रहे थे, जिन्होंने उनकी जमीन के कुछ हिस्से पर अतिक्रमण कर रखा था। मुकेश कुमार ने रिकॉर्ड के मुताबिक उनसे अतिक्रमण हटवाने के काफी प्रयास किए, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। अन्त में उन्होंने उपखण्ड अधिकारी के राजस्व न्यायालय में वाद दायर किया। इस दौरान वह जयपुर से बार-बार आने-जाने से भी काफी परेशान होते रहे। मुकेश कुमार को जब ग्राम पंचायत में शिविर लगने की जानकारी मिली तो उन्होंने प्रशासन से सीमा ज्ञान कराकर पत्थरगढ़ी कराने का आग्रह किया। इस पर बसवा उपखंड अधिकारी रेखा मीणा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए राजस्व टीम को प्रकरण का नियमानुसार निस्तारण करवाने के निर्देश दिए। बसवा तहसीलदार अन्नू शर्मा एवं उनकी टीम ने अतिक्रमियों से समझाइश की और सीमा ज्ञान करवाकर पत्थरगढ़ी की कार्यवाही पूरी करवाई।

**'प्रशासन का शांतिपूर्ण पत्थरगढ़ी करवाना प्रशंसनीय कार्य'**

अपनी जमीन की पत्थरगढ़ी होने से प्रसन्न मुकेश कुमार ने कहा कि प्रशासन' ने गांव के कई लोगों के विरोध के बावजूद समझाइश कर शांतिपूर्ण ढंग से पत्थरगढ़ी का कार्य करवा दिया, जो बहुत ही प्रशंसनीय है। उन्होंने यह अभियान चलाने के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए उपखंड अधिकारी रेखा मीणा, तहसीलदार अन्नू शर्मा, गुढा कटला नायब तहसीलदार बाबुलाल मीणा, पटवारी सुमेर सिंह गुर्जर एवं उनकी पूरी राजस्व टीम की सराहना की।

**दो भाइयों के आपसी रजाबंदी से हुआ जमीन बंटवारा**

बैजुपाड़ा पंचायत समिति की निहालपुरा ग्राम पंचायत में लगे शिविर के दौरान राजस्व टीम ने दो भाइयों के आपसी रजामंदी से जमीन का बंटवारा कर राहत पहुंचाई। रामजीलाल एवं हरीराम बलाई को जब गांव में शिविर लगने की जानकारी मिली तो दोनों भाइयों ने ठीकरिया गांव में स्थित कृषि भूमि का आपसी रजाबंदी से विभाजन कराने के लिए शिविर प्रभारी के समक्ष प्रार्थना-पत्रा प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी ने तुरंत पटवारी को मौके पर भेजकर उनका विभाजन प्रस्ताव तैयार कराया और शिविर में ही स्वीकृत कर दिया। काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा-53 के तहत वर्षों बाद जमीन का विभाजन होने से दोनों भाई काफी खुश नजर आए। बहरावंडा तहसील में गढ़ ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान चैथ्या बैरवा के पिता का नाम राजस्व रिकॉर्ड में दुरुस्त कराकर राहत दी। चैथ्या बैरवा ने राजस्व रिकॉर्ड में पिता का नाम गलत होने की वजह से हो रही कठिनाइयों का जिक्र करते हुए नाम दुरुस्तीकरण के लिए आवेदन किया। राजस्व टीम ने मौके पर ही संबंधित रिकॉर्ड की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की।

जयपुर महानगर टाइम्स 09/10/24

# शिविर में सहमति से हो रहे हैं जमीन के बंटवारे, बढ़ रहा है आपसी सौहार्द्र

## आमजन को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिल रहा है

महानगर संवाददाता

**दौसा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित हो रहे शिविरों में आमजन को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ही आसानी से सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का फायदा तो मिल ही रहा है। साथ ही, यहां सालों से उलझे हुए राजस्व प्रकरणों का निस्तारण होने से समाज में आपसी सौहार्द्र का रस घुल रहा है। आपसी सहमति से जमीन का बंटवारा होने से समय और धन की बचत के साथ भाईचारा बढ़ रहा है।

मण्डावर उपखण्ड की उकरूंद ग्राम पंचायत में मंगलवार को आयोजित शिविर में सगे भाई गिर्राज और शिवराम बैरवा ने जमीन बंटवारे के लिए प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया। मण्डावर तहसीलदार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए राजस्व टीम के साथ प्रकरण में त्वरित कार्यवाही की और शिविर में ही दोनों भाइयों की जमीन का बंटवारा करवाकर अन्त्योदय के मूल उद्देश्य को चरितार्थ कर दिया। बिना किसी विवाद के आपसी रजामंदी से बंटवारा होने पर लाभान्वित काश्तकारों के चेहरे पर खुशी छलक पड़ी। उन्होंने यह अभियान चलाने के लिए राज्य सरकार का आभार जताते हुए कहा कि प्रशासन ने हमारे गांव में ही आकर राजी-खुशी हमारी जमीन का बंटवारा कर दिया। इससे न तो उन्हें कानूनी कार्यवाहियों की जटिलताओं में उलझना पड़ा और न ही राजस्व कार्यालयों के चक्कर काटने पड़े, जिससे विधिक एवं अन्य कार्यवाहियों में खर्च होने वाले समय और धन की बचत हुई और दोनों परिवारों के बीच आपसी सौहार्द्र को बनाए रखने में मदद मिली है।

### कई हिस्सेदारों के बीच उलझी जमीन का हुआ बंटवारा

राहुवास तहसील की सलेमपुरा ग्राम पंचायत के मनीपुरा गांव में कई हिस्सेदारों के बीच उलझी हुई जमीन का मंगलवार को यहां आयोजित षिविर में आपसी सहमति से बंटवारा कर राहत दी। जमीन के खसरा नंबर 170/43 व 172/11 में भगवान सहाय की पत्नी केसन्ता और पुत्र गणेश एवं दिलखुश तथा जगदीश पुत्र माग्या, रामू पुत्र बिरदा एवं रामकेश व हीरालाल पुत्र कान्या माली सहखातेदार हैं।



जमीन का बंटवारा नहीं हो पाने से परेषान खातेदारों ने मंगलवार को यहां पंचायत मुख्यालय पर आयोजित षिविर में नायब तहसीलदार राहुवास के समक्ष सहमति से विभाजन करने का प्रार्थना पत्र पेश किया। नायब तहसीलदार ने तुरंत विभाजन प्रस्ताव स्वीकार कर जमीन का बंटवारा कर सहखातेदारों को मौके पर ही राहत दी। इन्हें स्वयं के हिस्से के विभाजन करने में किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई।

सहमति विभाजन के आदेश की प्रति हासिल कर सभी खातेदारों ने खुशी व्यक्त की और ऐसे राहतकारी षिविर आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल षर्मा को धन्यवाद दिया।

### सुखदेव बैरवा का जमाबन्दी में नाम सुधरा

राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी में अपभ्रंश नाम होने से परेषान गुगोलाव के सुखदेव बैरवा को मंगलवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर लगे षिविर से राहत मिली। लवाण ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत नांगल गोविन्द के गुगोलाव गांव के रहने वाले सुखदेव बैरवा काफी लम्बे समय से जमाबन्दी में अपभ्रंश नाम को शुद्ध करवाने को लेकर परेशान हो रहे थे। इन्हें गत दिनों पंचायत में शिविर लगने की जानकारी मिली तो इन्होंने यहां आईटी केन्द्र में आयोजित शिविर में पहुंचकर राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी में अपभ्रंश नाम को शुद्ध करने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। हल्का पटवारी व नायब तहसीलदार राजेश राय ने मौके पर ही ऑनलाइन शुद्धि पत्र दर्ज कर नाम शुद्ध कर दिया।

### अतिक्रमण हटवाकर रास्ता खुलवाया

'ग्राम चक धरणवास के खसरा नम्बर 226 गैर मुमकिन रास्ता काफी समय से अतिक्रमियों द्वारा अवरूद्ध कर रखा था। नांगल गोविन्द में मंगलवार को आयोजित षिविर के दौरान आम जन नें राजस्व प्रषासन से इस रास्ते को खुलवाने का आग्रह किया। राजस्व कर्मिकों तथा नायब तहसीलदार राजेश राय ने त्वरित कार्यवाही करते हुए रास्ते का सीमाज्ञान कर अतिक्रमण हटवाया और रास्ते को सुचारू रूप से चालू करवाया।



प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – सलूंबर

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत जिलेभर में लगे शिविर, लोगों को मिली राहत

# कोई सालभर से बंद पेंशन पाकर हुआ खुश तो किसी के पुराने मामले का निस्तारण


@ सराड़ा


@ लसाड़िया


@ पारसोला


@ कुराबड़.बंबोरा


@ गींगला


@ झाड़ोल


@ खेरवाड़ा


@ नयागांव


@ कालीभीत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सलूम्बर.** जिला कलक्टर अवधेश मीना के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ. महेन्द्र परमार ने आदेश जारी कर बताया कि जिले में वर्तमान में राज्य सरकार की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत पात्र विशेष योग्यजन को प्रमाण पत्र जारी करना एवं मूल्यांकन उच्च प्राथमिकता वाला कार्य है। 9 जुलाई को सुबह 9 बजे से जिला चिकित्सालय में शिविर लगेगा। इस दौरान डॉ. सुनीता कुलदीप एवं डॉ. आयुषी नेत्र रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की है। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग, मानसिक रोग व नाक कान गला रोग विशेषज्ञ सेवाएं देंगे। दो ई-मित्र कियोस्क होंगे। जिससे विशेष योग्यजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उपनिदेशक दीपक धाकड़ ने आदेश जारी कर जयेश खटीक एवं ललित सेवक की मय कंप्यूटर सेटअप के शिविर स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

**कालीभीत.** ग्राम पंचायत चंदाजी का गुड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत शिविर प्रशासक वीरमलाल मीणा की अध्यक्षता में लगा। प्रभारी विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा ने बताया कि शिविर में चिखलड़ी निवासी 89 साल के भगवान मीणा को एक वर्ष से फिंगर नहीं आने के कारण पेंशन नहीं मिल पा रही थी। वहीं इसी से पेंशन सत्यापन नहीं हो रहा था। विकास अधिकारी ने शिविर में सत्यापन कर हाथों-हाथ पेंशन शुरू करवाई। जिससे एक साल की बकाया पेंशन की राशि खाते में डाल दी जाएगी।

**सराड़ा.** ग्राम पंचायत नठारा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगा। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीणों ने लिया। शिविर में 2 लाभार्थियों को पेंशन, दो जन्म प्रमाण पत्र, 6 मंगल पशु बीमा,10 नवीन जॉब कार्ड, 33 आयुष्मान कार्ड, भामाशाहों द्वारा 3 जरूरतमंदों को अनाज किट दिए। इस दौरान विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार चुंडावत, अतिरिक्त विकास अधिकारी केदारनारायण चौधरी, मंडल अध्यक्ष करण जोशी, पंकज चौबीसा, मणिशंकर शर्मा, लक्ष्मणलाल मीणा, घनश्याम सिंह चुंडावत, सरपंच तोलादेवी मीणा आदि मौजूद रहे।

**लसाड़िया.** भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र धामनिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर मंगलवार को हुआ। अध्यक्षता धामनिया प्रशासक देवली बाई मीणा ने की। शिविर प्रभारी रामजीलाल गुर्जर ने शिविर में सभी प्रकरणों का समाधान किया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी निर्भय सिंह भाटी, हरीश कुमार, हीरालाल मेनारिया, प्रताप सिंह मीणा, उप सरपंच सुरेश कुमार मीणा, सहायक कनिष्ठ देवीलाल मीणा, पटवारी दीपक रावत सहित वार्ड पंच व ग्रामीण रहे।

**अदवास.** जयसमंद पंचायत समिति के सेमाल और नईझर ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगे। शिविर प्रभारी जयसमंद विकास अधिकारी दयाचंद यादव, नायब तहसीलदार रमेश निनामा ने बताया कि ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ लिया।

**पारसोला.** ग्राम पंचायत गोपालपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगा। शिविर में सभी विभागों के कार्मिक रहे। धरियावद उपखण्ड अधिकारी राकेश कुमार न्योल ने निरीक्षण किया। शिविर में सरपंच नगली देवी, केशूलाल मीणा, नेता प्रतिपक्ष नाथूलाल मीणा, ग्राम विकास अधिकारी सुरेश हेड़ा अशोक मीणा समेत ग्रामीण रहे।

**कुराबड़.बंबोरा.** सोमाखेड़ा सुलावास ग्राम पंचायत में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगा। शिविर में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी तो संबंधित विभाग को निस्तारण के निर्देश दिए, कई लोगों के व्यक्तिगत कार्य निपटाए। सोमाखेड़ा में शिविर प्रभारी अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रदीप शर्मा को पातुखेड़ा के ग्रामीणों ने चारागाह जमीन पर अतिक्रमण, सोमाखेड़ा के ग्रामीणों ने भींडर चौराहा पटेल सर्कल पर बैरियर की मांग की। पातु खेड़ा स्कूल मे शिक्षकों की कमी, नामांतरण खुलवाने, मीटर बदलने, पेयजल समस्या समेत कई प्रकरण आए। नायब तहसीलदार गोपाल कृष्ण मेघवाल, पीओ भंवर लाल मीणा, सीबीईओ मीना शर्मा, आरआइ दीपक सुहालका, पीईईओ दुर्गेश भट्ट, सरपंच कालूलाल मीणा, वीडीओ मुकेश दाहिमा, पटवारी वीना कुम्हार, उपसरपंच पेमा राम पटेल सहित कार्मिक रहे। बुधवार को फीला और बंबोरा मे शिविर लगेगा।

**गींगला.** ओरवाडिया मे शिविर लगा। शिविर प्रभारी प्रतापीलाल मीणा के नेतृत्व में सरकार के विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं के बारे मे आमजन को लाभान्वित किया। पंचायती राज विभाग द्वारा जन्म प्रमाण-पत्र -7, मृत्यु प्रमाण-पत्र -2, पीएम आवास उपयोगिता प्रमाण-पत्र -15, राजस्व विभाग 13 लम्बित नामांतरण, 9 रास्ते के प्रकरण, 2आपसी सहमति बंटवारा सहित समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान मेवल मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह, यशवंत त्रिवेदी, नाथूलाल कोलावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश डंगीरा, मंडल महामंत्री लालूराम पटेल, हीरालाल डंगीरा, बाबूलाल कानपुरा, नाथु सिंह गुड़ेल, सरपंच कालूलाल मीणा, ग्राम पंचायत के वार्ड पंच और जनप्रतिनिधि रहे।

**वल्लभनगर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा के तहत शिविर मे जिला प्रशासन ने बैंकों की भूमिका को लेकर विशेष निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी सुरेंद्र बी पाटीदार ने बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि जनधन योजना, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं सहित अन्य वित्तीय सेवाओं में तेजी लाते हुए हर पात्र व्यक्ति को समय पर लाभ दिलाएं। बैंक में आने वाले लाभार्थियों को असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए एक विशेष हेल्प डेस्क लगाएं।

**झाड़ोल.** मंगलवार को आंजरोली खास में बहुउद्देश्यीय जनसेवा शिविर लगा। प्रतापसिंह मीणा के नेतृत्व में शिविर में योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में 20 जॉब कार्ड व 4 पेंशन योजनाओं के आवेदन तैयार किए। मूल निवास, जाति एवं जन्म प्रमाण पत्रों का वितरण किया। कृषि विभाग ने 22 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। 50 पौधे लगाए। चिकित्सा विभाग ने स्वास्थ्य जांच एवं स्कैनिंग की। खाद्य सुरक्षा विभाग ने आधार कार्ड सीडिंग की। शिविर में कई विभागीय अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व स्थानीय कर्मचारी रहे। मंडल अध्यक्ष ओगणा तखतसिंह, अतिरिक्त विकास अधिकारी लक्ष्मणसिंह गरासिया, ग्राम पंचायत प्रशासक राधा देवी, वीडीओ बाबूलाल महरिया, मांगीलाल पटेल आदि मौजूद थे।

**खेरवाड़ा.** ग्राम पंचायत खेरवाड़ा के अटल सेवा केंद्र में शिविर लगा। उपनिदेशक स्वायत्त शासन विभाग उदयपुर विनोद कुमार एवं भाजपा नेता नानालाल अहारी के आतिथ्य में हुआ। 15 व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड एवं मृदा कार्ड बांटे। नामांतरण, सीमा ज्ञान, भूमि बंटवारा के काम हुए। बालिका जन्मोत्सव को प्रोत्साहन देने केक काटकर बालिका का जन्मोत्सव मनाया। एसडीएम सत्यनारायण बिश्नोई, अमृतलाल डामोर, पारस जैन, तहसीलदार रेवतराम, नायब तहसीलदार रमेश कुमार मीना, प्रमोद अग्रवाल, सरपंच लक्ष्मी देवी आदि रहे।

**नयागांव.** झांझरी में शिविर लगा। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नानालाल अहारी रहे। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान अमृतलाल डामोर, विशिष्ट अतिथि विकास अधिकारी चंदूलाल मीणा थे। विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री धूलेश्वर वसोहर थे। अध्यक्षता झाझंरी सरपंच प्रदीप मीणा ने की।

# सफलता की कहानी पंडित दीनदयाल उपाध्याय केम्प में सत्यापन से पुनः मिला पेंशन लाभ



राजस्थान धड़कन न्यूज़ नरेश शर्मा। जयसमंद सलूंबर। राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर अवधेश मीना के नेतृत्व में ग्राम पंचायत चंदाजी का गुडा पंचायत समिति लसाडिया जिला सलूंबर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान लाभार्थी ने बताया कि मैं भगवाना पिता हेमा मीणा (RJ-A-05446191) निवासी चंदाजी का गुडा पंचायत समिति लसाडिया जिला सलूंबर का निवासी हूं। मेरा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में पेंशन हेतु वार्षिक सत्यापन नहीं हो पा रहा था।क्योकि मेरी आयु 90 वर्ष होने व मेरी अंगुली एवं चेहरे से मिलान नही होने के कारण मुझे लाभ नहीं मिल रहा था। आयोजित हुए शिविर की जानकारी ग्राम पंचायत से प्राप्त हुई मैं शिविर मे प्रशासक विरमलाल मीणा एवं विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या बताई। जिस पर विकास अधिकारी द्वारा मेरी पेशन का सत्यापन मौक पर तुरंत कर दिया गया। जिससे मेरी 11 माह से जो समस्या थी। उसका समाधान हो गया मुझे मेरी 11 माह से बंद पेंशन पुनः सत्यापन के बाद चालू हो गई है। साथ ही मुझे मेरी पूर्व की पेंशन राशि भी पुनः मिल जाएगी, उक्त कार्य के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री जिला प्रशासन पंचायती राज विभाग बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ।

# सेमाल नईझर पंचायत में शिविर का आयोजन लाभार्थियों को मिला शिविर में सरकारी योजनाओं का लाभ







राजस्थान धड़कन न्यूज़ नरेश शर्मा। जयसमंद सलूंबर। जयसमंद पंचायत समिति के सेमाल ओर नईझर ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत मंगलवार को शिविरों आयोजित किया गया जिसममे शिविर प्रभारी जयसमंद विकास अधिकारी दयाचंद यादव नायब तहसीलदार रमेश निनामा ने बताया कि ग्रामीणों को विभिन्न राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित किया गया। साथ ही कई प्रकरणों हाथों-हाथ निस्तारण किया गया शिविर में सीमाज्ञान09नामांतरण 08,आपसी सहमति से बटवार 01,खाता शुद्धि करण,0,जाति प्रमाण पत्र103,मूल निवास प्रमाण पत्र103, पेंशन सत्यापन 63,पेंशन स्वीकृत8,जॉब कार्ड वितरण2,जन्म प्रमाण पत्र 04,मृत्यु प्रमाण पत्र 03,मृदा नमूना संग्रहण 51,मृदा कार्ड15,सूक्ष्म सिंचाईयोजना के आवेदन-1,ढीले तार को सही किये 18,टेढ़े पोल सही किये गए 15,तारो के संपर्क में आने वाले पेड़ो की छंगाई 70, स्वास्थ्य विभाग स्क्रेनिग 32,शिक्षा विभाग 8विद्यालय परिसर में शौचालय की साफ-सफाई 08,विद्यालय प्रवेशोत्सव 06रोगी पशुओं की चिकित्सा(बड़े पशु ) 174रोगी पशुओं की चिकित्सा(छोटे पशु ) 79लम्पि रोग प्रतिरोधक टीकाकरण 100गलगोटू टीकाकरण 60राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना आधारसीडिंग-68ई के वाई सी:- 81 सहित विभाग द्वारा किएगयाइसदौरानअतिरिक्तविकासअधिकारीसुरेशचंद्रखटीकब्लॉकशिक्षाअधिकारीप्रीतिशर्मा प्रधानाचार्यसौरभमोडहरिसिंह, आरआईमावाराममीणा, पटवारीहेमेंद्रगमेती, ललितपटेल, सेमाल सरपंच चंदा देवी, डीलर यूनियन के जिलाध्यक्ष ईश्वर जैन, प्रधानाचार्य त्रिणेगुश्वरी राव, नईझर सरपंच तारादेवीमीणा, प्रधानाचार्य रामवतारमीणा, ग्रामविकासअधिकारीशिवपालसिंहचौहान, बाबुलाल मीणा, एलडीसी उदयसिंह, लीलाशंकर चोबीसा, लाइनमैन रतन पटेल, एसबीआई बैंक बीसी भीमराज पटेल ब्लॉक चिकित्साआधिकारी मनिष पाठक, सहित सभी विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

हुक्मनामा समाचार

https://www.hukmnamasamachar.com
09 July, 2025 - Page 6

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा,एक छत के नीचे मिल रहा है विभिन्न विभागों का लाभ

**सलूंबर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत मंगलवार को जिले की ग्राम पंचायत देवगांव, अमलोदा, मल्लाडा, नठारा, नाल हल्कार, थडा, अदकालिया, बस्सी झुंझावत, बामनिया, सेमाल,नईझर, चंदा जी का गुड़ा, धामनिया इत्यादि ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सेमाल शिविर के दौरान विकास अधिकारी दयाचंद यादव के निर्देशन में आयोजित किया गया।

## दो पीढ़ियों से लंबित भूमि का शिविर में हुआ सहमति से बंटवारा

# सेमारी में आयोजित अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में राजस्व विभाग की त्वरित कार्रवाई

● पदमावत मीडिया



सलूंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जिला कलेक्टर अवधेश मीणा के नेतृत्व में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत सेमारी, पंचायत समिति सेमारी में आयोजित शिविर में वर्षों से लंबित एक जमीनी विवाद का समाधान किया गया। सेमारी निवासी जशोदा कुंवर पत्नी केशरसिंह, प्रतापसिंह पुत्र भैरूसिंह, रंजन कुंवर पत्नी नाथूसिंह और लालसिंह पुत्र भैरूसिंह (जाति राजपूत) की खातेदारी कृषि भूमि, खाता संख्या 783, खसरा संख्या 18, रकबा 1.69 हेक्टेयर (लगभग 8 बीघा), पिछले दो पीढ़ियों से साझेदारी में चली आ रही थी, लेकिन आपसी सहमति के अभाव में बंटवारा संभव नहीं हो पा रहा था। शिविर में उपखंड अधिकारी निलेश कलाल के समक्ष सभी सहखातेदार उपस्थित हुए और आपसी सहमति से भूमि विभाजन की मांग की। उपखंड अधिकारी के निर्देश पर भू-अभिलेख निरीक्षक दिलीपसिंह मीणा और पटवारी जगदीश कुमार मीणा ने मौके पर पहुंचकर खातेदारों के बीच आपसी सहमति से काश्त और कब्जे के आधार पर बंटवारे की फेहरिस्त तैयार की। इसके पश्चात शिविर में तहसीलदार डूंगरलाल प्रजापत की उपस्थिति में खातेदारों ने राजस्व रिकॉर्ड में अलग-अलग खाते दर्ज करने की रजामंदी दी, जिस पर हाथोंहाथ विभाजन आदेश जारी कर दिया गया। आदेश की प्रति सरपंच पार्वती देवी मीणा द्वारा खातेदारों को सौंपी गई। दो पीढ़ियों से लंबित भूमि विवाद के समाधान से काश्तकारों के चेहरे पर संतोष की मुस्कान नजर आई और उन्होंने राज्य सरकार, जिला प्रशासन तथा स्थानीय अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## चंदाजी का गुड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर का आयोजन

# सत्यापन शिविर में 90 वर्षीय भगवाना मीणा को फिर मिला पेंशन लाभ

● पदमावत मीडिया



सलूंबर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जिला कलेक्टर अवधेश मीणा के नेतृत्व में पंचायत समिति लसाडिया की ग्राम पंचायत चंदाजी का गुड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान चंदाजी का गुड़ा निवासी 90 वर्षीय भगवाना पिता हेमा मीणा (पेंशन आईडी RJ-05446191) ने बताया कि आयु अधिक होने के कारण उनकी अंगुली और चेहरे से बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा था, जिससे 11 माह से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। शिविर की जानकारी मिलने पर भगवाना मीणा शिविर स्थल पर पहुंचे और प्रशासक विरमलाल मीणा व विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा के समक्ष अपनी समस्या रखी। विकास अधिकारी द्वारा तुरंत पेंशन का पुनः सत्यापन कर समस्या का समाधान किया गया। सत्यापन पूर्ण होते ही उनकी पेंशन पुनः शुरू हो गई और उन्हें पूर्व की लंबित राशि भी प्राप्त होगी। पेंशन बहाली से संतुष्ट भगवाना मीणा ने प्रशासन और पंचायती राज विभाग का आभार व्यक्त किया।

## देवलिया में शिविर के दौरान शामलात भूमि का निर्विवाद बंटवारा

# संबल पखवाड़ा शिविर में राजस्व विभाग ने त्वरित कार्रवाई कर पुराना विवाद किया हल



● पदमावत मीडिया

सलूंबर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जिला कलेक्टर अवधेश मीणा के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवलिया, पंचायत समिति लसाडिया में शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान दो खातेदारों की वर्षों से लंबित भूमि संबंधी समस्या का समाधान किया गया। देवलिया निवासी जमनी बाई पत्नी नारण मीणा और थावरी बाई पत्नी लिम्बा मीणा (जाति मीणा) ने बताया कि उनकी साझेदारी खातेदारी कृषि भूमि का बंटवारा मौके पर आपसी सहमति से कर लिया गया था, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में विभाजन दर्ज नहीं था। इस कारण उन्हें बिजली कनेक्शन, भूमि समतलीकरण, सीमा ज्ञान व आवासीय परिवर्तन जैसे कार्यों में लगातार परेशानी आ रही थी। शिविर में तहसीलदार लसाडिया रामजी लाल गुर्जर के समक्ष दोनों खातेदारों ने अपनी समस्या रखी। तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी बालूराम मीणा और भू-अभिलेख निरीक्षक दीपक कुमार बामनिया ने मौके पर जाकर भूमि का निरीक्षण किया और कब्जे के अनुसार सहमति से बंटवारा तैयार करवाया। इसके बाद राजस्व रिकॉर्ड में बंटवारे की प्रविष्टि कर दी गई। वर्षों से लंबित इस समस्या के समाधान से खातेदारों के चेहरे पर संतोष की झलक दिखी और उन्होंने शिविर आयोजन के लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन एवं राजस्व विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान सीमाज्ञान के 11, रास्ता प्रकरण के 2, सहमति विभाजन के 2 और नामांतरण के 10 प्रकरण दर्ज कर निस्तारित किए गए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा शिविर किसानों के लिए एक उपयोगी पहल साबित हो रहा है।

दैनिक भास्कर
उदयपुर जिला 09-07-2025

# 11 माह से बंद पेंशन शिविर में शुरू, भूमि विवाद भी सुलझे

भास्कर न्यूज | सलूंबर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत

ग्राम पंचायत श्यामपुरा (सेमारी) में वर्षों पुराना भूमि विवाद सुलझाया गया। दला/नानजी और मोगा/रतना के बीच मौजा भीम्पुर की आराजी संख्या 1034 और 1035 को आपसी सहमति से बांटा गया।

ग्राम पंचायत सेमारी में आयोजित शिविर में जशोदा कंवर, प्रतापसिंह, रंजन कंवर और लालसिंह की खातेदारी भूमि का बंटवारा हुआ। खाता संख्या 783, खसरा संख्या 18, क्षेत्रफल 1.69 हेक्टेयर भूमि दो पीढ़ियों से साझा थी। ग्राम पंचायत देवलिया में खातेदार जमनीबाई और धापरीबाई ने बताया कि उन्होंने शामलाती भूमि का आपसी बंटवारा तो कर लिया था, लेकिन रिकॉर्ड में दर्ज नहीं था। इससे बिजली कनेक्शन, आवासीय परिवर्तन, भूमि समतलीकरण जैसे कार्यों में परेशानी हो रही थी। तहसीलदार रामजीलाल गुर्जर के निर्देश पर पटवारी बालूराम मीणा और भू-अभिलेख निरीक्षक दीपक बामनिया ने मौका निरीक्षण कर सहमति बंटवारा तैयार करवाया।

## 15 पीएम आवास उपयोगिता प्रमाण पत्र दिए, 11 सीमा ज्ञान प्रकरण निपटाए

सराड़ी| ओरवाड़िया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगा। शिविर प्रभारी प्रतापीलाल मीणा के सान्निध्य में विभिन्न विभागो की योजनाओं से आमजन को लाभान्वित किया। इस दौरान पंचायती राज विभाग द्वारा जन्म प्रमाण पत्र 7, मृत्यु प्रमाण पत्र 2, पीएम आवास उपयोगिता प्रमाण पत्र 15, राजस्व विभाग द्वारा 13 लम्बित नामांतरण, 9 रास्ते के प्रकरण, 2 आपसी सहमति बंटवारा, 11 सीमा ज्ञान प्रकरण, कृषि विभाग द्वारा 10 सोयल हेल्थ कार्ड वितरण, 51 सोयल हेल्थ कार्ड संग्रहण, चिकित्सा विभाग द्वारा 5 आयुष्मान कार्ड वितरण, 4 पीएम उज्ज्वला योजना आवेदन के कार्य हुए।

## 103 जाति व 103 मूल निवास प्रमाण पत्र बनाए और 51 मृदा नमूना संग्रहण किया

जयसमंद| जयसमंद ब्लॉक के सेमाल ग्राम पंचायत में संबल शिविर लगा। शिविर में जयसमंद बीडीओ दयाचंद यादव, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र खटीक, सरपंच चंदा देवी मीणा ,प्रधानाचार्य सौरभ मौड़ ने शिविर में योजनाओ की जानकारी दी । शिविर में 15 मृदा कार्ड ,63 पेंशन सत्यापन,33 विद्युत पोल की मरम्मत ,तारो के संपर्क में आने वाले 70 पेड़ो की छंगाई ,8 नवीन पेंशन स्वीकृति ,2 जॉब कार्ड वितरण , 3 मृत्यु प्रमाण पत्र ,8 नामांतरण,9 सीमाज्ञान , 1आपसी सहमति से बटवारा ,103 जाति प्रमाण पत्र, 103 मूल निवास प्रमाण पत्र, 51 मृदा नमूना संग्रहण, 1 सूक्ष्म सिंचाई योजना आवेदन, 1 तार बंदी, 174 बड़े रोगी पशुओं तथा 79 छोटे रोगी पशुओं की चिकित्सा, 100 लंपी रोग प्रतिरोधक टीकाकरण, 60 गलघोंटू टीकाकरण, 68 आधार सीडिंग, 81 ई-केवाईसी की गई।

ग्राम पंचायत चंदाजी का गुड़ा में शिविर प्रशासक वीरमचंद मीणा की अध्यक्षता में लगा। प्रभारी विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग में नामांतरण 7, सीमा जानकारी 8, बंटवारा 1, पत्थर गढ़ी 2, शुद्धिकरण 4 सहित सभी विभागों के कार्यों का हाथों-हाथ निस्तारण किया। इस दौरान विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अजय कुमार आसवानी, ग्राम विकास अधिकारी संजय कुमार, कनिष्ठ सहायक राजकुमार चौबीसा, कन्हैयालाल डांगी, राजस्व विभाग से आरआई गौतमलाल मीणा, पटवारी कपिल कुमार मेहता आदि मौजूद थे।

Appointment
TCI EXPRESS
LEADER IN EXPRESS



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला –श्री गंगानगर

–:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::–

# शिविर में पात्र भूखंडधारियों को उनके भूखंडों के पट्टे तैयार कर वितरित




सीमा सन्देश # सादुलशहर। ग्राम पंचायत मुख्यालय छापांवाली में मंगलवार को प्रशासक अमीचंद मेघवाल की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। इसमें कृषि विभाग के सहायक निदेशक स्वर्ण सिंह अराई के निर्देशन में मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए। वहीं पात्र भूखंडधारियों को उनके भूखंडों के पट्टे तैयार किए गए। प्रोपर्टी पार्सल, पालनहार एवं बूढापा पेंशन के दस्तावेज तैयार करवाए। खाद्य सुरक्षा से वंचित पात्र लोगों के नाम सत्यापित किए गए। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं में पात्र व्यक्तियों का चिन्हीकरण कर लाभ देने के लिए आवेदन तैयार करवाए गए। इसके बाद नायब तहसीलदार बृजलाल शर्मा, पूर्व उप प्रधान सुरेंद्र जलंधरा, भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष निशान सिंह कडवासरा, पूर्व डायरेक्टर कुंभाराम कांवलिया, विकास अधिकारी राजेंद्र जोइया, सहायक विकास अधिकारी रामकुमार गोयल, ग्राम विकास अधिकारी रोशनलाल, उप प्रशासक राजवीर यादव, सिमरणजीत मान, प्रशांत टाडा, कृषि पर्यवेक्षक सुनीता, सौरभ, पशु चिकित्सक समीर कुमार, सुरजीत नोजल, मोहन सिंह मान ने प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# किलांवाली: ग्रामीणों को पट्टे व मृदा कार्ड वितरित



**सीमा सन्देश # सादुलशहर**

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंतोद्य संबल पखवाड़ा अंतर्गत मंगलवार को गांव किलांवाली में प्रशासक महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। इसमें मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पात्र भूखंडधारियों को उनके भूखंडों के पट्टे तैयार कर वितरित किए गए। वहीं प्रोपर्टी पार्सल भी प्रदान किए गए। पालनहार एवं बूढापा पेंशन के दस्तावेज तैयार करवाए। खाद्य सुरक्षा से वंचित पात्र लोगों के नाम सत्यापित किए गए। योजनाओं में पात्र व्यक्तियों का चिन्हीकरण कर लाभ देने के लिए आवेदन तैयार करवाए गए। पूर्व उप प्रधान सुरेंद्र जलंधरा, भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष निशान सिंह कडवासरा, कुंभाराम कांवलिया, तहसीलदार रजनी चौधरी, विकास अधिकारी राजेंद्र जोइया, सहायक विकास अधिकारी रामकुमार गोयल, ग्राम विकास अधिकारी जसवंत सिंह ने पात्र ग्रामीणों को पट्टे व मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। वहीं कृषि विभाग के सहायक निदेशक स्वर्ण सिंह अराई ने ग्रामीणो को विभाग की योजनाओं बारे जानकारी दी।



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – बीकानेर

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

# प्रोत्साहन राशि प्राप्त होने पर चेहरे खिले

बीकानेर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत कोलायत के ग्राम गोविन्दसर में मंगलवार को आयोजित शिविर में शंकरराम,भोजारम, रुपाराम,सालूराम, पप्पुबाई, नारायणराम सहित 24 बीपीएल परिवारों को 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजनांतर्गत 21 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी गई। शिविर प्रभारी ने बताया कि डीबीटी के माध्यम से राशि बैंक खातों में ट्रान्स्फर करने के लिए समस्त परिवारों के बैंक खातो का स्त्यापन करवाया गया।? उन्होंने बताया कि बीपीएल परिवारों को पहली बार नगद राशि से प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान सभी बीपीएल परिवारों की बैंक खाता डायरी, आधार व आवश्यक दस्तावेज आदि जमा किए गए। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। शंकरराम, रुपाराम, पप्पुबाई ने 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि मिलने पर अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करेंगे व बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की इच्छा जाहिर की। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आर्थिक सहायता से बीपीएल परिवारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# दो भाइयों का मनमुटाव दूर कर, सहमति से हुआ खाता विभाजन

**राजस्थान प्रदीप रिपोर्टर**

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत बज्जू के ग्राम पंचायत मोडायत में मंगलवार को आयोजित शिविर के दौरान दो भाइयों का आपसी सहमति से खाता विभाजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार बिहारीलाल व ग्राम पंचायत सरपंच ओमप्रकाश ने चक 13 डीओबीबी बी के खातेदार किशनाराम व शंकरलाल को खाता विभाजन से मिलने वाले लाभों से अवगत करवाया गया। साथ ही उन्हें भविष्य में उत्पन्न होने वाले विवादों के बारे में बताया गया। शिविर के माध्यम से दोनों भाइयों में आपसी विभाजन से संबंधित चल रहे मनमुटाव को दूर किया गया। जिससे किशनाराम व शंकरलाल ने आपसी सहमति से तुरंत खाता विभाजन के लिए तहसीलदार के सक्षम आवेदन प्रस्तुत किया। दोनों ने शिविर में अपनी सहमति से चक 13 डीओबीबीबी की कुल 67 बीघा भूमि का बंटवारा किया। इस दौरान तहसीलदार ने अन्य ग्रामवासियों को शिविर का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। दोनों भाइयों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

# आपसी सहमति से हुआ खाता विभाजन

राजस्थान प्रदीप रिपोर्टर

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत जसरासर के ग्राम बिलनियासर में मंगलवार को आयोजित शिविर के दौरान काश्तकारों का आपसी सहमति से खाता विभाजन किया गया। शिविर में कोजाराम एवं पिथाराम की वर्षों से चली जा रही संयुक्त खातेदारी को उन्होंने आपसी समझदारी और पारिवारिक एकता के साथ सहमति में विभाजित कर दिखाया कि सहयोग से हर समस्या का समाधान संभव है। शिविर प्रभारी ने बताया कि भूमि विवाद संबंधित प्रकरणों के कारण भाई-भाई के रिश्ते में दरार डाल देता हैं, वहीं इन दोनों भाइयों के इरादे नेक होने की वजह से यह काम संभव हो पाया है। साथ ही पारिवारिक एकता बनाए रखने के लिए कानूनी लेखा-जोखा के बिना समस्याए सुलझाई जा सकती है।

दोनों भाइयों ने तहसीलदार की मदद से अपनी भूमि का सीमांकन तय किया। दोनों ने तहसीलदार को सहमति पत्र प्रस्तुत कर खाता विभाजन की विधिक प्रक्रिया पूरी की। इस निर्णय में न केवल दोनों भाइयों को स्पष्ट भूमिधिकार प्राम हुआा। लेकिन अगली पीड़ियों को निर्विवाद और पारदर्शी भूमि रिकॉर्ड का लाभ मिलेगा। गांव के अन्य लोगों के लिए यह प्रकरण प्रेरणादायक उदाहरण बना।

लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से मौके पर समाधान मिलने पर राहत मिली।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

## दो भाइयों का मनमुटाव खत्म कर आपसी सहमति से कराया खाता विभाजन

कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत बज्जू के ग्राम पंचायत मोडायत में मंगलवार को आयोजित शिविर के दौरान दो भाइयों का आपसी सहमति से खाता विभाजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार बिहारीलाल व ग्राम पंचायत सरपंच ओमप्रकाश ने चक 13 डीओबीबी बी के खातेदार किशनाराम व शंकरलाल को खाता विभाजन से मिलने वाले लाभों से अवगत करवाया गया। साथ ही उन्हें भविष्य में उत्पन्न होने वाले विवादों के बारे में बताया गया। शिविर के माध्यम से दोनों भाइयों में आपसी विभाजन से संबंधित चल रहे मनमुटाव को दूर किया गया। जिससे किशनाराम व शंकरलाल ने आपसी सहमति से तुरंत खाता विभाजन के लिए तहसीलदार के सक्षम आवेदन प्रस्तुत किया। दोनों ने शिविर में अपनी सहमति से चक 13 डीओबीबीबी की कुल 67 बीघा भूमि का बंटवारा किया। इस दौरान तहसीलदार ने अन्य ग्रामवासियों को शिविर का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह ग्राम बिलनियासर में आयोजित शिविर के दौरान काश्तकारों का आपसी सहमति से खाता विभाजन किया गया। शिविर में कोजाराम एवं पिधाराम की वर्षों से चली जा रही संयुक्त खातेदारी को उन्होंने आपसी समझदारी और पारिवारिक एकता के साथ सहमति में विभाजित कर दिखाया कि सहयोग से हर समस्या का समाधान संभव है। शिविर प्रभारी ने बताया कि भूमि विवाद संबंधित प्रकरणों के कारण भाई-भाई के रिश्ते में दरार डाल देता हैं, वहीं इन दोनों भाइयों के इरादे नेक होने की वजह से यह काम संभव हो पाया है। साथ ही पारिवारिक एकता बनाए रखने के लिए कानूनी लेखा-जोखा के बिना समस्याए सुलझाई जा सकती है। दोनों भाइयों ने तहसीलदार की मदद से अपनी भूमि का सीमांकन तय किया। दोनों ने तहसीलदार को सहमति पत्र प्रस्तुत कर खाता विभाजन की विधिक प्रक्रिया पूरी की। इस निर्णय में न केवल दोनों भाइयों को स्पष्ट भूमिधिकार प्राम हुआ। लेकिन अगली पीड़ियों को निर्विवाद और पारदर्शी भूमि रिकॉर्ड का लाभ मिलेगा। गांव के अन्य लोगों के लिए यह प्रकरण प्रेरणादायक उदाहरण बना। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से मौके पर समाधान मिलने पर राहत मिली।

## बीपीएल परिवारों के खिले चेहरे

कोलायत के ग्राम गोविन्दसर में मंगलवार को आयोजित शिविर में शंकरराम, भोजारम, रुपाराम, सालूराम, पप्पुबाई, नारायणराम सहित 24 बीपीएल परिवारों को 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजनांतर्गत 21 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी गई। शिविर प्रभारी ने बताया कि डीबीटी के माध्यम से राशि बैंक खातों में ट्रान्स्फर करने के लिए समस्त परिवारों के बैंक खातो का स्त्यापन करवाया गया। उन्होंने बताया कि बीपीएल परिवारों को पहली बार नगद राशि से प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान सभी बीपीएल परिवारों की बैंक खाता डायरी, आधार व आवश्यक दस्तावेज आदि जमा किए गए। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। शंकरराम, रुपाराम, पप्पुबाई ने 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि मिलने पर अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करेंगे व बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की इच्छा जाहिर की।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा : बुधवार को विभिन्न स्थानों पर होंगे शिविर

बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बुधवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार पंचायत समिति बीकानेर में, लूणकरणसर के मोहकमपुरा, बडेरण व भीखनेर में, श्रीडूंगरगढ़ के ठुकरियासर, सत्तासर, जालबसर व सुरजनसर में, कोलायत के गिराजसर, गडियाला व देवडों की ढाणी में, बज्जू के संतोष नगर व जागणवाला में, पूगल में, छत्तरगढ़ के कृष्णनगर व रामनगर में, खाजूवाला के 5 केवाइडी व 8 केवाइडी में, नोखा के जेगला, देसलसर, बीरमसर, गजरूपदेसर, हिंयादेसर व बगसेऊ ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजनान्तर्गत प्रोत्साहन राशि प्राप्त होने पर बीपीएल परिवारों के चेहरे खिले

**बुलंद राजस्थान**

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत कोलायत के ग्राम गोविन्दसर में मंगलवार को आयोजित शिविर में शंकरराम, भोजारम, रुपाराम, सालूराम, पप्पुबाई, नारायणराम सहित 24 बीपीएल परिवारों को 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजनांतर्गत 21 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी गई। शिविर प्रभारी ने बताया कि डीबीटी के माध्यम से राशि बैंक खातों में ट्रान्स्फर करने के लिए समस्त परिवारों के बैंक खातो का स्त्यापन करवाया गया।? उन्होंने बताया कि बीपीएल परिवारों को पहली बार नगद राशि से प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान सभी बीपीएल परिवारों की बैंक खाता डायरी, आधार व आवश्यक दस्तावेज आदि जमा किए गए। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। शंकरराम, रुपाराम, पप्पुबाई ने 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि मिलने पर अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करेंगे व बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की इच्छा जाहिर की। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आर्थिक सहायता से बीपीएल परिवारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# दो भाइयों का मनमुटाव दूर कर, आपसी सहमति से हुआ खाता विभाजन

**बुलंद राजस्थान**

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत बज्जू के ग्राम पंचायत मोडायत में मंगलवार को आयोजित शिविर के दौरान दो भाइयों का आपसी सहमति से खाता विभाजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार बिहारीलाल व ग्राम पंचायत सरपंच ओमप्रकाश ने चक 13 डीओबीबी बी के खातेदार किशनाराम व शंकरलाल को खाता विभाजन से मिलने वाले लाभों से अवगत करवाया गया। साथ ही उन्हें भविष्य में उत्पन्न होने वाले विवादों के बारे में बताया गया। शिविर के माध्यम से दोनों भाइयों में आपसी विभाजन से संबंधित चल रहे मनमुटाव को दूर किया गया। जिससे किशनाराम व शंकरलाल ने आपसी सहमति से तुरंत खाता विभाजन के लिए तहसीलदार के सक्षम आवेदन प्रस्तुत किया। दोनों ने शिविर में अपनी सहमति से चक 13 डीओबीबीबी की कुल 67 बीघा भूमि का बंटवारा किया। इस दौरान तहसीलदार ने अन्य ग्रामवासियों को शिविर का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

पंजाब केसरी WED,09 JULY 2025
EDITION: SHRI GANGA N

का मामला दर्ज कराया था।

# दो भाइयों का मनमुटाव दूर कर, आपसी सहमति से हुआ खाता विभाजन

बीकानेर, 8 जुलाई (राजेंद्र) : पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत बज्जू के ग्राम पंचायत मोडायत में मंगलवार को आयोजित शिविर के दौरान दो भाइयों का आपसी सहमति से खाता विभाजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार बिहारीलाल व ग्राम पंचायत सरपंच ओमप्रकाश ने चक 13 डी.ओ.बी.बी.बी. के खातेदार किशनाराम व शंकरलाल को खाता विभाजन से मिलने वाले लाभों से अवगत करवाया गया।

शिविर के माध्यम से दोनों भाइयों में आपसी विभाजन से संबंधित चल रहे मनमुटाव को दूर किया गया। जिससे किशनाराम व शंकरलाल ने आपसी सहमति से तुरंत खाता विभाजन के लिए तहसीलदार के सक्षम आवेदन प्रस्तुत किया। दोनों ने शिविर में अपनी सहमति से चक 13 डी.ओ.बी.बी.बी. की कुल 67 बीघा भूमि का बंटवारा किया। इस दौरान तहसीलदार ने अन्य ग्रामवासियों को शिविर का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।



## प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

## (24 जून से 09 जुलाई – 2025)

# जिला – झुंझुनूं

## —:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::—

झुंझुनू भास्कर 09-07-2025

# 16 ग्राम पंचायतों में आज लगाएंगे अंत्योदय शिविर

झुंझुनूं | जिले में बुधवार को 16 ग्राम पंचायतों में अंत्योदय शिविरों का आयोजन होगा। कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि जिले के सूरजगढ़ के तिगियास, खेतड़ी के बांसियाल व बेसरड़ा, उदयपुरवाटी के गुढ़ा ढहर व बाघोली, मलसीसर के मलसीसर व टम्कोर, मंडावा के महनसर, नवलगढ़ के सैनी नगर, बिरोल व बाय, चिड़ावा के लांबा व धतरवाला, झुंझुनूं के खींवसर, सीथल व भड़ौंदा कलां में शिविर लगाए जाएंगे। ये शिविर सुबह 9.30 से शाम 5.30 बजे तक संचालित होंगी।

दैनिक भास्कर
झुंझुनूं 08-07-2025



शिविर • बिरमी में 29 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण, रास्ता कटान के 2 प्रस्ताव तैयार

# अंत्योदय संबल शिविरों में लाभार्थियों को मातृ वंदन योजना से जोड़ा, पशुओं को टीके लगाए

भास्कर न्यूज | बुहाना

ग्राम पंचायत काजला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच योगेश कुमार ने की। राजस्व विभाग ने 7 खेतों का सीमा ज्ञान कराया। 6 प्राथमिक डीक्री की गई। महिला बाल विकास विभाग ने 7 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से जोड़ा। पंचायती राज विभाग ने 10 पट्टे जारी किए। विद्युत विभाग ने 2 खम्भों के तार खींचे। सहायक विकास अधिकारी अशोक कुमार, गिरदावर अनिल कुमार, वीडिओ मुकेश कुमार, पटवारी कंचन धायल, डॉक्टर सरिता कुमारी जांगिड़, कृषि पर्यवेक्षक भजनलाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी गुलजारीलाल, सीबीईओ वेदप्रकाश रांगेय मौजूद रहे।

इधर, ग्राम पंचायत खांदवा में शिविर लगाया गया। अध्यक्षता सरपंच सुनीता यादव ने की। विशिष्ट अतिथि प्रधान हरिकृष्ण यादव रहे। पंचायती राज विभाग ने 10 भूखंड पट्टे व प्रॉपर्टी पार्सल वितरित किए। 15 पैंशन सत्यापन, 7 बीपीएल सत्यापन किए गए। 5 पेड़ लगाए गए। राजस्व विभाग ने 1 खेत का सीमा ज्ञान कराया। 5 नामांतरण किए गए। पशुपालन विभाग ने 48 पशुओं का उपचार किया। 120 पशुओं का टीकाकरण किया गया। चिकित्सा विभाग ने 1 आयुष्मान कार्ड बनाया। 4 टीबी रोगियों की पहचान की। 145 लोगों की ओपीडी जांच की। 5 की शुगर जांच की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 4 प्रधानमंत्री मातृ वंदना लाभार्थियों को लाभ दिया।

## 29 मामलों का मौके पर निपटारा, 4 को पट्टे मिले

मंडावा | ग्राम पंचायत बिरमी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। इसमें विभिन्न विभागों ने कुल 29 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग ने चार परिवारों को स्वामित्व के पट्टे जारी किए। खाद्य सुरक्षा के लिए आए 13 आवेदनों को स्वीकृत कर लाभार्थियों को लाभ दिया गया। महिला अधिकारिता विभाग ने गोद भराई, अन्नप्राशन और प्रवेश उत्सव मनाया। राजस्व विभाग ने नाम शुद्धि के 7 और रास्ता कटान के 2 प्रस्ताव तैयार किए। शिविर में विकास अधिकारी लक्ष्मीनारायण मीणा, सरपंच छगन सिंह, पंचायत समिति सदस्य किरोड़ीमल पायल, पूर्व सरपंच भगवान सिंह, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुनीता धायल, महिला पर्यवेक्षक पुष्पा, सहायक विकास अधिकारी राकेश कुमार और राजेश सैनी, ग्राम विकास अधिकारी नाथू सिंह मौजूद रहे। शिविर के दौरान अतिथियों ने पौधरोपण भी किया।

सूरजगढ़ | किढ़वाना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया। इसमें 20 लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए गए। शिविर की अध्यक्षता सरपंच रामचंद्र झाझड़िया ने की। बीडीओ गणेशाराम जाखड़ मौजूद रहे। स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व कार्ड और पट्टे दिए गए। शिविर में तीन नामांतरण किए गए। आठ मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी हुए। 46 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। 120 पशुओं का टीकाकरण किया गया।

आसापुर | तातीजा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सरपंच केसर देवी की अध्यक्षता में शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार प्यारेलाल चावला की देखरेख में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खेतड़ी विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर थे। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार सुनील कुमार, बबलू अवाना थे।



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला· भरतपुर

—:: समाचार कतरन – 09 जुलाई 2025 ::—

इस आश्वासन पर ...

# राजस्व रिकार्ड में नाम और हिस्सा शुद्धि होने पर चेहरों पर झलकी खुशी

**नवज्योति, देलवाड़ा।** कस्बे के निकट बिलोता ग्राम पंचायत के राउमावि परिसर में मंगलवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में ग्रामीणों ने विद्युत निगम के खिलाफ 33 केवी लाइन को लेकर तीखा आक्रोश व्यक्त किया। कोटड़ी का ढाणा से आए गायरी समाज के ग्रामीणों ने शिकायत की कि गांव के बीच से बिजली लाइन डाली जा रही है, जबकि उन्होंने ऐसा करने से मना किया था। उन्होंने मांग की कि उदयपुर से राजसमंद जिले में आ रही इस लाइन को गांव के बाहर से निकाला जाए। ग्रामीणों ने विद्युत निगम के सामने अपना विरोध दर्ज कराते हुए पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार अरुण सिंह ने बताया कि शिविर में कृषि विभाग ने मृदा जांच के 125 नमूने लिए। 4 आपसी सहमति बटवारे और 35 शुद्धिकरण के मामले निपटाए। 125 पशुओं का टीकाकरण किया। विद्युत विभाग ने एक जगह सुधार कार्य किया। पंचायती राज के तहत 7 लोगों को पट्टे दिए गए। प्रवेश उत्सव में 7 नए प्रवेश सुनिश्चित किए। खाद्य सुरक्षा के तहत 498 केवाईसी की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत के माध्यम से अतिथियों ने पौधारोपण किया। इस दौरान नायब तहसीलदार अरुण सिंह, पीईओ विश्वपाल सिंह चौहान, आरआई रवींद्र श्रीमाली, सहायक विकास अधिकारी प्रेम शंकर जोशी, पटवारी रवि नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, नटराज सिंह, प्रवीण पालीवाल, पंचायत प्रशासक डोली बाई, ग्राम विकास अधिकारी गणेश कुंवर, शांताबाई सहित ग्रामीण और अधिकारी मौजूद थे।

## केलवा शिविर में राजस्व संबंधी मामलों का हुआ निस्तारण

**नवज्योति, केलवा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर केलवा पंचायत क्षेत्र में मंगलवार को हुआ। शिविर का तहसीलदार विजय कुमार रेगर, संजय आचार्य ने अवलोकन किया। साथ ही राजस्व ग्रामीण विकास पंचायती राज, ऊर्जा चिकित्सा, कृषि, जन स्वास्थ्य पशुपालक और सरकारी का विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में तहसीलदार विजय कुमार रेगर ने प्रतिभाशाली बालक बालिकाओं को सम्मानित किया। ग्रामीणों को मौके पर कही सरकारी सेवाएं दी गई। शिविर में नामांतरण समिति से खाता विभाजन रास्ते के प्रकरण सीमा ज्ञान पत्थर घड़ी के मामले सहित कई प्रकरणों का निस्तारण किया गया। पात्र लोगों को योजनाओं के प्रमाण पत्र भी दिए गए। जरूरतमंदों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। वही समस्याओं का समाधान होने पर ग्रामीणों ने व सरकार ने जन समस्याओं का समाधान दफ्तर में नहीं जनता के बीच जाकर किया जा सकता है। सरकार की इस पहल से लोगों को प्रशासन पर भरोसा और मजबूत हुआ है।

# पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा : स्वामित्व योजना से मिला घर का पट्टा

## गलत नाम सुधरा, अश्रुपूर्ण आँखों से मिली राहत

■ प्रवासी संदेश टीम।

**राजसमंद।** राज्य सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025 के तहत चलाए जा रहे जनकल्याणकारी अभियान ने राजसमंद के कई परिवारों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई है। इस पखवाड़े के दौरान ग्राम पंचायत विकावास के ढेरडो का गुड़ा गांव निवासी गोपाल सिंह सोलंकी को उनके पुश्तैनी आवास का पट्टा मिला, वहीं ग्राम पंचायत टांटोल की अनोखी बाई के सरकारी अभिलेखों में वर्षों से चली आ रही नाम और जमीन की त्रुटि को ठीक कर उन्हें उनका हक लौटाया गया, जिससे दोनों के जीवन में स्वामित्व और सम्मान का अनुभव हुआ। ग्राम पंचायत बीकावास के ढेरडो का गुड़ा निवासी गोपाल सिंह सोलंकी, जो एक मेहनतकश मजदूर हैं और अत्यंत साधनहीन परिवार से आते हैं, उनके लिए अपने पुश्तैनी आवास का अधिकार पत्र (पट्टा) प्राप्त करना एक लंबे समय से सपना बना हुआ था। पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बीकावास ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर उनके लिए वरदान साबित हुआ। शिविर में स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी पार्सल वितरण का आयोजन किया गया। गोपाल सिंह भी इसी उम्मीद में पहुंचे कि आज उनके वर्षों से अटका हुआ पट्टे का काम पूरा हो जाएगा। उनकी उम्मीद सच साबित हुई, उनके मकान को विधिवत चिन्हित कर उन्हें पट्टा जारी कर दिया गया। पट्टा प्राप्त करते समय गोपाल सिंह की आंखों में संतोष और खुशी के आंसू छलक आए। उन्होंने भावुक होकर कहा कि यह पट्टा सिर्फ एक कागज नहीं, बल्कि मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। अब मुझे अपने घर को लेकर कोई डर नहीं है और मैं आत्मसम्मान के साथ अपने परिवार का जीवन संवार सकूंगा। सोलंकी ने इस मदद के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब कोई नहीं सुन रहा था, तब सरकार ने हमारी पीड़ा समझी। ये शिविर नहीं, हम गरीबों के लिए आशा की नई किरण है।





### अनोखी बाई के संघर्ष पर लगा विराम : गलत नाम सुधरा, मिला जमीन का हक

ग्राम टांटोल की अनोखी बाई के लिए वर्षों पहले हुई एक त्रुटि ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी थी। विक्रम संवत 2068 से उनके नाम का खाता संख्या 342 में से नाम ही गायब हो गया था, जिससे उनकी पुश्तैनी जमीन सरकारी अभिलेखों में बेनाम हो गई थी। वहीं खाता संख्या 279, 305, 306 और 307 में उनका नाम अनोली के रूप में गलत दर्ज हो गया था, जिससे उनकी पहचान और अधिकार दोनों संकट में पड़ गए थे। वर्षों तक उन्होंने इस त्रुटि को ठीक करवाने के लिए संघर्ष किया, लेकिन हर ओर निराशा ही हाथ लगी। लेकिन ग्राम टांटोल में आयोजित पं दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत राजस्व शिविर ने उनके जीवन में उम्मीद की किरण ला दी। तहसील प्रशासन की टीम ने इस मामले को संवेदनशीलता से सुना, अभिलेखों की जाँच की और मौके पर ही सुधार की प्रक्रिया शुरू की। अधिकारियों की विधिवत जांच-पड़ताल में पता चला कि अनोखी बाई बिल्कुल सही थीं और उन्हें उनका अधिकार मिलना चाहिए। इस पर खाता संख्या 342 में उनका नाम पुनः दर्ज किया गया और खाता संख्या 279, 305, 306, 307 में अनोली के स्थान पर सही नाम अनोखी चढ़ाया गया। जब अनोखी बाई को अपने सही नाम की नकल प्राप्त हुई, तो उनकी आंखें छलक उठीं। ये आंसू दुख या हार के नहीं, बल्कि हक, पहचान और सम्मान मिलने के थे। उनका कांपता हुआ स्वर पूरे कैंप को भावुक कर गया, अब मुझे मेरी जमीन पर मेरा नाम वापस मिल गया है। मैं मुख्यमंत्री और हमारे जिला कलेक्टर को धन्यवाद देती हूं। आज विश्वास हो गया है कि सरकार सच में गरीब के साथ खड़ी है।

### भाइयों का भूमि विवाद सुलझा, परिवार में लौटी खुशहाली

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत खमनोर तहसील की ग्राम पंचायत झालों की मदार में आयोजित शिविर ने दो भाइयों के बीच वर्षों पुराने भूमि विवाद को सुलझाकर परिवार में फिर से खुशहाली लौटा दी। खमनोर तहसीलदार आशीष सोनी ने बताया कि गांव के भंवरसिंह और मीठू सिंह अपनी पैतृक भूमि के बंटवारे को लेकर लंबे समय से उलझे हुए थे। खाता संख्या 749 और 22 से जुड़े इस विवाद ने न सिर्फ उनकी खेती को प्रभावित किया था, बल्कि पारिवारिक संबंधों में भी कड़वाहट ला दी थी प्रशासन की संवेदनशीलता और प्रयासों से इस पखवाड़ा शिविर में ही दोनों भाइयों के बीच सहमति बन गई। राजस्व विभाग के अधिकारियों की समझाइश पर दोनों खातों का आपसी सहमति से बंटवारा कर दिया गया। प्रशासन ने इस मौके पर दोनों भाइयों को गले मिलवाया, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन -अंतिम व्यक्ति तक न्याय और समरसता पहुंचाने का प्रतीक बना। भावुक हुए भंवरसिंह और मीठूसिंह ने कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारा वर्षों पुराना विवाद इतनी आसानी से सुलझ जाएगा। अब हम मिलकर खेती करेंगे और परिवार में फिर से खुशहाली लौटेगी। तहसीलदार सोनी ने कहा कि यह पखवाड़ा सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की एक संवेदनशील और जनहितकारी पहल है, जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक न्याय और समाधान पहुंचाना है।

पत्रिका

# एक भूल से खोया हक, वर्षों तक लड़ी, अब मिली जमीन तो छलक पड़े आंसू

**राजसमंद.** सूरज की हल्की तपिश और एक साधारण-सा सरकारी शिविर, लेकिन उस दिन वहां कुछ असाधारण घटा। गांव की बुजुर्ग महिला अनोखी बाई की आंखों से छलकते आंसू किसी औपचारिक प्रक्रिया की सफलता नहीं, बल्कि वर्षों से दबे दर्द, संघर्ष और अंततः मिली न्याय की कहानी सुना रहे थे। वो आंखें कह रही थीं अब मुझे मेरा नाम, मेरी जमीन और मेरी पहचान वापस मिल गई है।

## एक नाम की गलती, एक जीवन का संघर्ष

टांटोल गांव की रहने वाली अनोखी बाई की जिंदगी एक मामूली सी त्रुटि ने गहरे अंधकार में धकेल दी थी। विक्रम संवत 2068 में, सरकारी अभिलेखों से उनके नाम का खाता संख्या 342 से नाम ही गायब हो गया। यही नहीं, अन्य खातों - 279, 305, 306 और 307 - में उनका नाम "अनोली" के रूप में दर्ज कर दिया गया। यह सिर्फ एक वर्तनी की भूल नहीं थी, यह उनके अस्तित्व को ही झुठला देने जैसा था। जमीन उनकी पुश्तैनी थी, पर नाम किसी और का।

**थानों के चक्कर, दस्तावेज़ों की गठरी और हर तरफ निराशा:** वर्षों तक अनोखी बाई इस गलती को सुधारवाने के लिए भटकती रहीं। तहसील से पटवारी तक, राजस्व कार्यालयों से लेकर ग्रामीण नेताओं तक, वह हर दरवाजे पर गईं। उन्हें कई बार फॉर्म भरने को कहा गया। कभी दस्तावेज़ अधूरे बताए गए, कभी कल आना कह कर टाल दिया गया। बुजुर्ग हो चुकीं अनोखी बाई की पीठ अब झुक गई थी, लेकिन हक की लड़ाई में उनका मन नहीं झुका।



**राजसमंद.** टांटोल गांव में महिला को जमीन हक का प्रमाण पत्र सौंपते अधिकारी।

## न्याय की घड़ी: जब आंखें भर आई

**जब** अधिकारियों ने मौके पर ही सुधार की प्रक्रिया पूरी की और उन्हें उनके सही नाम की नामांतरण नकल सौंपी गई, तो वो पल किसी सम्मान समारोह से कम नहीं था। अनोखी बाई फूट-फूट कर रो पड़ीं। उनका कांपता हुआ स्वर पूरे शिविर में गूंज उठा अब मुझे मेरी जमीन पर मेरा नाम वापस मिल गया है। वहां खड़े लोगों की आंखें भी नम हो गईं। कुछ प्रशासनिक कर्मी भी चुपचाप सिर झुकाए खड़े थे, शायद यह सोचते हुए कि वे किसी की जिंदगी में फर्क ला सके।

## उम्मीद की किरण बना शिविर

**ग्राम** टांटोल में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत लगे शिविर में जब अनोखी बाई की फाइल खुली, तो अधिकारियों ने उस "गलती" को नजरंदाज नहीं किया। तहसील प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम ने मामले को पूरी संवेदनशीलता से सुना। तत्काल जांच हुई। पुराने रिकॉर्ड निकाले गए और नामों का मिलान हुआ।

09/07/2025 | Rajsamand | Page : 6
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

राहत

रिकॉर्ड में नाम सुधरवाने के लिए अधिकारियों के लगा रहे थे चक्कर, अब बनी बात

# भूराराम को रिकॉर्ड में 47 वर्ष बाद मिला वास्तविक नाम

## खाते में चल रहा गलत नाम मात्र कुछ घंटों में सुधारा, अब जमीन मालिक को मिलेगा योजनाओं का लाभ



शिविर में पात्र को लाभांवित करते अधिकारी। *कुंभलगढ़*

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कुंभलगढ़.** ग्राम पंचायत बड़गांव में मंगलवार को आयोजित शिविर में खेड़लिया निवासी प्रार्थी भूराराम पुत्र नाथूराम भील ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि उसका नाम वर्ष 1978 से राजस्व रिकॉर्ड में भूराराम पुत्र नाथूराम के बजाय धुला पुत्र नाथा दर्ज है। इसकी वजह से उसको सरकारी योजनाओं, ऋण, नामांतरण व संपत्ति से जुड़े सभी प्रकार के लाभों से वंचित रहना पड़ रहा हैं।

बताया कि इस नाम शुद्धि के लिए उन्होंने वर्षों तक प्रयास किए, वकीलों से सलाह ली, लेकिन सभी ने लम्बी और महंगी न्याय प्रक्रिया बताई एवं उनकी 70 वर्ष की उम्र और सीमित आर्थिक संसाधन होने से वे निराश हो गए थे।

परंतु, ग्राम पंचायत बड़गांव में आयोजित शिविर में शिविर प्रभारी एवं उपखंड अधिकारी आकांक्षा दुबे के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर जांच करवाई। भूराराम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपखंड अधिकारी ने तुरंत राहत प्रदान करने के लिए तहसीलदार बाबूलाल नारनोलिया को निर्देश दिए। इसके चलते शिविर में ही नाम शुद्धि की समस्त प्रक्रिया जैसे आवेदन जांच, दस्तावेज सत्यापन, खाता नकल आदि हाथों-हाथ पूरी कर उपखंड अधिकारी की ओर से नाम शुद्धि का आदेश जारी कर भूराराम को प्रदान किया।

इससे अब भूराराम को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। भूराराम के 47 वर्षों से लंबित मामले में इस अभियान में तुरंत राहत मिलने से खुशी की लहर छा गई तथा उन्होंने प्रशासन और उपखंड अधिकारी के प्रति कोटि-कोटि धन्यवाद व्यक्त किया ।

09/07/2025 | Rajsamand | Page : 6
Source : https://epaper.patrika.com/

# अधिकार मिला तो छलक उठे आँसू, शिविर में अनोखी बाई के संघर्ष पर लगा विराम



## वर्षों पहले हुई थी एक भूल, सरकारी अभिलेखों में बेनाम हुई पुश्तैनी जमीन, नाम भी हो गया था गलत दर्ज

सच मीडिया

**राजसमंद/ब्यूरो चीफ उदयगोपाल बड़ारिया ।** वर्षों पहले हुई एक त्रुटि ने ग्राम टांटोल की रहने वाली अनोखी बाई के जीवन की दिशा ही बदल दी थी। विक्रम संवत 2068 से उनके नाम का खाता संख्या 342 में से नाम ही गायब हो गया था। उनकी पुश्तैनी ज़मीन जो उनके भविष्य और आजीविका की आधारशिला थी अचानक सरकारी अभिलेखों में बेनाम हो गई। वहीं दूसरी ओर, खाता संख्या 279, 305, 306 और 307 में उनका नाम ''अनोली'' के रूप में गलत दर्ज हो गया। इससे उनकी पहचान और अधिकार दोनों संकट में पड़ गए। वर्षों तक उन्होंने इस त्रुटि को ठीक करवाने के लिए प्रयास किए- दस्तावेज़ों की खोज, दफ्तरों के चक्कर, अधिकारियों से गुहार, लेकिन हर ओर निराशा ही हाथ लगी। लेकिन ग्राम टांटोल में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत राजस्व शिविर ने उनके जीवन में उम्मीद की किरण ला दी। तहसील प्रशासन की टीम ने इस मामले को संवेदनशीलता से सुना, अभिलेखों की जाँच की और मौके पर ही सुधार की प्रक्रिया शुरू की। अधिकारियों ने विधिवत जांच-पड़ताल की तो पता चला कि अनोखी बाई बिल्कुल सही है और उसे उसका अधिकार मिलना चाहिए। इस पर खाता संख्या 342 में उनका नाम पुनः दर्ज किया गया। खाता संख्या 279, 305, 306, 307 में ''अनोली'' के स्थान पर सही नाम ''अनोखी'' चढ़ाया गया। जब अनोखी बाई को अपने सही नाम की नकल प्राप्त हुई, तो उनकी आंखें छलक उठीं। ये आंसू दुख या हार के नहीं, बल्कि हक, पहचान और सम्मान मिलने के थे। उनका कांपता हुआ स्वर पूरे कैंप को भावुक कर गया।

सौपी गई जि
निभाने का अ

रा
निष्क

सच

राजसमंद/ब्यू
बड़ारिया ।
दीप्ति किरण म
सिंह शूटिंग
आयोजित हरि
पिस्टल एन आ
जूनियर महिल
प्रतियोगिता 20
कर आगामी
प्रतियोगिता 20
होने पर निष्का
दी और राष्ट्रीय
सफलता के लि
कीं। उल्लेख
माहेश्वरी राजस

जल
जल

राजसमंद/ब्यूरो
। कलक्टर अ
में मंगलवार को
मिशन की प्रग
आयोजित की ग
शहरी जल परि
हैण्डपम्पों की म
की प्रगति सहि
सहित अन्य विभ
चर्चा की गई।
विभिन्न स्तरों प
कराया तो हसीउ
राजसमंद का भ
सरकार की मंशा
से जल्द पूर्ण हो
रूप से ग्राउंड प

# पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा
# स्वामित्व योजना से मिला घर का पट्टा

**राजसमंद (पुकार)।** राज्य सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025 के तहत चलाए जा रहे जनकल्याणकारी अभियान ने राजसमंद के कई परिवारों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई है। इस पखवाड़े के दौरान ग्राम पंचायत विकावास के ढेरडो का गुड़ा गांव निवासी गोपाल सिंह सोलंकी को उनके पुश्तैनी आवास का पट्टा मिला, वहीं ग्राम पंचायत टांटोल की अनोखी बाई के सरकारी अभिलेखों में वर्षों से चली आ रही नाम और जमीन की त्रुटि को ठीक कर उन्हें उनका हक लौटाया गया, जिससे दोनों के जीवन में स्थायित्व और सम्मान का अनुभव हुआ। ग्राम पंचायत बीकावास के ढेरडो का गुड़ा निवासी गोपाल सिंह सोलंकी, जो एक मेहनतकश मजदूर हैं और अत्यंत साधनहीन परिवार से आते हैं, उनके लिए अपने पुश्तैनी आवास का अधिकार पत्र (पट्टा) प्राप्त करना एक लंबे समय से सपना बना हुआ था। पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बीकावास ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर उनके लिए वरदान साबित हुआ। शिविर में स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी पार्सल वितरण का आयोजन किया गया। गोपाल सिंह भी इसी उम्मीद में पहुंचे कि आज उनके वर्षों से अटका हुआ पट्टे का काम



पूरा हो जाएगा। उनकी उम्मीद सच साबित हुई, उनके मकान को विधिवत चिन्हित कर उन्हें पट्टा जारी कर दिया गया। पट्टा प्राप्त करते समय गोपाल सिंह की आंखों में संतोष और खुशी के आंसू छलक आए। उन्होंने भावुक होकर कहा कि यह पट्टा सिर्फ एक कागज नहीं, बल्कि मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। अब मुझे अपने घर को लेकर कोई डर नहीं है और मैं आत्मसम्मान के साथ अपने परिवार का जीवन संवार सकूंगा। सोलंकी ने इस मदद के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब कोई नहीं सुन रहा था, तब सरकार ने हमारी पीड़ा समझी। ये शिविर नहीं, हम गरीबों के लिए आशा की नई किरण है।

ग्राम टांटोल की अनोखी बाई के लिए वर्षों पहले हुई एक त्रुटि ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी थी। विक्रम संवत 2068 से उनके नाम का खाता संख्या 342 में से नाम ही गायब हो गया था, जिससे उनकी पुश्तैनी जमीन सरकारी अभिलेखों में बेनाम हो गई थी। वहीं खाता संख्या 279, 305, 306 और 307 में उनका नाम अनोली के रूप में गलत दर्ज हो गया था, जिससे उनकी पहचान और अधिकार दोनों संकट में पड़ गए थे। वर्षों तक उन्होंने इस त्रुटि को ठीक करवाने के लिए संघर्ष किया, लेकिन हर ओर निराशा ही हाथ लगी। लेकिन ग्राम टांटोल में आयोजित पं दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत राजस्व शिविर ने उनके जीवन में



उम्मीद की किरण ला दी। तहसील प्रशासन की टीम ने इस मामले को संवेदनशीलता से सुना, अभिलेखों की जाँच की और मौके पर ही सुधार की प्रक्रिया शुरू की। अधिकारियों की विधिवत जांच-पड़ताल में पता चला कि अनोखी बाई बिल्कुल सही थीं और उन्हें उनका अधिकार मिलना चाहिए। इस पर खाता संख्या 342 में उनका नाम पुनः दर्ज किया गया और खाता संख्या 279, 305, 306, 307 में अनोली के स्थान पर सही नाम अनोखी चढ़ाया गया। जब अनोखी बाई को अपने सही नाम की नकल प्राप्त हुई, तो उनकी आंखें छलक उठीं। ये आंसू दुख या हार के नहीं, बल्कि हक, पहचान और सम्मान मिलने के थे।

राजसमन्द भास्कर 09-07-2025

पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा • बीकावास पंचायत सहित टंटोल, बिलोता और झालों की मदार में लगे शिविर

# स्वामित्व योजना में गोपाल को मिला मकान का पट्टा, बोले- यह सिर्फ कागज नहीं, जीवन की सबसे बड़ी पूंजी

**राजसमंद|** राज्य सरकार ने गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनने और मौके पर समाधान के लिए 'पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025' शुरू किया है।

इसी अभियान के तहत बीकावास ग्राम पंचायत में शिविर लगा। ढेरडो का गुड़ा गांव के मेहनतकश मजदूर गोपाल सिंह सोलंकी भी शिविर में पहुंचे। वे वर्षों से अपने पुश्तैनी मकान का पट्टा पाने की कोशिश कर रहे थे। शिविर में स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी पार्सल बांटे गए। गोपाल सिंह का मकान चिन्हित कर उन्हें विधिवत पट्टा सौंपा गया। पट्टा मिलते ही उनकी आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कागज नहीं, मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। अब घर को लेकर कोई डर नहीं है। आत्मसम्मान के साथ परिवार का जीवन सुधार सकूंगा। गोपाल सिंह ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार जताया।

खमनोर तहसील की ग्राम पंचायत झालों की मदार में लगे शिविर में एक मिसाल बनी। गांव के मोडसिंह के बेटे भंवरसिंह और मीठूसिंह वर्षों से पैतृक जमीन के खातों को लेकर विवाद में थे। तहसीलदार आशीष सोनी ने बताया कि खाता संख्या 749 और 22 को लेकर दोनों भाइयों में असमंजस था। इससे खेती भी प्रभावित हो रही थी। पारिवारिक रिश्तों में भी दूरी आ गई थी। प्रशासन की पहल और संवेदनशीलता से यह विवाद शिविर में ही सुलझ गया। राजस्व विभाग और तहसील प्रशासन की समझाइश से दोनों भाइयों ने खाता संख्या 749 और 22 का आपसी सहमति से बंटवारा कर लिया। इस मौके पर दोनों को गले मिलवाया गया।

ग्राम टांटोल की अनोखी बाई की पुश्तैनी जमीन सरकारी रिकॉर्ड में 13 साल से बेनाम थी। विक्रम संवत 2068 से खाता संख्या 342 में उनका नाम ही नहीं था। वहीं खाता संख्या 279, 305, 306 और 307 में उनका नाम गलत दर्ज होकर \'अनोली\' हो गया था। इससे उनकी पहचान और जमीन पर हक दोनों पर संकट आ गया। अनोखी बाई ने वर्षों तक दफ्तरों के चक्कर लगाए। दस्तावेज जुटाए। अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हर बार निराशा ही हाथ लगी। ग्राम टांटोल में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत लगे राजस्व शिविर में उनकी बात सुनी गई। तहसील प्रशासन की टीम ने रिकॉर्ड की जांच की। मौके पर ही सुधार की प्रक्रिया शुरू की गई। जांच में साफ हुआ कि अनोखी बाई का दावा सही है। खाता संख्या 342 में उनका नाम फिर से दर्ज किया गया। खाता संख्या 279, 305, 306 और 307 में अनोली की जगह सही नाम अनोखी लिखा गया। सही नाम की नकल मिलने पर अनोखी बाई की आंखें भर आईं।

## शिविर में बिजली लाइन को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध

**देलवाड़ा|** ग्राम पंचायत बिलोता के सरकारी स्कूल में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगा। शिविर में कोटड़ी का ढाणा से आए गायरी समाज के ग्रामीणों ने 33 हजार केवी की बिजली लाइन को लेकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने कहा कि लाइन गांव के बीच से निकाली जा रही है। मना करने के बावजूद बिजली विभाग ने लाइन गांव के अंदर से निकाली। ग्रामीणों ने मांग की कि उदयपुर से राजसमंद आ रही इस लाइन को गांव के बाहर से निकाला जाए। इसको लेकर पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार अरुणसिंह ने बताया कि कृषि विभाग ने मृदा जांच के 125 नमूने लिए। राजस्व विभाग ने आपसी सहमति से चार बंटवारे किए। 35 शुद्धिकरण कार्य किए। पशुपालन विभाग ने 125 पशुओं का टीकाकरण किया। विद्युत विभाग ने एक स्थान पर सुधार कार्य किया। पंचायती राज विभाग ने सात पट्टे जारी किए। शिक्षा विभाग ने प्रवेश उत्सव में सात बच्चों का नामांकन किया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने 498 केवाईसी पूरी की। पंचायत की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम भी हुआ।

## पीपली डोडियान में संबल पखवाडा शिविर आज

**राज्यावास|** ग्राम पंचायत पीपली डोडियान में बुधवार को संबल पखवाड़ा शिविर लगेगा। शिविर सुबह साढ़े नौ बजे ग्राम पंचायत परिसर में शुरू होगा। वीडीओ रवि बोहरा ने बताया कि शिविर में 17 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। शिविर में लंबित पत्थरगढ़ी, रास्तों से जुड़े विवाद, सीमाज्ञान, नामांतरण किया जाएगा।



## प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

## (24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – बाड़मेर

## –:: समाचार कतरन – 09 जुलाई, 2025 ::–

# फोगेरा में 50 साल पुराना विवाद सुलझा

**गडरारोड.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत फोगेरा के राजस्व ग्राम पोशमा में 23 काश्तकारों के बीच 323 बीघा भूमि का बंटवारा आपसी सहमति से किया गया। यह मामला पिछले 50 वर्षों से लंबित था और अब इसके शांतिपूर्ण समाधान से किसानों में उत्साह और संतोष का माहौल है। इस बंटवारे को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में तहसीलदार ईश्वर लाल सोलंकी, भू-अभिलेख निरीक्षक ओम प्रकाश शर्मा, पटवारी मोतीलाल और पटवारी अभय सिंह की अहम भूमिका रही। शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी प्रवीण सिंह मौजूद रहे।

**नाम शुद्धिकरण भी हुआ :** बंटवारे के साथ-साथ प्रशासन ने 15 काश्तकारों के राजस्व रिकॉर्ड में नामों की शुद्धि भी की, जिससे दस्तावेजों की प्रमाणिकता बढ़ी और भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटियों से बचाव सुनिश्चित हुआ। सरपंच लक्ष्मी कंवर, स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक समुंद्र सिंह फोगेरा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अब वास्तव में गांव तक पहुंच रही हैं।

**गडरारोड.** पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गडरारोड़ में शिविर का आयोजन बुधवार को अटल सेवा केंद्र में किया जाएगा। इस शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कार्य किए जाएंगे, जिनमें राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, रसद विभाग और विद्युत विभाग शामिल हैं। ग्राम विकास अधिकारी खीमाराम ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल हों और अपने कार्यों का निस्तारण कराएं। यह शिविर ग्रामवासियों के लिए एक अच्छा अवसर है कि वे अपने कार्यों को आसानी से और जल्दी से निपटा सकें।

# दैनिक भास्कर 09—07—2025

## 50 साल से लंबित जमीन विवाद सुलझा, 23 काश्तकारों की 323 बीघा जमीन का बंटवारा करवाया

रामसर| ग्राम पंचायत फोगेरा के पोशमा गांव में 50 साल से लंबित जमीन विवाद का शांतिपूर्ण समाधान हो गया। प्रशासन ने 23 काश्तकारों के बीच 323 बीघा जमीन का आपसी सहमति से बंटवारा कराया। यह सफलता पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मिली। बंटवारे से किसानों में संतोष और उत्साह का माहौल है। इस प्रक्रिया में तहसीलदार ईश्वरलाल सोलंकी, भू-अभिलेख निरीक्षक ओमप्रकाश शर्मा, पटवारी मोतीलाल और पटवारी अभयसिंह की अहम भूमिका रही। इन अधिकारियों की मेहनत और निष्पक्ष कार्यशैली से किसानों का भरोसा जीता गया। ग्रामवासी समुंद्रसिंह फोगेरा ने प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह कदम गांव में शांति, भाईचारे और विकास की दिशा में बड़ा योगदान देगा।

प्रशासन ने 15 काश्तकारों के राजस्व रिकॉर्ड में नामों की शुद्धि भी की। इससे दस्तावेजों की प्रमाणिकता बढ़ी। भविष्य में तकनीकी त्रुटियों से बचाव सुनिश्चित हुआ। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी शिविर प्रभारी और विकास अधिकारी प्रवीणसिंह ने की। उन्होंने मौके पर रहकर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित की। सभी विभागों के बीच तालमेल बनाकर प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से पूरा कराया। काश्तकारों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अब गांव तक पहुंच रही हैं। ऐसे निर्णय किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

## चिचड़ासर में खातेदारी भूमि समर्पित करने से आम रास्ता की राह खुली

भास्कर न्यूज | सेड़वा

सेड़वा उपखंड की ग्राम पंचायत चिचड़ासर, पांडरवाली, अरटी और बामडला डेर में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर लगे। चिचड़ासर में खातेदारी भूमि को आम रास्ते के लिए राजपक्ष में समर्पित किया गया। इससे ग्रामीणों को सार्वजनिक रास्ते की सुविधा मिली।

सेड़वा उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने चिचड़ासर शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने 16 विभागों की योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की। हर योजना के अधिकतम 5 लाभार्थियों के नाम और मोबाइल नंबर शिविर प्रगति प्रतिवेदन में भरने के निर्देश दिए।

विश्नोई की पहल पर ग्रामीणों ने बांधनिया सड़क से गोदारों की ढाणी तक एक किलोमीटर खातेदारी भूमि का समर्पण किया। ग्रामीणों ने चिचड़ासर से शोभाला दर्शान और करमाणियों की ढाणी तक डामर सड़क बनाने की मांग रखी। इस पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता खियाराम को प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए गए। शिविर में उपखंड स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। कई पशुपालकों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लाभ मिला। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और सैकड़ों लाभार्थी मौजूद रहे। बुधवार को सेड़वा की ग्राम पंचायत रोहिला, आकल, बोली और नवापुरा में शिविर होंगे।

# बाड़मेर की 22 ग्राम पंचायतों में आज लगेंगे शिविर

बाड़मेर | राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए बुधवार को जिले की 22 ग्राम पंचायतों में शिविर लगेंगे। ये शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित होंगे। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने बताया कि शिविरों में विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे मौके पर रहकर लोगों को अधिक से अधिक राहत दें।

बाड़मेर ग्रामीण तहसील की बीदासर और खुडासा, बाड़मेर तहसील में जूनापतरासर, गुडीसर और बाड़मेर ग्रामीण, बाटाडू तहसील में बाटाडू, चौहटन तहसील में आरबी की गफन और पोशाल, धनाऊ तहसील में श्रीरामवाला, रबासर और दीनगढ़, धोरीमन्ना तहसील में कोजा, कोठाला और बूठ जैतमाल, सेड़वा तहसील में रोहिला, आकल, बोली और नवापुरा, शिव तहसील में लक्ष्मीपुरा और राजडाल, गडरारोड़ तहसील में ताम्लोर, गडरारोड और शहदाद का पार, रामसर तहसील में खारिया राठौड़ान और पराड़िया, गुड़ामालानी तहसील में बारासण और आलपुरा तथा नोखड़ा तहसील में आडेल ग्राम पंचायत में शिविर होंगे। इन शिविरों में आमजन को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# चिचड़ासर में आम रास्ते का लाभ मिला, ग्रामीणों ने आभार जताया

नवज्योति/बाड़मेर।

सेड़वा उपखंड में मंगलवार को ग्राम पंचायत चिचड़ासर, पांडरवाली, अरटी और बामडला डेर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आयोजित हुए। इस दौरान चिचड़ासर में खातेदारी भूमि में आम रास्ते के लिए भूमि का समर्पण करवाया गया। सेड़वा उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने ग्राम पंचायत चिचड़ासर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने 16 विभागों की योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक योजना के अधिकतम 5-5 लाभार्थियों के नाम उनके मोबाइल नंबर सहित निर्देशानुसार शिविर प्रगति प्रतिवेदन में भरने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उपखंड अधिकारी विश्नोई की पहल पर ग्रामीणों ने बांधनिया सड़क से गोदारों की ढाणी तक एक किमी खातेदारी भूमि का राजपक्ष में समर्पण कर आम जनता को सार्वजनिक रास्ते का लाभ दिया। ग्रामीणों ने चिचड़ासर से शोभाला दर्शान और करमाणियों की ढाणी तक डामर सड़क निर्माण की मांग की। इस पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता खियाराम को प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिए। इससे पूर्व शिविर में उपस्थित उपखंड स्तरीय अधिकारियों ने शिविर की गतिविधियों और कार्यों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देकर लाभान्वित किया। शिविर में कई पशुपालकों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लाभ दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक तथा सैकड़ों लाभार्थी भी मौजूद रहे। सेड़वा में बुधवार को ग्राम पंचायत रोहिला, आकल, बोली और नवापुरा में शिविर आयोजित होंगे।

# दैनिक नवज्योति 09—07—2025

## सफलता की कहानी

## फोगेरा में 50 साल पुराना विवाद सुलझा

### 323 बीघा भूमि का सहमति से बंटवारा, किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**नवज्योति/बाड़मेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत फोगेरा के राजस्व ग्राम पोशमा में एक बड़ी प्रशासनिक सफलता मिली है, जहां 23 काश्तकारों के बीच 323 बीघा भूमि का बंटवारा आपसी सहमति से किया गया। यह मामला पिछले 50 वर्षों से लंबित था और अब इसके शांतिपूर्ण समाधान से किसानों में उत्साह और संतोष का माहौल है। इस बंटवारे को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में तहसीलदार ईश्वर लाल सोलंकी, भू-अभिलेख निरीक्षक ओम प्रकाश शर्मा, पटवारी मोतीलाल और पटवारी अभयसिंह की अहम भूमिका रही। इन अधिकारियों की लगातार मेहनत और निष्पक्ष कार्यशैली ने किसानों का भरोसा जीता और वर्षों पुराना विवाद समाप्त किया। ग्रामवासी समुंद्रसिंह फोगेरा ने इस सफलता के लिए प्रशासन का आभार जताया और कहा कि यह कदम गांव में शांति, भाईचारे और विकास की दिशा में बड़ा योगदान देगा। नाम शुद्धिकरण भी हुआ- सिर्फ बंटवारे ही नहीं, बल्कि प्रशासन द्वारा 15 काश्तकारों के राजस्व रिकॉर्ड में नामों की शुद्धि भी की गई, जिससे दस्तावेजों की प्रमाणिकता बढ़ी और भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटियों से बचाव सुनिति हुआ। इस संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी और समन्वय शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी प्रवीणसिंह ने की। उन्होंने मौके पर मौजूद रहकर कार्यों की प्रगति सुनिति की और सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाकर कार्य को गति दी। उनके कुशल प्रबंधन से बंटवारा प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी रूप से पूरी हो सकी। मुख्यमंत्री को जताया आभार- काश्तकारों ने इस पहल पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया और कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अब वास्तव में गांव तक पहुंच रही हैं। इस तरह के निर्णय किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। ग्रामवासियों ने प्रशासनिक टीम की सराहना की और आशा जताई कि आगे भी ऐसे समाधानपरक शिविरों का आयोजन होता रहेगा।

## ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आज आयोजित होंगे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर

नवज्योति/बाड़मेर।

सरकारी विभागों के माध्यम से राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा आमजन तक पहुंचाने एवं कार्यों के त्वरित निस्तारण के लिए बुधवार को बाड़मेर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन होगा। जिला कलक्टर टीना डाबी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को बाड़मेर ग्रामीण तहसील की बीदासर एवं खुडासा, बाड़मेर तहसील में जूनापतरासर, गुडीसर, बाड़मेर ग्रामीण, बाटाडू तहसील में बाटाडू, चौहटन तहसील में आरबी की गफन एवं पोशाल, धनाऊ तहसील में श्रीरामवाला, रबासर एवं दीनगढ़, धोरीमन्ना तहसील में कोजा, कोठाला, बूठ जैतमाल, सेड़वा तहसील में रोहिला, आकल, बोली एवं नवापुरा, शिव तहसील में लक्ष्मीपुरा एवं राजडाल, गडरारोड़ तहसील में तामलोर, गडरारोड़ एवं शहदाद का पार, रामसर तहसील में खारिया राठौड़ान, पराड़िया, गुड़ामालानी तहसील में बारासण एवं आलपुरा तथा नोखड़ा तहसील में आडेल ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को शिविर में उपस्थित रहकर आमजन को अधिकाधिक राहत पहुंचाने के निर्देश दिए गए है।

# दैनिक मरू लहर 09—07—2025

सफलता की कहानी

## फोगेरा में 50 साल पुराना विवाद सुलझा

### 323 बीघा भूमि का सहमति से बंटवारा - किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

मरुलहर न्यूज

**बाड़मेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत फोगेरा के राजस्व ग्राम पोशमा में एक बड़ी प्रशासनिक सफलता मिली है, जहां 23 काश्तकारों के बीच 323 बीघा भूमि का बंटवारा आपसी सहमति से किया गया। यह मामला पिछले 50 वर्षों से लंबित था और अब इसके शांतिपूर्ण समाधान से किसानों में उत्साह और संतोष का माहौल है।

इस बंटवारे को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में तहसीलदार ईश्वर लाल सोलंकी, भू-अभिलेख निरीक्षक ओम प्रकाश शर्मा, पटवारी मोतीलाल और पटवारी अभयसिंह की अहम भूमिका रही। इन अधिकारियों की लगातार मेहनत और निष्पक्ष कार्यशैली ने किसानों का भरोसा जीता और वर्षों पुराना विवाद समाप्त किया। ग्रामवासी समुंद्रसिंह फोगेरा ने इस सफलता के लिए प्रशासन का आभार जताया और कहा कि यह कदम गांव में शांति, भाईचारे और विकास की दिशा में बड़ा योगदान देगा।

**नाम शुद्धिकरण भी हुआ**

सिर्फ बंटवारे ही नहीं, बल्कि प्रशासन द्वारा 15 काश्तकारों के राजस्व रिकॉर्ड में नामों की शुद्धि भी की गई, जिससे दस्तावेजों की प्रमाणिकता बढ़ी और भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटियों से बचाव सुनिश्चित हुआ। इस संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी और समन्वय शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी प्रवीणसिंह ने की।

उन्होंने मौके पर मौजूद रहकर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित की और सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाकर कार्य को गति दी। उनके कुशल प्रबंधन से बंटवारा प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी रूप से पूरी हो सकी।

**मुख्यमंत्री को जताया आभार**

काश्तकारों ने इस पहल पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया और कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अब वास्तव में गांव तक पहुंच रही हैं। इस तरह के निर्णय किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। ग्रामवासियों ने प्रशासनिक टीम की सराहना की और आशा जताई कि आगे भी ऐसे समाधानपरक शिविरों का आयोजन होता रहेगा।

## ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आज आयोजित होंगे

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर

मरुलहर न्यूज

**बाड़मेर।** सरकारी विभागों के माध्यम से राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा आमजन तक पहुंचाने एवं कार्यों के त्वरित निस्तारण के लिए बुधवार को बाड़मेर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन होगा।

जिला कलक्टर टीना डाबी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को बाड़मेर ग्रामीण तहसील की बीदासर एवं खुडासा, बाड़मेर तहसील में जूनापतरासर, गुडीसर, बाड़मेर ग्रामीण, बाटाडू तहसील में बाटाडू, चौहटन तहसील में आरबी की गफन एवं पोशाल, धनाऊ तहसील में श्रीरामवाला, रबासर एवं दीनगढ़, धोरीमन्ना तहसील में कोजा, कोठाला, बूठ जैतमाल, सेड़वा तहसील में रोहिला, आकल, बोली एवं नवापुरा, शिव तहसील में लक्ष्मीपुरा एवं राजडाल, गडरारोड़ तहसील में तामलोर, गडरारोड़ एवं शहदाद का पार, रामसर तहसील में खारिया राठौड़ान, पराड़िया, गुड़ामालानी तहसील में बारासण एवं आलपुरा तथा नोखड़ा तहसील में आडेल ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को शिविर में उपस्थित रहकर आमजन को अधिकाधिक राहत पहुंचाने के निर्देश दिए गए है।

# दैनिक मरू लहर 09—07—2025



## आमजन के कार्यो को प्राथमिकता से करवाते हुए राहत प्रदान करें : डाबी

**जिला कलक्टर ने बेरीवाला तला एवं कुड़ला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण किया**

मरुलहर न्यूज

**बाड़मेर।** राज्य सरकार की ओर से आमजन को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाने एवं स्थानीय स्तर पर राहत प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसमें आमजन के कार्यों को प्राथमिकता से करवाते हुए उनको त्वरित राहत प्रदान करें। जिला कलक्टर टीना डाबी ने मंगलवार को बेरीवाला तला एवं कुड़ला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दौरान जिला कलक्टर ने लाभार्थियों से रूबरू होकर शिविरों में संपादित किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिला कलक्टर टीना डाबी ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से पात्र वंचित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल अभियान पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इन शिविरो में राज्य सरकार की ओर से निर्धारित 16 विभागों के 63 कार्यों का चिह्निकरण करके कार्य करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि शिविरों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लंबित आवेदनों को निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि शिविर दिवस को समस्त आवेदन सत्यापित होने चाहिए। जिला कलक्टर ने डिस्कॉम के अधिकारियों को विद्युत संबंधित समस्याओं को त्वरित निस्तारित करने के साथ ढ़ीले तारों को ऊंचा करने के साथ ही टेढ़े एवं क्षतिग्रस्त विद्युत खंभों को प्राथमिकता से बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त आयुष्मान कार्डों का वितरण सुनिश्चित करने एवं प्रधानमंत्री वय वन्दन योजना के लाभान्वितों के भी कार्ड जारी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड आवश्यक रूप से बनवाए जाए। एनिमिक और कुपोषित बच्चों की जांच करने के साथ सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन कराए। दिव्यांगों के ऑफलाईन प्रमाण पत्रों को ऑनलाईन करने की कार्यवाही शिविर के दौरान करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पात्र व्यक्तियों को राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर टीना डाबी ने मंगलवार को बेरीवाला तला एवं कुड़ला ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने शिविर में संपादित किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान बेरीवाला सरपंच खरथाराम समेत विभिन्न जन प्रतिनिधिगण, विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## चिचड़ासर में आम रास्ते का लाभ मिला, ग्रामीणों ने आभार जताया

मरुलहर न्यूज

**बाड़मेर।** सेड़वा उपखंड में मंगलवार को ग्राम पंचायत चिचड़ासर, पांडरवाली, अरटी और बामडला डेर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आयोजित हुए। इस दौरान चिचड़ासर में खातेदारी भूमि में आम रास्ते के लिए भूमि का समर्पण करवाया गया।

सेड़वा उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने ग्राम पंचायत चिचड़ासर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने 16 विभागों की योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक योजना के अधिकतम 5-5 लाभार्थियों के नाम उनके मोबाइल नंबर सहित निर्देशानुसार शिविर प्रगति प्रतिवेदन में भरने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उपखंड अधिकारी विश्नोई की पहल पर ग्रामीणों ने बांधनिया सड़क से गोदारों की ढाणी तक एक किमी खातेदारी भूमि का राजपक्ष में समर्पण कर आम जनता को सार्वजनिक रास्ते का लाभ दिया। ग्रामीणों ने चिचडासर से शोभाला दर्शान और करमाणियों की ढाणी तक डामर सड़क निर्माण की मांग की। इस पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता खियाराम को प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिए। इससे पूर्व शिविर में उपस्थित उपखंड स्तरीय अधिकारियों ने शिविर की गतिविधियों और कार्यों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देकर लाभान्वित किया। शिविर में कई पशुपालकों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लाभ दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक तथा सैकड़ों लाभार्थी भी मौजूद रहे। सेड़वा में बुधवार को ग्राम पंचायत रोहिला, आकल, बोली और नवापुरा में शिविर आयोजित होंगे।



सफलता की कहानी

# फोगेरा में 50 साल पुराना विवाद सुलझा 323 बीघा भूमि का सहमति से बंटवारा – किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

मरू मंच न्यूज

**बाड़मेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत फोगेरा के राजस्व ग्राम पोशमा में एक बड़ी प्रशासनिक सफलता मिली है, जहां 23 काश्तकारों के बीच 323 बीघा भूमि का बंटवारा आपसी सहमति से किया गया। यह मामला पिछले 50 वर्षों से लंबित था और अब इसके शांतिपूर्ण समाधान से किसानों में उत्साह और संतोष का माहौल है।

इस बंटवारे को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में तहसीलदार ईश्वर लाल सोलंकी, भू-अभिलेख निरीक्षक ओम प्रकाश शर्मा, पटवारी मोतीलाल और पटवारी अभयसिंह की अहम भूमिका रही। इन अधिकारियों की लगातार मेहनत और निष्पक्ष कार्यशैली ने किसानों का भरोसा जीता और वर्षों पुराना विवाद समाप्त किया। ग्रामवासी समुंद्रसिंह फोगेरा ने इस सफलता के लिए प्रशासन का आभार जताया और कहा कि यह कदम गांव में शांति, भाईचारे और विकास की दिशा में बड़ा योगदान देगा।

**नाम शुद्धिकरण भी हुआ**

सिर्फबंटवारे ही नहीं, बल्कि प्रशासन द्वारा 15 काश्तकारों के राजस्व रिकॉर्ड में नामों की शुद्धि भी की गई, जिससे दस्तावेजों की प्रमाणिकता बढ़ी और भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटियों से बचाव सुनिश्चित हुआ। इस संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी और समन्वय शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी प्रवीणसिंह ने की। उन्होंने मौके पर मौजूद रहकर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित की और सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाकर कार्य को गति दी। उनके कुशल प्रबंधन से बंटवारा प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी रूप से पूरी हो सकी।

**मुख्यमंत्री को जताया आभार**

काश्तकारों ने इस पहल पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया और कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अब वास्तव में गांव तक पहुंच रही हैं। इस तरह के निर्णय किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। ग्रामवासियों ने प्रशासनिक टीम की सराहना की और आशा जताई कि आगे भी ऐसे समाधानपरक शिविरों का आयोजन होता रहेगा।

दैनिक मरू मंच 09—07—2025

# चिचड़ासर में आम रास्ते का लाभ मिला, ग्रामीणों ने आभार जताया

मरू मंच न्यूज

**बाड़मेर।** सेड़वा उपखंड में मंगलवार को ग्राम पंचायत चिचड़ासर, पांडरवाली, अरटी और बामडला डेर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आयोजित हुए। इस दौरान चिचड़ासर में खातेदारी भूमि में आम रास्ते के लिए भूमि का समर्पण करवाया गया। सेड़वा उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने ग्राम पंचायत चिचड़ासर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने 16 विभागों की योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक योजना के अधिकतम 5-5 लाभार्थियों के नाम उनके मोबाइल नंबर सहित निर्देशानुसार शिविर प्रगति प्रतिवेदन में भरने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उपखंड अधिकारी विश्नोई की पहल पर ग्रामीणों ने बांधनिया सड़क से गोदारों की ढाणी तक एक किमी खातेदारी भूमि का राजपक्ष में समर्पण कर आम जनता को सार्वजनिक रास्ते का लाभ दिया। ग्रामीणों ने चिचडासर से शोभाला दर्शान और करमाणियों की ढाणी तक डामर सड़क निर्माण की मांग की। इस पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता खियाराम को प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिए। इससे पूर्व शिविर में उपस्थित उपखंड स्तरीय अधिकारियों ने शिविर की गतिविधियों और कार्यों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देकर लाभान्वित किया। शिविर में कई पशुपालकों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लाभ दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक तथा सैकड़ों लाभार्थी भी मौजूद रहे। सेड़वा में बुधवार को ग्राम पंचायत रोहिला, आकल, बोली और नवापुरा में शिविर आयोजित होंगे।

# ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आज आयोजित होंगे

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर

मरू मंच न्यूज

**बाड़मेर।** सरकारी विभागों के माध्यम से राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा आमजन तक पहुंचाने एवं कार्यों के त्वरित निस्तारण के लिए बुधवार को बाड़मेर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन होगा।

जिला कलक्टर टीना डाबी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को बाड़मेर ग्रामीण तहसील की बीदासर एवं खुडासा, बाड़मेर तहसील में जूनापतरासर, गुडीसर, बाड़मेर ग्रामीण, बाटाडू तहसील में बाटाडू, चौहटन तहसील में आरबी की गफन एवं पोशाल, धनाऊ तहसील में श्रीरामवाला, रबासर एवं दीनगढ़, धोरीमन्ना तहसील में कोजा, कोठाला, बूठ जैतमाल, सेड़वा तहसील में रोहिला, आकल, बोली एवं नवापुरा, शिव तहसील में लक्ष्मीपुरा एवं राजडाल, गडरारोड़ तहसील में तामलोर, गडरारोड़ एवं शहदाद का पार, रामसर तहसील में खारिया राठौड़ान, पराड़िया, गुड़ामालानी तहसील में बारासण एवं आलपुरा तथा नोखड़ा तहसील में आडेल ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को शिविर में उपस्थित रहकर आमजन को अधिकाधिक राहत पहुंचाने के निर्देश दिए गए है।

# आमजन के कार्यो को प्राथमिकता से करवाते हुए राहत प्रदान करें - डाबी

## जिला कलक्टर ने बेरीवाला तला एवं कुड़ला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण किया

नमस्कार नेशन



**बाड़मेर,** राज्य सरकार की ओर से आमजन को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाने एवं स्थानीय स्तर पर राहत प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसमें आमजन के कार्यों को प्राथमिकता से करवाते हुए उनको त्वरित राहत प्रदान करें। जिला कलक्टर टीना डाबी ने मंगलवार को बेरीवाला तला एवं कुड़ला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दौरान जिला कलक्टर ने लाभार्थियों से रूबरू होकर शिविरों में संपादित किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिला कलक्टर टीना डाबी ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से पात्र वंचित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल अभियान पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इन शिविरो में राज्य सरकार की ओर से निर्धारित 16 विभागों के 63 कार्यों का चिह्निकरण करके कार्य करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि शिविरों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लंबित आवेदनों को निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि शिविर दिवस को समस्त आवेदन सत्यापित होने चाहिए। जिला कलक्टर ने डिस्कॉम के अधिकारियों को विद्युत संबंधित समस्याओं को त्वरित निस्तारित करने के साथ ढ़ीले तारों को ऊंचा करने के साथ ही टेढ़े एवं क्षतिग्रस्त विद्युत खंभों को प्राथमिकता से बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त आयुष्मान कार्डों का वितरण सुनिश्चित करने एवं प्रधानमंत्री वय वन्दन योजना के लाभान्वितों के भी कार्ड जारी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड आवश्यक रूप से बनवाए जाए। एनिमिक और कुपोषित बच्चों की जांच करने के साथ सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन कराए। दिव्यांगों के ऑफलाईन प्रमाण पत्रों को ऑनलाईन करने की कार्यवाही शिविर के दौरान करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पात्र व्यक्तियों को राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर टीना डाबी ने मंगलवार को बेरीवाला तला एवं कुड़ला ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने शिविर में संपादित किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान बेरीवाला सरपंच खरथाराम समेत विभिन्न जन प्रतिनिधिगण, विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# चिचड़ासर में आम रास्ते का लाभ मिला, ग्रामीणों ने आभार जताया

नमस्कार नेशन

**बाड़मेर,** सेड़वा उपखंड में मंगलवार को ग्राम पंचायत चिचड़ासर, पांडरवाली , अरटी और बामडला डेर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आयोजित हुए। इस दौरान चिचड़ासर में खातेदारी भूमि में आम रास्ते के लिए भूमि का समर्पण करवाया गया। सेड़वा उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने ग्राम पंचायत चिचड़ासर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने 16 विभागों की योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक योजना के अधिकतम 5-5 लाभार्थियों के नाम उनके मोबाइल नंबर सहित निर्देशानुसार शिविर प्रगति प्रतिवेदन में भरने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उपखंड अधिकारी विश्नोई की पहल पर ग्रामीणों ने बांधनिया सड़क से गोदारों की ढाणी तक एक किमी खातेदारी भूमि का राजपक्ष में समर्पण कर आम जनता को सार्वजनिक रास्ते का लाभ दिया। ग्रामीणों ने चिचडासर से शोभाला दर्शान और करमाणियों की ढाणी तक डामर सड़क निर्माण की मांग की। इस पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता खियाराम को प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिए। इससे पूर्व शिविर में उपस्थित उपखंड स्तरीय अधिकारियों ने शिविर की गतिविधियों और कार्यों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देकर लाभान्वित किया। शिविर में कई पशुपालकों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लाभ दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक तथा सैकड़ों लाभार्थी भी मौजूद रहे। सेड़वा में बुधवार को ग्राम पंचायत रोहिला, आकल, बोली और नवापुरा में शिविर आयोजित होंगे।